संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, रविवार 15 जून 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 163 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## विमान हादसे में अब तक 270 लोगों की मौत

- अब तक 9 शवों की पहचान हो चुकी है। समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट देगी।
- भारतीय नागरिक उड्डयन सेक्टर को किस तरह से ज्यादा सुरक्षित बनाया जाए, इसके लिए भी सिफारिश करेगी।
- भारतीय उड्डयन सेक्टर को सुरक्षित बनाने का रोडमैप होगा।

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में मौत की संख्या 270 पहुंच चुकी है। केंद्र सरकार ने हादसे के कारण की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन का एलान किया है, जिसकी अध्यक्षता गृह सचिव करेंगे। जानकारी के मुताबिक, अब तक 9 शवों की पहचान हो चुकी है। समिति तीन महीने में अपनी रिपोर्ट देगी।

समिति सिर्फ एआइ-171 विमान हादसे की जांच ही नहीं करेगी बल्कि भविष्य में इस तरह की दूसरी दुर्घटना ना हो और भारतीय नागरिक उड्डयन सेक्टर को किस तरह से ज्यादा सुरक्षित बनाया जाए, इसके लिए भी सिफारिश करेगी।

समिति घरेलू विमानन कंपनियों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी तय करेगी और भारत सरकार इन मानकों के आधार पर एक लिखित निर्देश जारी करेगी जो एक तरह से भारतीय उड्डयन सेक्टर को सुरक्षित बनाने का रोडमैप होगा।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हादसे को लेकर क्या कहा?

दरअसल, हादसे की वजह अभी तक सामने नहीं आई है। विमान हादसे को लेकर शनिवार को नागरिक उड्डयन मंत्रालय के सचिव समीर कुमार सिन्हा ने पूरी घटना का विवरण साझा किया है।

समीर कुमार सिन्हा के मुताबिक, इस विमान ने 1:39 बजे रनवे से उड़ान भरी। 650 फीट के बाद विमान में कुछ खराबी आ गई और विमान ऊंचाई नहीं पकड़ पाया।





### ग्वालियर के एमबीबीएस छात्र का हुआ अंतिम संस्कार

**ग्वालियर।** अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वाले ग्वालियर के एमबीबीएस छात्र आर्यन राजपूत का पार्थिव शरीर शुक्रवार देर रात अहमदाबाद से ग्वालियर के जिगसौली गांव पहुंचा तो पूरे गांववासियों की आंखे नम हो गयीं। वहीं, माता-पिता बेसुध हो गए। शनिवार को आर्यन का गांव में अंतिम संस्कार किया गया। आर्यन के अंतिम संस्कार में कांग्रेस विधायक साहब सिंह, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह राजपूत, कांग्रेस प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा भी अंतिम यात्रा में सहित भाजपा व कांग्रेस कई नेता मौजूद थे। इस दौरान आसपास के साथ ही दूर-दराज के इलाकों से लोग भी पहुंचे।

### एअर इंडिया ने भी की मुआवजा देने की घोषणा

**मुंबई:** अहमदाबाद विमान हादसे को लेकर एअर इंडिया ने शनिवार को एलान किया कि मृतकों के परिवारों को 25 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। यह राशि टाटा संस की ओर से पहले से घोषित 1 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि के अतिरिक्त होगी। यह हादसा गुरुवार को अहमदाबाद अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद हुआ। इस हादसे में कम से कम 270 लोगों की जान चली गई। 'हर संभव मदद देंगे, हर कोशिश में जुटे हैं' एअर इंडिया के सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर कैंपबेल विल्सन ने एक वीडियो संदेश में कहा, "हम तुरंत आर्थिक सहायता के लिए मृतकों के परिवारों और बचे हुए लोगों को 25 लाख रुपये देंगे।

## विकसित भारत के लिए नई शिक्षा नीति सहायक

- विश्वविद्यालयों को आशय पत्र प्रदान किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को मुंबई में कहा कि विकसित भारत के लिए नई शिक्षा नीति सहायक साबित होगी। मुंबई सपनों का शहर है और देश की आर्थिक राजधानी भी। ऐसे में यहाँ पाँच विदेशी विश्वविद्यालयों का आना शिक्षा हब के रूप में शहर की छवि को और मजबूत करेगा। केंद्रीय मंत्री ने आज यहां इन पांच अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को आशय पत्र प्रदान किया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नई शिक्षा नीति से विदेशी विश्वविद्यालय भारत में आ सकेंगे और भारतीय संस्थाएँ विदेश में अपनी शाखाएँ खोल सकेंगी। आईआईटी, आईआईएम, आईसएसएफ और सिम्बायोसिस जैसी संस्थाएँ विदेशों में भी फैल रही हैं। ऐसे निर्णय भारत को विकसित और शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। आज यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन (यूके), वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया विश्वविद्यालय (ऑस्ट्रेलिया), यॉर्क विश्वविद्यालय (यूके), इलिनॉय इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (अमेरिका) और इस्तितुतो यूरोपीओ दी डिजाइन इटली को आशय पत्र दिया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि विश्वविद्यालय का पहला शैक्षणिक हब मुंबई और नवी मुंबई में स्थापित किया जा रहा है। अब भारतीय छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने की आवश्यकता नहीं रहेगी क्योंकि राज्य सरकार ने आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत पाँच विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ आशय पत्र प्रदान किए हैं।

**शिक्षा नीति**

- विदेशी विश्वविद्यालयों का आना शिक्षा हब के रूप में शहर की छवि को और मजबूत करेगा

## मनोहर से अंबाला-चण्डीगढ़ के बीच मेट्रो का किया आग्रह



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने शनिवार को केन्द्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल से नई दिल्ली में मुलाकात की।

इस दौरान विज ने केन्द्रीय मंत्री से अंबाला से चण्डीगढ़ के बीच मेट्रो रेल लाइन का आग्रह किया। मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए विज ने कहा कि चण्डीगढ़ में यूटी प्रशासन है और पंजाब व हरियाणा की राजधानी भी है। इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। इस पर केन्द्रीय मंत्री ने इस विषय पर त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

**आश्वासन**

- अनिल विज ने केन्द्रीय ऊर्जा और आवासन एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात की।

उन्होंने कहा कि अंबाला-चंडीगढ़ सड़क पर अब यातायात बहुत ज्यादा हो गया है। चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश होने के साथ-साथ हरियाणा व पंजाब की राजधानी भी है जहां से सैकड़ों लोग रोज आते-जाते हैं। उन्होंने बताया कि सड़क के अलावा अन्य वैकल्पिक आवागमन सुविधा भी यात्रियों के लिए होनी चाहिए।

## इजरायल-ईरान संघर्ष पर एससीओ के बयान से भारत ने किया किनारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत ने इजरायल-ईरान संघर्ष के बारे में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की ओर से जारी वक्तव्य से किनारा कर लिया है। भारत का कहना है कि इसपर पहले ही वे अपनी स्थिति स्पष्ट कर चुका है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को वक्तव्य में कहा कि भारत ने अपनी स्थिति के बारे में अन्य एससीओ सदस्यों को सूचित कर दिया था। इसे ध्यान में रखते हुए भारत ने एससीओ वक्तव्य पर हुई चर्चा में भाग नहीं लिया। एससीओ की ओर से जारी वक्तव्य में इजरायल के हमले की निंदा की गई है। इसमें कहा गया है कि सदस्य देश मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हैं और 13 जून को ईरान के क्षेत्र पर इजरायल द्वारा किए गए सैन्य हमलों की कड़ी निंदा करते हैं।



विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस मामले पर भारत की स्थिति को 13 जून स्पष्ट कर दिया गया था और हम अब भी इसपर कायम हैं। हम आग्रह करते हैं कि तनाव कम करने के लिए बातचीत और कूटनीति के माध्यमों का उपयोग किया जाना चाहिए।

## मोहन यादव 16 जून को लाडली बहनों के खातों में अंतरित करेंगे राशि

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के बरगी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। डॉ. यादव प्रदेश की एक



करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपए अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किस्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रुपए की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री कार्यक्रम में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि अंतरित करेंगे।

साथ ही मुख्यमंत्री 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपए की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव संबल योजना में 6821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ रुपये की





हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को फतेहाबाद में गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना के निरीक्षण के दौरान न्यूक्लियर पॉवर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के अधिकारी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। साथ में है केन्द्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल।

## किसान का बेटा बना सेना में लेफ्टिनेंट, हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**

**रुड़की।** हरिद्वार जनपद के मंगलौर विधानसभा क्षेत्र के ठसका गांव के युवा तरुण सैनी ने भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए), देहरादून से पासआउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बनकर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया है। गांव में वर्दी में पहुंचे तरुण का वीर योद्धा की तरह स्वागत किया गया। शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड में तरुण सैनी ने कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र के प्रति समर्पण की शपथ ली। इसके बाद जैसे ही वे



अपने गांव पहुंचे, दिल्ली रोड स्थित चौधरी चरण सिंह चौक से लेकर उनके निवास स्थान तक देशभक्ति नारों और फूलों की वर्षा के बीच स्वागत यात्रा निकाली गई। रास्ते भर गांव के बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे "भारत माता की जय", "वंदे मातरम और "जय जवान" के नारों से माहौल गूंजा उठे। लेफ्टिनेंट तरुण सैनी के पिता

**शपथ**

- पासिंग आउट परेड में तरुण सैनी ने कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र के प्रति समर्पण की शपथ ली।

बीरेंद्र सिंह सैनी व माता विनीता सैनी साधारण किसान परिवार से हैं। बेटे की यह ऐतिहासिक उपलब्धि उनके वर्षों के त्याग, अनुशासन और प्रेरणा की मिसाल है।

## नीट यूजी-2025 का रिजल्ट जारी, महेश केसवानी ने किया टॉप

**कोटा/नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) नई दिल्ली की ओर से देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी-2025 का परीक्षा परिणाम शनिवार सुबह जारी कर दिया गया। परीक्षा में 22 लाख से अधिक स्टूडेंट्स बैठे थे। इनमें से 12.36 लाख स्टूडेंट्स क्वालिफाइ हुए हैं। राजस्थान के हनुमानगढ़ निवासी महेश केसवानी ने 720 में से 686 नंबर हासिल कर टॉप किया है। इंदौर के उत्कर्ष





अवधिया की द्वितीय और महाराष्ट्र के कृषांग जोशी की तृतीय रैंक आई है। टॉप 10 में केवल दिल्ली की अविका अग्रवाल को फीमेल कैटेगरी में पहला स्थान मिला है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट पारिजात मिश्रा ने बताया कि जनरल तथा

## सुरक्षा बलों का बड़ा अभियान, घाटी जिलों में हथियार बरामद

- मणिपुर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने बताया 13 और 14 जून की रात शुरू हुआ अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल :** मणिपुर में हिंसा पर काबू पाने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए चलाए गए एक बड़े अभियान में सुरक्षा बलों ने 328 हथियार बरामद किए हैं। यह तलाशी अभियान मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीमों ने घाटी के पांच जिलों में चलाया।

मणिपुर पुलिस के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ल्हारी दोरजी ल्हातू ने बताया कि यह अभियान 13 और 14 जून की रात को शुरू किया गया था। उन्होंने बताया, संवेदनशील पांच घाटी जिलों के बाहरी क्षेत्रों में खुफिया जानकारी के आधार पर यह अभियान चलाया गया था।

अभियान के दौरान 151 एसएलआर राइफल, 65 इनसास राइफल, 73 अन्य प्रकार की राइफलें, 5 कार्बाइन गन, 2 एमपी-5 गन समेत भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और युद्धक सामग्री बरामद की गईं।

उन्होंने इसे शांति बहाली की दिशा में एक "महत्वपूर्ण सफलता" करार दिया और कहा कि इससे राज्य में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। इससे पहले, भारतीय सेना और असम राइफल्स ने 'स्पीयर कॉर्प्स' के तहत मणिपुर पुलिस, सीआरपीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के साथ मिलकर 26 मई से 5 जून के बीच कांगपोकपी, थौबल, ककचिंग, तेंगनौपाल, बिष्णुपुर, जिरीबाम, इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में भी खुफिया सूचनाओं पर आधारित अभियान चलाया था।

**हादसा**

*शवों की पहचान के लिए परिजनों से डीएनए सैंपल लिए जाने तेजी आई है। नेशनल फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी में भी दिन-रात काम चल रहा है*

## विमान के पिछले हिस्से से एयर होस्टेस का शव मिला, 4 एमबीबीएस छात्रों की मौत की पुष्टि

**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद।** हादसे के तीसरे दिन शनिवार सुबह दुर्घटनाग्रस्त विमान के पिछले हिस्से से एक एयर होस्टेस का शव मिला है। दुर्घटनाग्रस्त विमान जिस हॉस्टल की छत से टकराया, हादसे के समय वहां मौजूद रहे 4 एमबीबीएस छात्रों की मौत की पुष्टि भी हुई है। हादसे के शिकार लोगों के शवों की पहचान के बाद परिजनों को सौंपे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शवों की पहचान के लिए परिजनों से डीएनए सैंपल लिए जाने में भी काफी तेजी आई है। विमान हादसा स्थल पर राहत कार्य तीसरे दिन भी जारी है। इसके लिए काफी संख्या में राहतकर्मियों की टीम मौके पर लगातार काम कर रही है। इस दौरान आज सुबह अहमदाबाद फायर ब्रिगेड की टीम ने बचाव उपकरणों की मदद से क्षतिग्रस्त विमान के पिछले हिस्से का मलबा काट कर एक युवती

**प्रक्रिया**

- अहमदाबाद नगर निगम के जन्म एवं मृत्यु विभाग के अधिकारियों ने पोस्टमार्टम भवन की सारी व्यवस्था



का शव बरामद किया, जिसके एयर होस्टेस होने का अनुमान है। हॉस्टल की छत पर क्षतिग्रस्त विमान का हिस्सा गिरने से उस समय वहां मौजूद 4 एमबीबीएस छात्रों की मौत की पुष्टि हो गई है। दुर्घटना के शिकार हुए यात्रियों के शवों की पहचान और शवों को संबंधित के परिजनों को सौंप जाने की प्रक्रिया आज से शुरू कर दी गई है। अभीतक हादसे में जान गंवाने वालों में 270 शवों का पोस्टमार्टम अभीतक हो चुका है। 8 शवों की पहचान के बाद शव उनके परिजनों को सौंप दिए गए। परिजनों को शव सौंपे जाने को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं। इसके लिए राज्य के विभिन्न जिलों से शव वाहन, एंबुलेंस और आईसीयू ऑन व्हील्स मंगवाए गए हैं। सिविल अस्पताल में 192 एंबुलेंस और शव वाहन स्टैंडबाय पर हैं और उनके ड्राइवरों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। शव लेने पोस्टमार्टम भवन आने वाले परिजनों को वहीं मृत्यु प्रमाणपत्र भी दिया जा रहा है। अहमदाबाद नगर निगम के जन्म एवं मृत्यु विभाग के अधिकारियों ने पोस्टमार्टम भवन में ही सारी व्यवस्था कर रखी है। जिन लोगों का शव लिया जा रहा है, उन्हें तुरंत मृत्यु प्रमाणपत्र दे दिया जाता है।

गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया कि डीएनए सैंपल लिए जाने की प्रक्रिया लगातार चल रही है और फॉरेंसिक विशेषज्ञ तीन दिनों से लगातार काम कर रहे हैं। नेशनल फॉरेंसिक यूनिवर्सिटी में भी दिन-रात काम चल रहा है। कोशिश है कि प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी हो जाए।

# रक्त की कोई जात, धर्म या मजहब नहीं होता, ये मानवता का प्रतीक: प्रो. करतार सिंह धीमान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का कार्य है,बल्कि यह सामाजिक समरसता और मानवता का प्रतीक भी है। रक्त की कोई जात,धर्म या मजहब नहीं होता। यह महादान हमें भेदभाव मिटाने का संदेश देता है और एकजुटता की भावना को मजबूत करता है। वे शनिवार को आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान (आयुर्वेदिक अस्पताल) में विश्व रक्तदाता दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। कुलपति ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान जैसे पवित्र कार्यों में समाज के हर वर्ग को आगे आना चाहिए,क्योंकि यही वह मंच है जहां इंसानियत सबसे ऊपर होती है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 25 यूनिट ब्लड एकत्रित किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर, अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजेंद्र सिंह, डॉ. कुलजीत कौर, डॉ. मगेश राजामणि, समाजसेवी नरेश सैनी, स्टार रक्तदाता प्रशांत कुमार, केयू से सेवानिवृत्त सहायक कुलसचिव देवेंद्र सचदेवा समेत अन्य मौजूद रहे।




# प्रतिदिन लगाई जा रही है ठंडे पानी की छबील

**टीम एक्शन इंडिया**
**अनिल वर्मा**

**थानेसर :** थानेसर के मुख्य बाजार स्थित सब्जी मंडी के सामने हनुमान मंदिर सभा द्वारा पिछले अप्रैल माह से प्रतिदिन राहगीरों के लिए ठंडे पानी की छबील का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पंडित नरेश कौशिक ने बताया की गर्मी के मौसम में प्यासे लोगों को शीतल जल पिलाने से बहुत पुण्य मिलता है। इस छबील का आयोजन सभा के पदाधिकारियों व आम जनता के सहयोग से किया जा रहा है। पंडित नरेश कौशिक ने बताया कि जून की तपती गर्मी से लड़ने के लिए विभिन्न स्थानों पर बहुत से प्रतिष्ठानों अथवा संस्थाओं द्वारा छबीलो का आयोजन किया जाता है जो केवल एक दिन तक ही सीमित होती है लेकिन प्रभु राम की कृपा से हनुमान मंदिर सभा थानेसर द्वारा पिछले दो माह से भी अधिक समय तक समय से इस मीठे पानी की छबील का आयोजन किया जा रहा है।




# जाट सभा करुक्षेत्र ने मार्शल आर्ट के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अक्षिर सिंह कुश को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : आज जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में जाट सभा के सदस्यों द्वारा स्के मार्शल आर्ट के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अक्षिर सिंह कुश को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जाट सभा के प्रधान कृष्ण श्योकन्द और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

यहां उल्लेखनीय है कि अक्षिर सिंह कुश पिछले दस वर्षों से स्के मार्शल आर्ट का अभ्यास कर रहे हैं और राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर कई प्रतियोगिताओं में भाग है लेकर पदक जीत चुके हैं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC/84 BNSS देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश खत्री पुत्र** जगदीश कुमार, **निवासी** मकान नं0– C-2/93, सेक्टर 5, रोहिणी, दिल्ली और C-4, 14/4, रामा विहार, दिल्ली ने **Case FIR No. 268/2013, U/S 498A/406/34 IPC, पुलिस स्टेशन विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश खत्री** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश खत्री** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **Case FIR No. 268/2013, U/S 498A/406/34 IPC, पुलिस स्टेशन विजय विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **राकेश खत्री** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऐशवर्या शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, प्रथम तल
कमरा नं.106, महिला न्यायालय 01
उत्तर पश्चिम, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/7691/RD/2025
(Court Matter)

# प्राथमिक शिक्षकों का फेस टू प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**निरीक्षण किया**

**शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी व डाइट पलवल से वरिष्ठ प्राध्यापकों ने कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया**

**कुरुक्षेत्र** : आज हरियाणा मिशन के अंतर्गत शिक्षा विभाग हरियाणा की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान खंड थानेसर के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कमल बत्रा के द्वारा खंड के सभी प्राथमिक अध्यापकों के फेस 2 के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। समय-समय पर जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी व डाइट पलवल से वरिष्ठ प्राध्यापकों ने कार्यक्रम का औचक निरीक्षण किया। खंड में सभी प्राथमिक अध्यापकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम का दो फेस में समापन किया गया,जिसमें प्रथम फेस में 346 और द्वितीय फेस में 238 अध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा प्रशिक्षण कार्य पूरा करने पर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्रदान किया गए। खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा सभी प्राथमिक अध्यापकों को प्रशिक्षण के अनुरूप कक्षा कक्ष में दक्षता आधारित शिक्षण के साथ कार्य करने पर बल दिया गया और सभी अध्यापकों को कक्षा कक्ष में सॉस किट का उपयोग करने पर बल दिया गया जिससे बच्चों के शिक्षण को और भी अधिक स्थायित्व रूप में लेकर जाया जा सके। प्रधानाचार्य राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानेसर ने सभी अध्यापकों से प्रशिक्षण का फीडबैक लिया और शिक्षक संदर्शिका के अनुरूप कक्षा में पढ़ाई करवाने के लिए सभी अध्यापकों को प्रोत्साहित किया गया। खंड एफ एल एन कॉर्डिनेटर श्रीमती मोनिका शर्मा ने बताया कि सभी प्राथमिक अध्यापकों के 5-5 दिवसीय प्रशिक्षण में राष्ट्रीय पाठ्य चर्चा की रूपरेखा के अनुरूप पाठ्य पुस्तक में हुए बदलाव से सभी अध्यापकों को अवगत करवाना था।

# आर्य कॉलेज में मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) स्थानीय** ब्लड बैंक सिविल अस्पताल एवं रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित रेड क्रॉस ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय आर्य कॉलेज मे शनिवार को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे 55 यूनिट रक्त भी एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रक्तदान शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में शहर की 50 से ज्यादा संस्थाओं को सम्मानित भी किया गया। सम्मान मे सभी को प्रशंसा पत्र, पौधे व समृति चिह्न दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने शहर की सभी समाज सेवी संस्थाओ को संबोधित करते हुए कहा कि रक्त का कोई विकल्प नहीं है,इसे किसी भी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। किसी भी क्षेत्र में पानीपत के समाज सेवी संस्थाएं पीछे नहीं रहती और जब बात रक्त की आती है तो रक्तदान में भी पानीपत की सभी समाज सेवी संस्थाएं बढ़-चढ़कर भाग लेती हैं।

# महिला का शव फंदे पर लटका मिला

**रोहतक।** चिन्योट कालोनी में स्थित एक घर में महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका हुआ मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई भेज दिया। एफएसएल की टीम ने भी घटना स्थल का निरीक्षण कर इस बारे में पता किया। बताया जा रहा है कि महिला अपने पति व दो बच्चों को छोडकर अलग किराये के मकान में रहती थी। पुलिस के अनुसार शनिवार को चिन्योट कालोनी स्थित एक मकान में महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। टना का पता उस वक्त लगा जब पड़ोस की महिला घर पहुंची तो देखा कि शीला का शव फंदे पर लटका हुआ है। घटना के बाद काफी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। इसी बीच सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इस बारे में पता किया। सूचना मिलने पर महिला का पति गांव बलियाना निवासी राजकुमार भी मौके पर पहुंचा और शव की शिनाख्त की।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 27/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : समइं/मथुरा के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत सोनाई, गंज डुंडवारा, सिकन्दरा राव, हाथरस सिटी एवं मथुरा कैंट यार्डों (कुल = 5 यार्ड) में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य (समइं/मथुरा के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत फर्रूखाबाद-मथुरा अनुभाग में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 10,11,80,552.15, बयाना राशि रूपयों में : रू. 6,55,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्र.सं. 2.** कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन में समइं/ लाइन/ इज्जतनगर अनुभाग के अन्तर्गत भोजीपुरा, पंतनगर, किच्छा, देवरनियाँ एवं बहेडी में यार्ड इम्परूवमेन्ट का कार्य।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 6,34,34,147.64, बयाना राशि रूपयों में : रू. 4,67,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **क्र.सं. 3.** कार्य का विवरण : 1. इज्जतनगर डिवीजन में समइं/लाइन/इज्जतनगर अनुभाग के अन्तर्गत बदायूँ, उझानी, एवं मकरन्दपुर में यार्ड इम्परूवमेन्ट का कार्य। 2. भोजीपुरा-लालकुआँ (26 सेटस) एवं भोजीपुरा-कासगंज (67 सेटस) एस.ई.जे. बेहतर एस.ई.जे. का नवीनीकरण (26 सेटस)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,89,08,628.49, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,44,600/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। **क्र.सं.4.** कार्य का विवरण : समइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत बिल्हौर, कन्नौज, खुदागंज, कमालगंज, फतेहगढ़, कायमगंज, कम्पिल रोड एवं दरयाव गंज यार्डो (कुल 8 यार्ड) में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य (समइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत फर्रूखाबाद-मथुरा अनुभाग में यार्ड इम्परूवमेन्ट एवं अपग्रेडेशन का कार्य के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत)।, अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 14,22,38,689.00, बयाना राशि रूपयों में : रू. 8,61,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 07.07.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखें। **मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),**
**मुजाधि/डब्लू - 115** **इज्जतनगर**
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नन्दू** पुत्र **जयराम** निवासी **डब्ल्यूजेड–75, दसघरा, इन्द्रपुरी, दिल्ली** ने case **FIR No. 406/2023 U/s 380/454/411/34 IPC, थाना राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **नन्दू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नन्दू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 406/2023 U/s 380/454/411/34 IPC, थाना राजेन्द्र नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नन्दू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 21.08.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
कमरा नं. 150
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7384/CD/2025(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमित पुत्र** श्री जलजीत सिंह **निवासी:** ई-312, मंगोलपुरी, दिल्ली ने **FIR No. 1184/19 U/s 21(A), NDPS Act. थाना: मंगोलपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमित** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1184/19 U/s 21(A), NDPS Act. थाना: मंगोलपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अमित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
रितिका जैन
जेएमएफसी, कमरा नं. 105
(उत्तर पश्चिम), रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/7660/OD/2025
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 बीएनएसएस देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ललित कुमार पुत्र हरि किशन निवासी गली नं. 1, महल कॉलोनी, बनथाला, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश तथा अमित उर्फ पिस्तौल पुत्र राजेश निवासी मकान नं. 382, गली नं. 02 महल कॉलोनी, बनथाला, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश** ने **Case FIR No. 1517/2018, U/S 411 IPC, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नही रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्षित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गयें है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहें है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **Case FIR No. 1517/2018, U/S 411 IPC, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ललित कुमार एवं अमित उर्फ पिस्तौल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
शाहदरा, कमरा नं.–19
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/7448/NE/2025 (Court Matter)

**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी हेतु सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे, रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षों के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:–

| क्रम संख्या | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 30/06/2025 को 10:30 बजे | 03256 (F1), 12060 (F1) (सोमवार और मंगलवार), 12148 (R1), 12350 (F1), 12878 (F1), 13430 (F1), 15484(F1), 20946 (F1), 22412 (F1), 22812 (F1) |
| 2. | 01/07/2025 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में-12454/12453, 20408/20407 |
| 3. | 02/07/2025 को 10:30 बजे | 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 12876 (F1), 12918 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14681 (F1), 20473 (F1 & R1), 20914 (F1), 22168 (F1 & F2), 22438 (F1). |

महत्वपूर्ण सूचना :– 1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning centre.html. (e-Auction leasing section) पर जाने की सलाह दी जाती है। 2. निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें संशोधित रिजर्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है: a. 12918 (F1). 3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओ/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इनके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमो और शर्तों के साथ इन निविदाओ अथवा अनुबंधों के बीच मे ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध मे, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है। 1770/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बार एसोसिएशन, खरखौदा द्वारा शराब की दुकान खुलने का किया विरोध




**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा /सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** बार एसोसिएशन, की और से शनिवार को एक गंभीर और सशक्त प्रतिवेदन हरियाणा के माननीय मुख्यमंत्री, उपायुक्त सोनीपत, उपमंडल मजिस्ट्रेट खरखौदा, तथा माननीय अवकाश न्यायाधीश (प्रशासनिक पक्ष), खरखौदा को सौंपा गया। यह प्रतिवेदन कोर्ट परिसर, खरखौदा के सामने प्रस्तावित शराब की दुकान के खुलने के खिलाफ दिया गया। जिसमें यह बताया गया कि कोर्ट परिसर के पास शराब की दुकान खुलना न केवल न्यायिक गरिमा, बल्कि सामाजिक व्यवस्था और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। शराब दुकान से कोर्ट परिसर की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बाधित हो सकती है। महिलाओं, बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और अन्य कमजोर वर्गों के लिए असुरक्षित माहौल उत्पन्न होगा। न्यायालय के पवित्र वातावरण में विघ्न और अनुशासनहीनता आ सकती है। शराब की दुकान असामाजिक तत्वों का अड्डा बन सकती है, जिससे झगड़े, छेड़छाड़ और अपराध की संभावना रहेगी।

क्षेत्र में पहले से ही यातायात का दबाव है, शराब दुकान से जाम और आपात सेवाओं में बाधा उत्पन्न हो सकती है। यह प्रस्ताव जनहित, सामाजिक नैतिकता और न्यायिक गरिमा के प्रतिकूल है। अध्यक्ष एवं महासचिव बार एसोसिएशन, खरखौदा जिला सोनीपत, हरियाणा ने प्रशासन से मांग की हैं कि प्रस्तावित शराब दुकान को तुरंत निरस्त किया जाए। कोर्ट परिसर से 500 मीटर की परिधि में किसी भी शराब दुकान को अनुमति न दी जाए।

# विमान दुर्घटना हृदय विदारक : मिहा सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**दुखदाई घटना**

**महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट की तरफ से उन सभी क्षतिग्रस्त पुण्य आत्माओं को देते हैं**

**कुरुक्षेत्र** : अहमदाबाद में प्लेन क्रैश की घटना बहुत ही दुखदाई घटना हुई इस घटना से पूरे विश्व को आघात पहुंचा है। बहुत बड़ी क्षति हुई जिसमें छोटे-छोटे बच्चे और मातृशक्ति, बुजुर्ग और युवा साथियों और कर्मचारियों का जीवन के साथ घटी है। महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा विकास ट्रस्ट की तरफ से उन सभी क्षतिग्रस्त पुण्य आत्माओं को श्रद्धांजलि देते हैं। ट्रस्ट के अध्यक्ष मिहा सिंह रंगा और महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वीटी रंगा ने कहा कि हम भगवान से प्रार्थना करते हैं और पीछे जो परिवारों पर ,समाज पर ,देश पर बहुत बड़ा दुख संकट आया है उसको सहन करने की शक्ति दे। आज अमर कॉलोनी लाडवा रोड पिपली कुरुक्षेत्र में छोटे-छोटे बच्चों व मातृशक्ति शकुंतला सुमन, रेनू ,स्वीटी रंगा, पूजा ,महक रिशाली देवी, अनंत, मिशिका अंशिका, कृतिका, लेविन, रूही मीरा, पूजा सेजल,ने मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी।

# क्लासीफाइड

**Public Notice**

Notice is hereby given to the public at large that Allotment Letter & Agreement for Sale of Residential Plot No. A5-264 in 'Alpha Atulyam' situated at Village Kailash, Sector-28 and 28A, Karnal, Distt. Karnal, Haryana, allotted in the name of Mrs. Ritu W/o Sh. Sandeep has been reported lost/misplaced vide FIR No. 132310532500819 and application has been made him/her to the Developer / Company for issuance of Certified True/Duplicate Copy of the Allotment Letter & Agreement for Sale.

The Company hereby invites claims or objections (in writing) from any person(s) having any issue in regard to the issuance of Certified True/Duplicate Copy of Allotment Letter & Agreement for Sale of the aforesaid plot, may file their objections along with supporting documents before the undersigned within the period of 14 (fourteen) days from the publication of this notice, failing which, it shall be construed that there are no claims/objections of any sort over the issuance of the aforesaid document and the Company shall proceed forward.

Mr. Keshav Singh
Manager - Commercial
Alpha Corp Development Limited
602, 6th Floor, Tower-J, World Trade Centre,
Ring Road, Nauroji Nagar, New Delhi-110029
M +91 8295608877
Email ID keshav.s@alphacorp.in

**खोया-पाया**

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**बेदखली सूचना**

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

**बेदखली सूचना**

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**बेदखली सूचना**

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हू व संबंध विच्छेद करता हू।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

**सूचना**

खण्ड राई जिला सोनीपत की ग्राम पंचायत मल्ला माजरा में एक सफाई कर्मचारी नियुक्त किया जाना है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति उक्त पद पर नियुक्ति के लिए ग्राम पंचायत मल्ला माजरा के पास अपना आवेदन दिनांक 18 जून से 24 जून तक ग्राम सचिवालय में आवेदन जमा करवा सकते है। आवेदन करता शारीरिक व मानसिक रूप से सक्षम और दसवीं पास होना चाहिए।

सरपंच
सुमन
ग्राम
पंचायत मल्ला माजरा
खण्ड-राई। मोबाइल -9813220880

**खोया-पाया**

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।









# विधानसभा जुलाई तक हो जाएगी पेपरलेस, ई-विधानसभा बनाने के काम का शिलान्यास

केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा- पहले की सरकार में काम करने वाले नहीं थे

**विकास पर बल**

- दिल्ली में रेखा गुप्ता की सरकार आने से तेजी से विकास शुरू हुआ
- सीएम रेखा गुप्ता ने कहा- योग दिवस पर आयोजित होंगे 11 सरकार कार्यक्रम



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा को ई-विधानसभा बनाने की दिशा में शनिवार से काम शुरू हो गया। दिल्ली विधानसभा को पेपर लैस विधानसभा बनाने का शिलान्यास किया गया। इस दौरान विधानसभा केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि दिल्ली विधानसभा जुलाई तक ई-विधानसभा हो जाएगी। उनकी ओर से इस कार्य के लिए पूरा सहयोग दिया जाएगा।

**दिल्ली में काम करने वाली बहुत गुंजाइश है: रिजिजू**

दिल्ली में काम करने की बहुत गुंजाइश है, मगर काम करने वाले अच्छे लोग अभी तक नहीं थे, मैं सोचता था कि दूसरे राज्य आगे बढ़ रहे हैं, मगर दिल्ली पीछे छूट रही है। इसकी वजह थी कि यहां काम करने वाले लोग नहीं थे, अब भगवान ने सुन ली है और दिल्ली में रेखा गुप्ता की सरकार आई है। काम तेजी से शुरू हो चुके हैं, विधानसभा में भी विजेंद्र गुप्ता एक अनुभवी नेता हैं।

**10 से 11 साल बर्बाद न होते तो दिल्ली आगे होती**

बहुत कम समय में उन्होंने इस योजना को जमीन पर उतार दिया है। ई विधानसभा होने से कागज की बचत होगी। विधानसभा का पूरा सिस्टम बदल जाएगा उन्होंने कहा कि अगर दिल्ली के 10 से 11 साल बर्बाद नहीं हुए होते तो दिल्ली बहुत आगे निकल चुकी होती, अब 27 साल बाद रेखा गुप्ता की सरकार आई है, काम तेजी से शुरू हो चुके हैं।

## दिल्ली में गंदगी फैलाने वालों की अब खैर नहीं, रेखा गुप्ता ने कर दिया बड़ा एलान



**नई दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी दिल्ली को स्वच्छ रखने के लिए कड़े कदम उठाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को गंदा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, इन पर सख्त कार्रवाई करने के लिए एक विशेष अध्यादेश लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर की दीवारों को गंदा करना या सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फैलाना किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। सीएम रेखा गुप्ता ने यह भी कहा कि हर दिल्लीवासी को पर्यावरण प्रहरी बनना होगा ताकि शहर को स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके।

कहा कि सरकार अकेले शहर को व्यवस्थित नहीं कर सकती, इसके लिए जनता की भागीदारी जरूरी है। लोगों से अपील की कि वे दिल्ली को साफ-सुथरा रखने में अपना सक्रिय योगदान दें।

**योग दिवस पर होंगे 11 सरकार कार्यक्रम: रेखा गुप्ता**

दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि योग दिवस पर इस बार 11 सरकारी कार्यक्रम कर उनकी सरकार पिछली सरकार के समय में रही कसर पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि जिस योग दिवस को पूरा विश्व अपना रहा है, पिछली सरकार उसे मनाती तक नहीं थी, एक पेड़ मां के नाम लगाने से भी उन्हें परहेज था। मगर उनकी सरकार इस बार 70 लाख पेड़ लगाएगी।

# आतिशी ने अहमदाबाद एयर इंडिया विमान हादसे के घायलों से की मुलाकात

**हालचाल जाना**

- आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सभी डॉक्टरों, प्रशासन, फायर सर्विस और स्थानीय निवासियों को मेरा सलाम



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली/अहमदाबाद।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने शनिवार को अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में एयर इंडिया विमान हादसे में घायल लोगों से मुलाकात की। आतिशी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि सभी डॉक्टरों, प्रशासन, फायर सर्विस और स्थानीय निवासियों को मेरा सलाम। इतनी मुश्किल परिस्थिति में लोगों की मदद करने के लिए सामने आना बहुत पुण्य का काम है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान हादसा हृदयविदारक था। उन्होंने बताया कि इस हादसे में स्थानीय लोगों और मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले लोगों की मृत्यु हो गई। साथ ही गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी मृत्यु हुई। आतिशी ने कहा कि विजय रूपाणी गुजरात में भाजपा के बहुत बड़े नेता थे। उनके असमय निधन से परिवार और गुजरात की भारतीय जनता पार्टी के प्रति आआपा की संवेदना है। उन्होंने घायल लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आआपा के कार्यकर्ता प्रशासन और स्थानीय लोगों की हरसंभव मदद के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान गुरुवार को अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें कुल 242 लोग सवार थे। जिनमें भारत के 169, ब्रिटेन के 53, पुर्तगाल के सात और कनाडा का एक नागरिक था। विमान में 12 चालक दल के भी थे।

# हिट एंड रन मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**काबू**

- साउथ पुलिस ने हिट एंड रन में मौत के मामले में वारदात के चार दिन बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिमी जिले की वसंत कुंज साउथ पुलिस ने हिट एंड रन में मौत के मामले में वारदात के चार दिन बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि पुलिस ने एनएच आठ पर शिव मूर्ति, नई दिल्ली से इफको चौक के बीच लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने के बाद जसोला इलाके से पकड़ा है। उसके पास से दुर्घटनाग्रस्त वाहन भी बरामद कर लिया गया है। आरोपित की पहचान कर्नाटक निवासी बी जिनेंद्र जैन के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, सात जून की सुबह 10 बजे एनएच आठ पर शिव मूर्ति के पास अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने की सूचना मिली। तत्काल घायल को गुरुग्राम स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। सफदरजंग में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान वारदातस्थल के आसपास लगे व वहां से गुजरने वाले सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालकर वाहन की पहचान की गई। वाहन एस मजूमदार नामक महिला के नाम पर पंजीकृत था। पूछताछ में महिला ने बताया कि दुर्घटना के दौरान उनका ड्राइवर गाड़ी चला रहा था।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में वांछित महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स तस्करी के मामले में वांछित महिला तस्कर रेखा को गिरफ्तार किया है। यह महिला वर्ष 2021 में दर्ज एक मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रही थी और उसके खिलाफ कोर्ट द्वारा धारा 82 सीआरपीसी के तहत कार्यवाही भी शुरू की जा चुकी थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने शनिवार को बताया कि हेड कांस्टेबल अजय को सूचना मिली थी कि वांछित आरोपित रेखा सीमा पुरी बस स्टैंड के पास आने वाली है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने महिला को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान रेखा, निवासी न्यू सीमा पुरी के रूप में स्वीकार की।

# एमबीए में प्रवेश के लिए अब 16 जून तक कर सकते है आवेदन

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपीयू) ने शनिवार को कैट 2024 के जरिए एमबीए में प्रवेश के लिए 16 जून तक आवेदन प्रक्रिया को बढ़ा दिया है। इस प्रोग्राम में सीट आवंटन के लिए काउंसलिंग के इस चरण में विकल्प चयन अनिवार्य है।

आईपीयू ने एक निर्देश जारी कर बताया कि एमबीए प्रोग्राम (कोड 101) में कैट 2024 स्कोर के जरिए प्रवेश के लिए, जिन उम्मीदवारों ने पच्चीस सौ रुपये आवेदन शुल्क के रूप में जमा कर रखे हैं। वे इस प्रोग्राम में प्रवेश के लिए आयोजित ऑनलाइन काउंसलिंग के प्रथम चरण के लिए अब 16 जून तक ऑनलाइन विकल्प चयन कर सकते हैं। आईपीयू के जारी निर्देश में कहा गया है कि जिन्होंने अभी तक इस प्रोग्राम के लिए आवेदन नहीं किया है वे अभी भी पच्चीस सौ रुपये ऑनलाइन जमा कर 16 जून तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस काउंसलिंग से जुड़े अन्य निर्देश बाद में जारी किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि 16 जून तक भरे हुए फॉर्म में रीजन, कैटेगरी, रैंक इत्यादि से संबंधित संशोधन किया जा सकता है। इस संदर्भ में विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की दोनों वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।




## हेड कांस्टेबल समेत तीन पुलिसकर्मियों पर आरोप तय

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के तहत एएनटीएफ यूनिट में तैनात हेड कांस्टेबल संजय कुमार समेत तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ रिश्वतखोरी और आपराधिक साजिश के आरोप तय कर कर दिए हैं। विशेष न्यायाधीश शैलेंद्र मलिक ने कहा कि प्रथमदृष्टया पेश किए गए साक्ष्य से यह स्पष्ट होता है कि सभी आरोपितों ने मिलकर आपराधिक साजिश रची। इस साजिश के तहत ही रिश्वत मांगी गई और हेड कांस्टेबल संजय कुमार ने उक्त राशि प्राप्त की।

अदालत ने आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात व भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61 के तहत आरोप तय किए। अदालत ने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा की गई रिकार्डिंग और उसकी ट्रांस्क्रिप्ट (प्रतिलिपि) से भी यह पुष्टि होती है कि हेड कांस्टेबल संजय कुमार ने शिकायतकर्ता की एएसआई किरोरीमल से फोन पर बात कराई, जिसमें किरोरीमल ने शिकायतकर्ता को रिश्वत की राशि हेड कांस्टेबल संजय कुमार को देने के लिए कहा। शिकायतकर्ता ने सीबीआई को शिकायत दी थी कि दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने उसके मित्र सतपाल और मुजाहिद अली के खिलाफ कार्रवाई न करने और मामले में शिकायतकर्ता को न फंसाने के बदले में रिश्वत की मांग की थी।



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेता विपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन पर 19 जून को तालकटोरा स्टेडियम में मेगा जॉब फेयर का आयोजन करेगी।

# रंगदारी मांगने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार



टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गाजीपुर मंडी और आसपास के इलाकों में सक्रिय एक संगठित रंगदारी वसूली गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान रविंदर शर्मा, पवन कुमार और मुस्ताक अली के रूप में हुई है। इनके पास से तीन देसी पिस्तौल, तीन जिंदा कारतूस, एक स्विफ्ट, एक ब्रेजा कार और एक स्कूटी बरामद की गई है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि गिरोह के सदस्य नजफगढ़ और द्वारका इलाके में किसी वारदात को अंजाम देने के लिए आने वाले हैं। सूचना को पुख्ता कर इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में गठित की गई। पुलिस टीम ने काकरोला नाले के पास जाल बिछाया और रविंदर शर्मा को स्विफ्ट कार के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह का मास्टरमाइंड पवन कुमार है, जो व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों से रंगदारी वसूलता था। गिरोह के सदस्य ऑनलाइन पेमेंट, नकद व धमकी के माध्यम से पैसे वसूलते थे। पवन कुमार और मुस्ताक अली ने मिलकर कई लोगों को गिरोह में शामिल किया और मेवात से हथियार मंगवाकर उन्हें बांटा। यह गिरोह रात में पशु व्यापारियों की गाड़ियों को रोकता और उन्हें हथियार दिखाकर धमका कर अवैध वसूली करता था।

## मेट्रो में चोरी करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की मेट्रो यूनिट ने मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन से महिला का बैग चोरी करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने 8 जून को मंडी हाउस मेट्रो स्टेशन पर एक महिला का बैग चोरी किया था। जिसमें 15,000 नकद, 3 एटीएम कार्ड, ईयरबड्स और मेडिकल दस्तावेज थे। इस संबंध में 11 जून को सुप्रीम कोर्ट मेट्रो थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान मेट्रो पुलिस ने विभिन्न मेट्रो स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की।

# छात्रों के अभिभावकों ने फीस वृद्धि के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका के 32 छात्रों के नाम काटने के विवाद पर अभिभावकों ने शनिवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों ने अपने बच्चों के अधिकारों के लिए न्याय और जवाबदेही की मांग की। अभिभावकों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह विरोध प्रदर्शन बच्चों के साथ हो रहे उत्पीड़न, अवैध फीस वृद्धि और शिक्षा निदेशालय के निर्देशों की अवहेलना के खिलाफ सरकार के हस्तक्षेप की मांग के लिए किया जा रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि उच्च न्यायालय ने छात्रों के निष्कासन को रद्द कर उन्हें फिर से स्कूल में शामिल करने का आदेश दिया था। लेकिन डीपीएस द्वारका ने अब तक छात्रों को न तो क्लास में दाखिल होने दिया, न ही होमवर्क दिया और न ही शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल किया। अभिभावकों का आरोप है कि प्रभावित छात्रों को उनकी कक्षाओं तक पहुंचने से वंचित किया जा रहा है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में फैसला सुनाया कि जिन छात्रों के नाम बढ़ी हुई फीस का भुगतान न करने के कारण स्कूल से हटा दिए गए थे। उन्हें कक्षाओं में भाग लेने की अनुमति दी जानी चाहिए। एक अभिभावक ने कहा कि डीपीएस द्वारका स्कूल में बच्चों का शोषण हो रहा है। उसके खिलाफ हम लोग प्रदर्शन करने आए हैं। डीपीएस द्वारका उच्च न्यायालय और सरकार के किसी ऑर्डर को नहीं मान रहा है।



**विरोध**

- दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) द्वारका के 32 छात्रों के नाम काटने के विवाद पर अभिभावकों ने शनिवार को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया

## सेंट्रल विस्टा की तीसरी मंजिल में लगी आग

**नई दिल्ली।** जनपद रोड स्थित सेंट्रल विस्टा परियोजना के तहत निर्माणाधीन एक इमारत की तीसरी मंजिल में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस के अलावा दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

फिलहाल पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी के अनुसार सेंट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन इमारत के तीसरी मंजिल पर आग लगी थी।

# ठगी के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**ठगी**

- महंगे उपहार भेजने का झांसा देकर कस्टम क्लीयरेंस के नाम पर उनके खातों से लाखों रुपये ठग लेता था

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** उत्तरी जिले की साइबर सेल ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक नेपाली नागरिक भी शामिल है। यह गिरोह भोले-भाले लोगों को महंगे उपहार भेजने का झांसा देकर कस्टम क्लीयरेंस के नाम पर उनके खातों से लाखों रुपये ठग लेता था। पुलिस के मुताबिक बुराड़ी निवासी महिला ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने शिकायत में बताया कि उन्हें फेसबुक पर एक अजनबी ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और खुद को यूनाइटेड किंगडम का नागरिक बताया। धीरे-धीरे व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू हुई और फिर आरोपित ने महिला को जन्मदिन पर उपहार भेजने का लालच दिया। बाद में बताया गया कि उपहार कस्टम में फंस गए हैं और छुड़ाने के लिए 1.10 लाख की जरूरत है। महिला ने बताए गए अकाउंट में पैसे भेज दिए।

# विक्की सन्यासी गैंग का वांछित बदमाश गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने विक्की सन्यासी गैंग के कुख्यात अपराधी और दो गंभीर मामलों में भगोड़े अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव बदनौली हापुड़, उप्र निवासी संसार पाल सिंह उर्फ बबलू (35) के रूप में हुई है। वह वर्ष 2019 से फरार चल रहा था और अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किया जा चुका था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा ने शनिवार को बताया कि आरोपित संसार पाल सिंह के खिलाफ वर्ष 2017 में पालम गांव थाना क्षेत्र में दो संगीन मामले दर्ज किए गए थे। एक मामले में उस पर हत्या के प्रयास का आरोप है, जबकि दूसरे मामले में वह एक दुकानदार से जबरन वसूली करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में वांछित था। डीसीपी के अनुसार क्राइम ब्रांच ने भगोड़े बदमाशों को पकड़ने का अभियान चलाया हुआ है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच में कार्यरत हेड कांस्टेबल सोनू को सूचना मिली थी कि आरोपित उप्र के हापुड़ क्षेत्र में छिपा हुआ है। सूचना को पुख्ता कर एक टीम गठित की गई। टीम ने हापुड़-मोदीनगर रोड पर जाल बिछाकर आरोपित को योजनाबद्ध तरीके से गिरफ्तार किया। जांच में पता चला है कि आरोपित वर्ष 2015 में दिल्ली आया था और आईजीआई एयरपोर्ट पर ग्राउंड वर्कर के रूप में काम कर रहा था। यहीं उसकी मुलाकात कुख्यात गैंगस्टर विक्की सन्यासी से हुई और उसने उसका साथ पकड़ लिया। फरवरी 2017 में वह विक्की और अन्य साथियों के साथ एक प्रतिद्वंद्वी पर फायरिंग करने गया और फिर एक मॉल के मैनेजर से वसूली की धमकी दी। इसके बाद वह फरार हो गया और उत्तराखंड व अन्य स्थानों पर ड्राइवर का काम करने लगा।



**धमकी**

- फरवरी 2017 में वह विक्की और अन्य साथियों के साथ एक प्रतिद्वंद्वी पर फायरिंग करने गया और फिर एक मॉल के मैनेजर से वसूली की धमकी दी

# सीएम सैनी की सादगी के कायल हुए ग्रामीण





**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फतेहाबाद के गांव गोरखपुर से लुधियाना (पंजाब) जाते समय अनेक गांवों में काफिला रुकवाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। अचानक अपने बीच मुख्यमंत्री को देखकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। ग्रामीण उनके सौम्य स्वभाव व सादगी के कायल हो गए। मुख्यमंत्री ने लोगों का हाल चाल जाना और युवाओं ने उनके साथ सेल्फी भी ली। श्री नायब सिंह सैनी ने अपना काफिला गांव जांडली खुर्द, चंद्रावल, भुना, लहरिया, टिब्बी, कुला, जाखल में रूकवा कर ग्रामीणों का कुशलक्षेम जाना। मुख्यमंत्री ने आम आदमी की तरह ग्रामीणों के बीच खड़े होकर बातचीत की।

लोगों का कहना था कि इस प्रकार मुख्यमंत्री का ग्रामीणों और अपनेपन के भाव के साथ उनसे मिलना उनके मिलनसार व्यक्तित्व की झलक दिखाता है।

**समस्याओं को सुना**
- गांव गोरखपुर से लुधियाना जाते समय मुख्यमंत्री का काफिला अचानक गांव जांडली में रुका
- ग्रामीणों का जाना हालचाल, युवाओं ने ली मुख्यमंत्री के साथ सेल्फी

## सैनी रेवाड़ी में 95 करोड़ रुपये से बने आधुनिक जेल परिसर का करेंगे उद्घाटन

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सुबह 10 बजे रेवाड़ी जिले के फिदेरी गांव में नवनिर्मित अत्याधुनिक जेल परिसर का उद्घाटन करेंगे। यह 95 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई है और लगभग 50 एकड़ क्षेत्र में है। गृह, जेल, आपराधिक जांच एवं न्याय प्रशासन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने बताया कि नया जेल परिसर रेवाड़ी में जेल बुनियादी ढांचे की लंबे समय से चली आ रही कमी को पूरा करेगा। अब तक जिले में केवल 65 कैदियों की क्षमता वाली एक छोटी जेल थी, जिसके कारण 700 से अधिक कैदियों को गुरुग्राम, नारनौल और झज्जर की सुविधाओं में स्थानांतरित किया गया था।

नई जेल को लगभग 1,000 कैदियों को रखने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी तथा क्षेत्र में कैदी प्रबंधन में रसद संबंधी चुनौतियों में कमी आएगी।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि गंभीर अपराधों में शामिल अपराधियों के लिए रोहतक में उच्च सुरक्षा वाली जेल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है तथा राज्य भर में जेल प्रशासन में पेशेवर मानकों को बढ़ाने के लिए हाल ही में करनाल में जेल कर्मचारियों के लिए अत्याधुनिक प्रशिक्षण अकादमी की स्थापना की गई है।

## दो महिलाओं समेत तीन काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम।** हथियारों के बल पर लूट की वारदात को अंजाम देने के तीन आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने एक अवैध पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक लोहे की रॉड व एक बोतल (रेड चिल्ली स्प्रे) बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार को निरीक्षक नरेन्द्र, इंचार्ज अपराध शाखा सेक्टर-43 गुरुग्राम की पुलिस टीम को अपने विश्वसनीय सूत्रों के माध्यम से एक सूचना मिली। सूचना में बताया गया कि नजदीक खुशबू चौक गुरुग्राम पर एक महिलाएं व एक व्यक्ति हथियार के बल पर आने-जाने वालों के साथ लूटपाट करने की कोशिश में हैं। पुलिस टीम ने इस सूचना पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए एक विशेष पुलिस टीम गठित की। सूचना में बताए गए स्थान पर रेड मारी, जहां पर तीन आरोपियों (एक व्यक्ति, दो महिलाओं) को हथियार सहित काबू किया। आरोपियों की पहचान दीपक निवासी फिरोजाबाद जिला फिरोजाबाद (उत्तर-प्रदेश), रूपा निवासी विजय नगर रोहिणी (दिल्ली) व अंजू निवासी विजय नगर रोहिणी (दिल्ली) के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जा से एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, एक लोहे की रॉड, एक रेड चिल्ली स्प्रे (लाल मिर्च) बरामद की गई। आरोपियों द्वारा अपराधिक वारदात को अंजाम देने पर पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के विरुद्ध थाना डीएलएफ फेज-1 गुरुग्राम में केस दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने गुरुग्राम से चोरी करने की सात अन्य वारदातों को भी अंजाम देने का खुलासा किया है।

**न्यूज फ्लैश**

## भाजपा कोर कमेटी की बैठक, संपन्न कार्यक्रमों की समीक्षा हुई



**चंडीगढ़।** हरियाणा बीजेपी कोर कमेटी की बैठक दिल्ली हरियाणा भवन में हुई। इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश सह प्रभारी सुरेन्द्र सिंह नागर, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल, संगठन मंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, कैप्टन अभिमन्यु, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, सुनीता दुग्गल, सुभाष बराला, रामबिलास शर्मा सहित हरियाणा के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे। सबसे पहले सभी नेताओं ने अहमदाबाद प्लेन क्रेश की घटना पर शोक व्यक्त करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के प्रार्थना की गई। बैठक में संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम के तहत अब तक हुए कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को घर-घर तक पहुंचाने पर गहनता से चर्चा हुई। जिलों में होने वाली संगठनात्मक नियुक्तियों पर भी मंथन किया गया। सरकार की योजनाओं, संगठनात्मक मुद्दों पर भी विचार विमर्श हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार द्वारा जनहित में लिए गए निर्णयों और सरकार की योजनाओं की जानकारी बैठक में रखी। जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने भी संगठन से जुड़े अहम मुद्दों को भी बैठक में रखा। सभी मुद्दों पर गहनता से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंच सके। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि जिलों में संगठनात्मक नियुक्तियों की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ता केंद्रीय नेतृत्व से मिले हर अभियान को सफल बना रहे हैं जिसकी इस बैठक में सभी नेताओं ने प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता मोदी सरकार की 11 साल की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कर्मठता से काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और राव इंद्रजीत सिंह ने भी केंद्र सरकार की तरफ से हरियाणा में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को सबके सामने रखा।

## कार में 30 लाख रुपये के प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की तस्करी का भंडाफोड़

**गुरुग्राम।** हरियाणा एनसीबी की गुरुग्राम यूनिट ने एक तस्कर को काबू किया है। आरोपी तस्कर की कार से 30 लाख रुपये के प्रतिबंधित नशीले पदार्थ की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। आरोपी के पास से 14.90 ग्राम एमडीएमए, 8.68 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। शनिवार को इस कार्रवाई में थाना फर्रुखनगर में केस दर्ज किया गया है। हरियाणा एनसीबी की गुरुग्राम यूनिट ने जिला के फर्रुखनगर थाना क्षेत्र से अलग-अलग प्रकार के अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त एक नशा तस्कर के बारे में सूचना मिली थी। हरियाणा एनसीबी गुरुग्राम यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक संदीप सिंह के मुताबिक सहायक उप-निरीक्षक संदीप अपनी टीम के साथ थाना फर्रुखनगर गुरुग्राम के एरिया में मौजूद थे। तभी गुप्त सूचना मिली कि फर्रुखनगर गांव का एक नशा तस्कर अपनी गाड़ी में अवैध नशीले पदार्थ लेकर लेकर आ रहा है। अगर तुरंत कार्रवाई की जाए तो आरोपी को अवैध नशीले पदार्थों सहित काबू किया जा सकता है। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने फर्रुखनगर से झज्जर रोड पर नाका लगाकर आरोपी को तस्करी में इस्तेमाल कार सहित काबू किया। आरोपी की पहचान धर्मपाल उर्फ कालू पुत्र जगमाल सैनी के रूप में हुई, जोकि फर्रुखनगर के वार्ड-8 का रहने वाला है। राजपत्रित अधिकारी को मौके पर बुलाकर आरोपी की तलाशी ली गई। आरोपी के पास से 14.90 ग्राम एमडीएमए और 8.68 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। 14.90 ग्राम एमडीएमए की अवैध बाजार में कीमत लगभग 14 लाख रुपए है, वहीं 8.68 ग्राम हेरोइन की कीमत लगभग 17 लाख रुपए आंकी गई है।

# विज ने छावनी के लिए तीन मांगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष रखी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ –** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने दिल्ली में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मुलाकात की। इस दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने अपने विधानसभा क्षेत्र अम्बाला छावनी के लिए तीन मांगे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के समक्ष रखी। इनमें प्रमुख सिविल अस्पताल विस्तार हेतु सैन्य भूमि लेने, अम्बाला छावनी घरेलू हवाई अड्डा आने-जाने हेतु फोरलेन मार्ग बनाने तथा सैन्य क्षेत्र के साथ लगती सड़कों को चौड़ा करना शामिल है। ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी में सिविल व कैंसर अस्पताल विस्तार के लिए इसके साथ लगती सेना की जमीन हरियाणा सरकार को देने के लिए निवेदन किया। गौरतलब है कि सिविल अस्पताल परिसर में 9 मई 2022 में अटल कैंसर अस्पताल की शुरुआत की गई थी, अब यहां बड़ी संख्या में आसपास सात राज्यों के कैंसर मरीज ईलाज हेतु आ रहे हैं। मरीजों के साथ उनके तीमारदार होते हैं जिनके रहने के लिए कोई उपयुक्त जगह अभी नहीं है। श्री विज द्वारा तीमारदारों के लिए धर्मशाला बनाने की योजना है जिसके लिए जमीन चाहिए। अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल में क्रीटिकल केयर सेंटर भी स्थापित होना है और इसके लिए राज्य सरकार की ओर से राशि भी मंजूर हो चुकी है। इसी प्रकार सिविल अस्पताल में स्पाईनल इंजरी खोलने की योजना है जिसके लिए लगभग दो से तीन एकड़ भूमि चाहिए। इस सेंटर में रीड की हड्डी से संबंधित बीमारियों के मरीजों का उपचार होगा। सेंटर खोलने की मंजूरी पूर्व में मिल गई थी। सेंटर में मरीजों की रीड की हड्डी से संबंधित सभी बीमारियों के उपचार का व्यापक प्रबंधन भी होगा। गौरतलब है कि अम्बाला छावनी का सिविल अस्पताल दशकों पहले बना था और तब अंबाला की जनसंख्या केवल 30 से 35 हजार थी जोकि अब लगभग ढाई लाख पहुंच चुकी है। इसी वजह से अस्पताल का विस्तार करने की अति आवश्यकता है और इसी वजह से ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सैन्य जमीन लेने हेतु रक्षा मंत्री से आज निवेदन किया है। इसी तरह, ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में बन चुके घरेलू हवाई अड्डे के समक्ष सेना के अधीन आने वाली रोड को फोरलेन बनाने का भी आग्रह रक्षा मंत्री से किया। बता दें कि पूर्व में ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से ही मुलाकात कर घरेलू हवाई अड्डा निर्माण के लिए जमीन सेना से राज्य सरकार को हस्तांतरित करवाई थी। राज्य सरकार ने रक्षा मंत्रालय को 20 एकड़ जमीन के बदले 133 करोड़ रुपए दिए थे। इसी जमीन पर घरेलू हवाई अड्डे का निर्माण हुआ है। वहीं, कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने रक्षा मंत्री राजनाथ को अंबाला छावनी नगर परिषद और छावनी बोर्ड में कई स्थान पर जैसे बोह, बब्याल आदि की कम चौड़ी सड़कों को आगे पीछे की सड़कों के सामान चौड़ा करवाने के लिए भी कहा।



## अर्श गांधी ने नीट यूजी परीक्षा में हरियाणा में किया टॉप

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा शनिवार को घोषित नीट यूजी 2025 के परिणाम में करनाल के रहने वाले अर्श गांधी ने ऑल इंडिया में 11वीं रैंक हासिल की है। अर्श को 99.9995021 पर्सेंटाइल मिले हैं। वह करनाल के ही प्राइवेट इंस्टीट्यूट में कोचिंग लेता था। अर्श की मां डॉ. मीनू गांधी और पिता डॉ. अरुण गांधी करनाल में अस्पताल चलाते हैं। चंडीगढ़ में नंदिता सरीन, हिमाचल में आरव ठाकुर और पंजाब में केशव मित्तल ने टॉप किया है। केशव मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक 7 हासिल की है। उसके पर्सेंटाइल 99.9996832 है।

**उपलब्धि**
- अर्श को 99.9995021 पर्सेंटाइल मिले हैं। वह करनाल के ही प्राइवेट इंस्टीट्यूट में कोचिंग लेता था

हरियाणा के टॉपर अर्श गांधी का कहना है कि मैं अध्ययन को लेकर पूरी तरह नियमित रहा। पुराने टेस्ट सीरीज हल करने से परीक्षा का पैटर्न समझ में आया। इन्हें हल करने से समय भी ठीक हुआ। जो भी संदेह थे, उन्हें तुरंत शिक्षकों से हल करा लिया। मैंने बोर्ड परीक्षा के साथ ही नीट की तैयारी शुरू कर दी थी। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए मैंने अलग से कोई कोचिंग नहीं ली। नीट की तैयारी करा रहे टीचर्स से ही बोर्ड संबंधी सवाल का हल पूछ लेता था। 2 साल से मैं नीट की तैयारी कर रहा था। इसी के साथ बोर्ड परीक्षा दी, जिसमें उसके 95 प्रतिशत नंबर आए।

अर्श गांधी ने मीडिया को बताया कि नीट से पहले उसने अप्रैल में ही जेईं मेंस की परीक्षा भी दी थी। यह उसका दूसरा प्रयास था। इसमें उसके 99.74 पर्सेंटाइल थे। बताया कि नीट की तैयारी के लिए उसके पास दिल्ली और कोटा का विकल्प था, लेकिन उसने अपनी तैयारी करनाल में ही रहकर की।

## रविवार से प्रदेशभर में जेजेपी के मेगा सदस्यता अभियान का आगाज

**चंडीगढ़।** रविवार 15 जून को जननायक जनता पार्टी प्रदेशभर में मेगा सदस्यता अभियान का आगाज करेगी। जेजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला भिवानी और दादरी में नए साथियों को जेजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाकर अभियान की शुरुआत करेंगे। इसी तरह पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सोनीपत और जींद, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा कैथल जिले में सदस्यता अभियान कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। हिसार में पूर्व विधायक नैना सिंह और पूर्व विधायक अमरजीत ढांडा, सिरसा और फतेहाबाद में जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला जेजेपी के सदस्यता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे।

## गोरखपुर परमाणु प्लांट से 2031 में शुरू होगा बिजली उत्पादनः मनोहर



**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शनिवार को फतेहाबाद जिले के गांव गोरखपुर में स्थित गोरखपुर हरियाणा अणु विद्युत परियोजना संयंत्र का दौरा किया। उन्होंने यहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया और एनपीसीआईएल के अधिकारियों की बैठक ली। यहां उनका स्वागत राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, फतेहाबाद के कांग्रेस विधायक बलवान सिंह पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक दुड़ाराम, भाजपा के जिला प्रधान प्रवीण जोड़ा एवं एनपीसीआईएल के अधिकारियों ने किया। अधिकारियों से बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि देश में किसी भी अणु विद्युत प्लांट्स को लगाने के लिए 13 या साढ़े 13 साल में पूरा होना चाहिए। गोरखपुर प्लांट में देरी में कई तकनीकी व एडमिनिस्ट्रेटिव कारण रहे हैं। 2031 में इसकी दो यूनिट और बाकी दो यूनिट्स 2032 में शुरू होंगी। इससे 2800 मेगावाट बिजली मिलेगी। इसकी 50 फीसदी बिजली हरियाणा को मिलेगी। बाकी केंद्र सरकार को दी जाएगी। मनोहर लाल ने कहा कि इस प्लांट पर अब तक 42 हजार करोड़ रुपए खर्च आ चुका है। यह सारा खर्च केंद्र सरकार की ओर से वहन किया जा रहा है। अब इसका काम तेजी से चलेगा। सिविल वर्क में तेजी आएगी। जमीन रेतीली होने के कारण टाइम ज्यादा लगा है। बाद में टैरिफ का रेट राज्य सरकार के पास से तय होगा। उन्होंने बताया कि एनपीसीआईएल की ओर से अभी तक 80 करोड़ रुपए सीएसआर के तहत खर्च किए गए हैं। डीसी की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी, उसकी निगरानी में विकास कार्य करवाए जाएंगे। मनोहर लाल ने एसी के टेम्प्रेचर को 20 से 28 डिग्री रखने की अपील पर कहा कि इस अपील का अच्छा रिस्पांस मिला है। रेगुलाइजेशन का काम सरकार का है।

# हरियाणा में भाजपा राज नहीं, गुंडाराज चल रहाः हुड्डा



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हरियाणा में भाजपाराज नहीं, बल्कि गुंडाराज चल रहा है। यही वजह है कि गुंडे-बदमाश बेखौफ होकर वारदातों का अंजाम दे रहे हैं और आम जनता डर के साए में जीने को मजबूर है। जिस बीजेपी को जनता ने सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी है, वह खुद सत्ता की मदमस्त नींद में सो रही है और प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर अपराध को संरक्षण दे रही है। रोहतक में बदमाशों ने शराब के ठेके पर की फायरिंग, इंस्टाग्राम पर डाला वीडियो। हांसी में व्यापारी से मांगी 50 लाख की फिरौती। टोल प्लाजा पर फायरिंग, खाद की दुकान पर भी गोलियां चलाई। फैक्ट्री मालिक से मांगी 50 लाख की फिरौती। कुरुक्षेत्र में शराब ठेकेदार की गोलियां मारकर हत्या। पिंजौर में धमकी देकर 2 दिन बाद कर दी हत्या। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि ये पिछले कुछ दिनों में छपी अखबारों की सुर्खियां है। रोज अखबार ऐसी खबरों से भरे मिलते हैं। लेकिन बीजेपी सरकार को यह सब दिखाई नहीं दे रहा। क्योंकि कानून व्यवस्था व जनता की सुरक्षा कभी भी बीजेपी की प्राथमिकता नहीं रही। यही वजह है कि जब भी भाजपा सत्ता में आती है, प्रदेश में गुंडाराज स्थापित हो जाता है। इससे पहले जब साल 2000 से 2005 तक बीजेपी और इनेलो की सरकार थी, तब हरियाणा में ऐसी ही गुंडागर्दी और माफियाराज था। आए दिन गोलीबारी, फिरौती और डकैती की वारदातें होती थीं। एक बार फिर हरियाणा में वही सब हो रहा है। इस सरकार ने हरियाणा को माफिया राज और गैंगवार में धकेल दिया है। हुड्डा ने कहा कि खुद प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सामाजिक प्रगति सूचकांक (एसपीआई) रिपोर्ट में हरियाणा को देश का सबसे असुरक्षित राज्य बताया गया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट भी चीख-चीखकर यही गवाही देती है। 2022 में एक साल के भीतर प्रदेश में 1020 हत्याएं यानी रोज 3 हत्याएं हुईं। 2022 के दौरान ही हरियाणा में 1786 रेप की वारदातें हुई यानी रोज 4-5 रेप हुए।

# ऊर्जा मंत्री विज ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के लोगों को बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और बिजली जाने/कट के संबंध में संबंधित एसई को रोजाना एक रिपोर्ट ऊर्जा मंत्री के कार्यालय में भेजनी होगी। उनके इन निर्देशों के संबंध में यदि किसी भी अधिकारी द्वारा कोई लापरवाही बरती गई तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। श्री विज आज नई दिल्ली में मीडियाकर्मियों द्वारा गर्मियों में बिजली की आपूर्ति को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे।

**सुनिश्चित**
- ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य के लोगों को बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए

**16 हजार मेगावाट बिजली की व्यवस्था की हुई है**

उन्होंने कहा कि ऊर्जा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को आज उनके द्वारा निर्देश दिए गए हैं कि प्रतिदिन उन्हें प्रत्येक अधीक्षक अभियंता (एसई) से उनके अधिकार क्षेत्र में कितने घंटे बिजली की आपूर्ति नहीं हुई और आपूर्ति न होने के क्या कारण रहे, के संबंध में पूरी रिपोर्ट रोजाना ऊर्जा मंत्री को भेजनी होगी।

श्री विज ने कहा कि हरियाणा में बिजली आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार से कोई दिक्कत नहीं है। हरियाणा में हमें अधिकतम 16 हजार मेगावाट बिजली की आवश्यकता पड़ती है और 16 हजार मेगावाट बिजली आपूर्ति करने की हमने पूरी व्यवस्था की हुई है।

# सांसद कोटे की धनराशि से सभी नौ विधानसभा क्षेत्र में हर वर्ग का ध्यान रखना है

**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडी डबवाली/सिरसा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जनता हरियाणा में कांग्रेस की सरकार देखना चाहती थी पर पता नहीं किस कारण से कांग्रेस की सरकार बनते हुए रह गई, खैर जो भी कमी रही हो उसे दूर करके फिर से अपने काम में जुट जाना है, जनता के बीच रहता जनता की सेवा करनी है क्योंकि भाजपा की इस जुमलेबाज सरकार से जनता का मोह भंग होता जा रहा है। वे शनिवार को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास धर्मशाला एवं प्रबंध कमेटी डबवाली की ओर से चौहान नगर स्थित रविदास धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थी। इसके कार्यक्रम के बाद सैलजा ने रिक्शा यूनियन डबवाली से बातचीत की। श्री गुरु रविदास धर्मशाला में सांसद ने सबसे पहले संत रविदास की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया। इस मौके पर संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी के प्रधान भारत नाहर और उनकी टीम की ओर से उनका स्वागत किया गया। लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं उनकी समक्ष रखी तो कुछ संस्थाओं ने उन्हें मांग पत्र सौंपा। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी की ओर से भी एक ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. के. वी. सिंह, वीरभान मेहता, प्रधान पवन गर्ग, इंद्र जैन, रणजीत सिंह पूर्व सरपंच सावंत खेड़ा, राकेश बब्बर, महेंद्र पाल सिंह, पूर्व पार्षद बबलू, रोहित मेहता बिज्जुवाली, शमिंद्र सिंह आदि मौजूद थे। इस मौके पर सांसद सैलजा ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार है जबकि सरकार कांग्रेस की बनने जा रही थी, हमें इस बार और बेहतर काम करना है, आने वाले समय में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी। कांग्रेस हर वर्ग के साथ है, हर वर्ग के लिए काम करती है। सिरसा लोकसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हें सेवा का मौका दिया है, उन्हें सांसद कोटे के तहत जो पैसा मिलता है उसे सभी नौ विधानसभा क्षेत्र में खर्च करना है। दलितों को भी देखना है, बचे चार साल में उन्हें जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना है, मिलजुल कर रहना होगा और संगठित होकर काम करना होगा। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि डबवाली की जनता सदैव उनके साथ खड़ी रही है, इस बार विधानसभा चुनाव में पूर्व विधायक और कांग्रेस उम्मीदवार रहे अमित सिहाग की मामूली अंतर से हार आज भी गले से नीचे नहीं उतर रही है देखना है कि कहां क्या कमी रही। इस चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में हवा थी, जनता कांग्रेस की सरकार बनाना चाहती थी, जनता में कांग्रेस के प्रति भारी उत्साह था पर कांग्रेस से सत्ता आते आते फिसल गई। इसके बाद सांसद ने रिक्शा यूनियन सब स्टैंड डबवाली की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई जहां पर रिक्शा यूनियन के प्रधान सुखविंद्र सिंह ने उनका स्वागत किया और सांसद को एक ज्ञापन भी सौंपा। मंच संचालन डॉ. के. वी. सिंह ने किया।



# कांग्रेस संविधान की हत्यारी पार्टी: लाल सिंह आर्य

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तैयार किया : लाल सिंह आर्य

कार्यशाला

▶▶ रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में शनिवार को भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई।



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़। डा. श्यामा** प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस, आपातकाल को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने और पौधारोपण अभियान को लेकर रोहतक स्थित भाजपा कार्यालय मंगल कमल में शनिवार को भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला में एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली भी शामिल हुए। लाल सिंह आर्य और मोहन लाल बड़ौली ने कार्यकर्ताओं को चल रहे अभियानों के बारे में बताया। लाल सिंह आर्य ने इस मौके पर मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कांग्रेस को संविधान की हत्यारी कहा। उन्होंने पार्टी कार्यालय में पौधारोपण कर कार्यकर्ताओं को एक पेड़ मां के नाम लगाने का आह्वान भी किया। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने मोदी सरकार के 11 सालों की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि 11 सालों में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत हुआ है।

कार्यशाला में संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, एसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता, प्रदेश मीडिया प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, कार्यशाला के संयोजक जवाहर सैनी, सभी पांचों सह-संयोजक नागेन्द्र शर्मा, अभिमन्यु यादव, जसबीर दोदवा, चरणसिंह तेवतिया, निताशा सिहाग, सभी जिलों के संयोजक एवं सह-संयोजक दिन भर चली कार्यशाला में मौजूद रहे। कार्यशाला के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सशक्त और आत्मनिर्भर भारत तैयार किया है। मोदी सरकार भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि भाजपा और भाजपा का नेतृत्व अपने अभियानों में रचनात्मक कार्यक्रम लगातार करती रहती है। श्री आर्य ने कहा कि 21 जून को योग दिवस, 23 जून को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस और 25 जून को संविधान हत्या दिवस है। इन तीनों कार्यक्रमों को लेकर 17 जून तक मंडल स्तर पर कार्यशालाएं होंगी। हर बूथ पर पौधारोपण अभियान भी चलाया जाएगा। मंडल स्तर पर योग दिवस मनाया जाएगा। इन्हीं कार्यक्रमों के बीच बाबा साहेब अंबेडकर और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि सभाएं भी होंगी। लाल सिंह आर्य ने कहा कि हरियाणा में लगभग 4097 शक्ति केंद्र हैं। सभी शक्ति केंद्रों पर 6 जुलाई तक कार्यक्रम चलेंगे जिसमें चौपालें, मोहल्ला बैठकें होंगी पौधारोपण किया जाएगा।

लाल सिंह आर्य ने आपातकाल को लेकर कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश पर आपातकाल थोपा था। कांग्रेस ने व्यक्ति की स्वतंत्रता को बंधक बनाया। आपातकाल का विरोध करने पर साढ़े तीन लाख लोगों को जेलों में भेजकर यातनाएं दीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 72 बार चुनी गई सरकारों को गिराया।

मीडिया के सवाल पर बोलते हुए लाल सिंह आर्य ने कहा कि मोदी सरकार में जो भी संशोधन हुए हैं जनकल्याण को ध्यान में रखकर कर किए गए हैं।

# पर्यवेक्षक भुवन कापड़ी ने कांग्रेस को मजबूत करने का दिया मूलमंत्र

अभियान

▶▶ राहुल गांधी कांग्रेस के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अभिनव प्रयास कर रहे हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** उत्तराखंड के खटीमा विधानसभा के विधायक एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के केंद्रीय पर्यवेक्षक भुवन कापड़ी ने कहा कि कांग्रेस द्वारा चलाया गया संगठन सृजन अभियान एक नई और सकारात्मक शुरूआत है। यह अभियान कांग्रेस पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं आमजन में पार्टी के प्रति एक नया संचार पैदा करेगा। उन्होंने बताया कि कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी कांग्रेस के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अभिनव प्रयास कर रहे हैं, जिसके सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल होंगे। भुवन कापड़ी नीलोखेड़ी की पंजाबी धर्मशाला में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पीसीसी डेलीगेट प्रो. राजेश वैद्य के नेतृत्व में काफी संख्या में कार्यकर्ताओं ने उनका बुके देकर भव्य स्वागत किया।

विधायक ने कांग्रेस को मजबूत करने का मूलमंत्र भी कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के तहत नेताओं कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति बनाई।

नीलोखेड़ी में आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए भुवन कापड़ी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन सृजन अभियान का हिस्सा बनकर संगठन को मजबूत करें। उन्होंने कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष बनने के इच्छुक नेताओं से न केवल उनका बायोडाटा मांगा, बल्कि चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से सुझाव देने का भी आग्रह किया।

प्रो. राजेश वैद्य ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे मजबूत और आजादी दिलाने वाली पार्टी है। पूरे देश में कांग्रेस का संगठन मजबूत है। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान को लेकर केंद्रीय पर्यवेक्षक भुवन कापड़ी करनाल जिले की सभी विधानसभाओं में नेताओं-कार्यकर्ताओं ओर आम लोगों से रूबरू होते रहेंगे।

# आईएनआर रॉयल सिटी में लगाई गई योग कक्षा : नवीन सन्दूजा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हमारा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा आईएनआर रॉयल सिटी सैक्टर-29 करनाल में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग कक्षा लगाई गई। इस कक्षा में हरियाणा के प्रसिद्ध एवं मुख्य योग शिक्षक नवीन सन्दूजा ने बताया कि हमारा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कर्ण पार्क मानव सेवा संघ के प्रांगण में भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

उन्होंने योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है। आज के दौर में मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए योग सबसे कारगर उपाय है। उन्होंने कहा कि योग को घर-घर तक पहुंचाने का उद्देश्य इस आयोजन के माध्यम से पूरा हो रहा है। नवीन संदूजा ने कहा कि योग सिर्फ शरीर को ही नहीं, पूरे जीवन को स्वस्थ बनाता है। योग के दौरान शरीर स्वस्थ्य एवं मन शांत बना रहता है, शरीर में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है, प्रातः योग करने से सारा दिन शारीरिक रूप आप स्वस्थ रहते है, किसी भी तरह का आलस्य शरीर में नहीं रह जाता एवं कई प्रकार की बीमारियों जैसे बीपी, शुगर, मोटापा आदि से बचा जा सकता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलजा गुप्ता, मीनाक्षी मित्तल, कविता चौहान, हरगुन, कविता चौबे, सीमा नारंग, प्रतिभा, पुष्पा, प्रिंसिज, बंटी सहगल, राजू मदान, राकेश भारद्वाज, रोहित, विकास गुप्ता, अशोक, सोनू आहूजा, सन्नी आहूजा, पवन शर्मा, शास्त्री, प्रभजोत, देवेन्द्र भीरिया, सुभाष ढींगड़ा, पुष्पा, डॉ. रजनी इत्यादि उपस्थित रहे।

## कैफे संचालक का सहयोगी गिरफ्तार करवाता था अनैतिक कार्य

**कैथल (नसीब सैनी)।** होटल में अनैतिक कार्य करवाने के मामले की जांच डीएसपी मुख्यालय बीरभान सिंह द्वारा करते हुए होटल संचालक का सहयोगी बिहार के सुपौल निवासी उदगार पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दुर्गा शक्ति टीम एचसी सुमन की शिकायत के अनुसार उसको गुप्त सूचना मिली कि ढांड रोड कैथल स्थित होटल एसके का मालिक अर्जुन नगर कैथल निवासी गुरमीत सिंह बाहर से लड़कियों को बुलाकर ग्राहकों के साथ अनैतिक कार्य करवा कर ग्राहकों से रुपए वसूले जाते हैं। पुलिस टीम द्वारा होटल पर दबिश देकर जांच की गई तो 2 महिला व उदगार पासवान मिला। उन्होंने बताया कि उन्हें होटल मालिक गुरमीत ने फोन करके देह व्यापार के लिए होटल में बुलाया है। इस बारे आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में मामला दर्ज कर लिया गया है।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव कुलबीर मलिक ने बताया कि विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में गुडरिच फाउंडेशन करनाल के साथ मिलकर मेरठ रोड स्थित गुडरिच प्लांट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में 110 रक्तदाताओं ने रक्तदान करने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया। शिविर का आरंभ गुडरिच फाउंडेशन के एमडी अमित गर्ग और रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर किया। इस अवसर पर गुडरिच फाउंडेशन से संदीप नैन (वीपी), डायरेक्टर विशाल गुप्ता, जोगिंदर सिंह, गीता, निलेश कुमार, प्रेम नाथ, रेडक्रॉस कार्यालय से प्रदीप कुमार, सुरेंद्र कुमार, विजय कुमार उपस्थित रहे।

इसके अलावा जेसीआई क्लब, निफा और हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल के साथ मिलकर कर्णेश्वर मंदिर सेक्टर-7 में भी रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें 80 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### एईएसएल फरीदाबाद की अविका ने नीट यूजी 2025 में हासिल की एआईआर 5



**फरीदाबाद ।** देश की प्रमुख टेस्ट प्रिपरेशन संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने आज गर्वपूर्वक घोषणा की कि फरीदाबाद की अविका अग्रवाल ने नीट यूजी 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 5 प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। यह असाधारण सफलता अविका की प्रतिबद्धता, शैक्षणिक अनुशासन और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई विश्वस्तरीय कोचिंग व मार्गदर्शन का परिणाम है। यह परीक्षा परिणाम आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। अविका एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम की छात्रा रही हैं, जिसे विशेष रूप से नीट जैसी कठिन और प्रतिस्पर्धी मेडिकल प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय एईएसएल द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव, संकल्पनाओं की स्पष्टता और अनुशासित व निरंतर अध्ययन पद्धति को दिया। अपनी उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए अविका ने कहा, मैं आकाश की बहुत आभारी हूं। इस पूरी यात्रा में मुझे जो मार्गदर्शन, सुव्यवस्थित स्टडी मैटेरियल, विशेषज्ञ शिक्षकों का सहयोग और व्यक्तिगत मेंटरिंग मिली, उसने जटिल विषयों को समझने और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने में मेरी बेहद मदद की। एईएसएल के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। एईएसएल के चीफ अकादमिक व बिजनेस हेड डॉ. यश पाल ने अविका सहित सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा, नीट यूजी 2025 में हमारे छात्रों की शानदार सफलता पर हमें बेहद गर्व है। यह परीक्षा पूरे देश से लाखों छात्रों की भागीदारी के साथ होती है और उसमें टॉप रैंक हासिल करना निश्चित ही कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। इन सफलताओं के पीछे न केवल छात्रों की मेहनत बल्कि उनके माता-पिता का सहयोग और हमारे शिक्षकों की प्रतिबद्धता भी है। हम अविका को उनके उज्ज्वल चिकित्सा करियर के लिए ढेरों शुभकामनाएं देते हैं।

### होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया की हरित भविष्य की दिशा में देशव्यापी पहल

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने पर्यावरण सप्ताह 2025 के तहत 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) से देशभर में अपनी डीलरशिप नेटवर्क पर कई पर्यावरण जागरूकता और सस्टेनेबिलिटी-केंद्रित गतिविधियाँ आयोजित कीं। इस पहल का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ज़िम्मेदार व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। यह अभियान गाज़ियाबाद स्थित हिंदन होंडा डीलरशिप पर एक विशेष कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ,



जिसमें एचएमएसआई के वरिष्ठ अधिकारियों श्री शशांक रजदान (जनरल मैनेजर, रीजनल बिजनेस – सेंट्रल) और श्री रविकुमार अन्नासाहेब फिरंगण्णावर (जनरल मैनेजर, रीजनल बिजनेस – सेंट्रल कस्टमर सर्विस) ने भाग लिया। इस वर्ष के विश्व पर्यावरण दिवस की थीम ह्यप्लास्टिक प्रदूषण को हराओह्न ने एचएमएसआई की जमीनी गतिविधियों की दिशा तय की। सप्ताहभर चलने वाले इस अभियान के तहत, एचएमएसआई की डीलरशिप्स और सर्विस आउटलेट्स ने देशभर में ग्राहकों और स्थानीय समुदायों के साथ सक्रिय भागीदारी की।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर हुआ रक्तदान शिविर आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, हालसा के आदेशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को न्यायिक परिसर करनाल व सब.डिवीजन, इन्द्री, असंध व घरौंडा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि लोक अदालत में आम नागरिक आपसी सुलह व समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करा सकते है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर दुर्घटना अधिनियम, फौजदारी, दिवानी, चालान, वैवाहिक एवं पारिवारिक मुकदमों इत्यादि का निपटारा किया जाएगा। न्यायालय में लंबित मुकदमों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से निपटाए गए मुकदमों की कोई अपील नहीं होती। लोक अदालत के माध्यम से फैसला होने से धन व समय की बचत होती है और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नं0 184.2266138 पर संपर्क किया जा सकता है।

# गांव गंगा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, 60 ने किया रक्तदान

रक्तदान

▶▶ रक्तदान एक महान सेवा है और प्रत्येक युवा को आपातकालीन स्थितियों में रक्तदान के लिए तैयार रहना चाहिए



**सिरसा, (रणबीर खटक)**
जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा आज शनिवार को ह्यविश्व रक्तदाता दिवसह्न के उपलक्ष्य में गांव गंगा में अखिल भारतीय जीव-रक्षा बिश्नोई सभा के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन के सदस्य सुभाष रोलण ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

मुख्यातिथि सुभाष रोलण ने रक्तदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है और प्रत्येक युवा को आपातकालीन स्थितियों में रक्तदान के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भूकंप, बाढ़, सड़क और रेल दुर्घटनाओं जैसे आपातकालीन समय में रक्त की उपलब्धता जीवन बचा सकती है। इस दौरान उन्होंने गांव गंगा स्थित श्री गौशाला में पौधारोपण भी किया।

उन्होंने कहा कि "विश्व रक्तदाता दिवस" केवल रक्तदान करने का दिन नहीं है, बल्कि उन स्वैच्छिक रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करने का भी दिन है, जो निःस्वार्थ भाव से बिना किसी स्वार्थ के रक्तदान करते हैं। इस वर्ष की थीम ह्यगिव ब्लड, गिव होपः टूगेदर वी सेव लाइफह्न को सार्थक बनाते हुए जिला रैडक्रॉस सोसायटी ने इस शिविर का आयोजन कर युवाओं को प्रेरित किया।

जिला रैडक्रॉस सोसायटी सिरसा के सचिव लाल बहादुर बैनीवाल ने बताया कि रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 सामाजिक संस्थाओं और 6 स्टार ब्लड डोनर्स को सम्मानित किया गया।

गौरतलब है कि भीषण गर्मी के बावजूद रक्तदाताओं में भरपूर उत्साह देखा गया। शिविर में 60 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। डेरा सच्चा सौदा सिरसा के सेवादारों और गांव गंगा के ग्रामवासियों ने विशेष रूप से बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। सामान्य अस्पताल सिरसा के रक्तबैंक की टीम जिसमें लैब टेक्नीशियन ओम प्रकाश सैनी, सुभाष, रमन, काउंसलर बसंत सैनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे, उन्होंने रक्त एकत्रित किया।

कार्यक्रम में संस्था डेरा सच्चा सौदा सिरसा, पब्लिक रिलेशन हेल्प फाउंडेशन चौटाला, संत निरंकारी मंडल सिरसा, अखिल भारतीय जीव-रक्षा बिश्नोई सभा गांव गंगा और यूथ क्लब एसोसिएशन सिरसा संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 6 स्टार ब्लड डोनर रमन नागपाल (25 बार), हरमीत सिंह (37 बार), रमन लक्खूआना (25 बार), नर सिंह नारायण इंसा (50 बार), सुरेश कुमार इंसा (54 बार) और सुभाष चन्द्र जंडवाला बिश्नोईयां (51 बार) को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में रैडक्रॉस के सहायक सचिव गुरमीत सिंह सैनी ने सभी रक्तदाताओं को नियमित रक्तदान करने की शपथ दिलाई और समाज में रक्तदान के महत्व को प्रचारित करने की अपील की।

# हैंड ग्रेनेड मामले में खुलासा, आरोपी भानू-राणा गैंग के सदस्य

खुलासा

▶▶ दोनों को एसटीएफ टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा और शनिवार को करनाल कोर्ट में पेश किया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सेक्टर-13 से शुक्रवार को हैंड ग्रेनेड के साथ पकड़े गए दोनों युवकों का भानू राणा गैंग से जुड़े होने का खुलासा हुआ है। एक युवक गाडि़ों की सेल-परचेज का काम करता है, जबकि दूसरा पढ़ाई पूरी कर विदेश जाने की प्लानिंग बना रहा था। दोनों को एसटीएफ टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा और शनिवार को करनाल कोर्ट में पेश किया। एसटीएफ टीम ने शुक्रवार को करनाल के सेक्टर-13 क्षेत्र से दोनों युवकों दीपेंद्र प्रताप उर्फ दीपन और अदम्य को उस समय राउंडअप किया, जब उनके पास से एक खतरनाक हैंड ग्रेनेड बरामद हुआ। इस हथगोले को तुरंत डिफ्यूज करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए इंद्री रोड पर स्थित एक खाली खेत को चुना गया। वहां पर बम निरोधक दस्ते को बुलाकर ग्रेनेड को डिफ्यूज कराया गया। डिफ्यूजन प्रक्रिया के दौरान मौके पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो। बम निरोधक टीम की निगरानी में ग्रेनेड को खेत के बीच में डिफ्यूज किया गया, जिसमें तेज धमाका हुआ। इसके बाद टीम ने घटनास्थल से ग्रेनेड के बचे हुए टुकड़े भी एकत्र किए। यह पूरा ऑपरेशन बेहद सावधानी से किया गया।

शनिवार को एसटीएफ ने दोनों आरोपियों को करनाल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया। इस दौरान एसटीएफ यह पता लगाने की कोशिश करेगी कि ये हथगोला आरोपियों के पास कहां से आयाए इसे लाने के पीछे मकसद क्या था और इसका उपयोग कहां किया जाना था। हालांकि शुरूआती जांच में पुलिस को दोनों के खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है, लेकिन एसटीएफ अभी हर एंगल से जांच कर रही है। जांच के दायरे में इनकी कॉल डिटेल, सोशल मीडिया गतिविधियां और बैंकिंग ट्रांजेक्शन भी शामिल किए गए हैं।

एसटीएफ के जांच अधिकारी अंकित ने बताया कि दीपेंद्र प्रताप और अदम्य से एक हैंड ग्रेनेड बरामद हुआ है, जिसे इंद्री रोड पर खेतों में डिफ्यूज किया गया। दोनों संदिग्धों को गहन पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ के बाद ही इस केस में बड़ा खुलासा हो सकेगा।

# अर्श की नीट यूजी 2025 में आई 11वीं रैंक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने नीट यूजी 2025 का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया। करनाल के रहने वाले अर्श गांधी ने ऑल इंडिया में 11वीं रैंक हासिल की है। अर्श को 99.9995021 पर्सेंटाइल मिले हैं। वह करनाल के ही प्राइवेट इंस्टीट्यूट में कोचिंग लेता था। अर्श की मां डॉ. मीनू गांधी और पिता डॉ. अरुण गांधी करनाल में अस्पताल चलाते हैं।

हरियाणा के टॉपर अर्श गांधी का कहना है कि मैं अपनी स्टडी को लेकर पूरी तरह रेगुलर रहा। पुराने टेस्ट सीरीज हल करने से एग्जाम का पैटर्न समझ में आया। इन्हें हल करने से टाइमिंग भी बेहतर हुई। जो भी डाउट्स थे, उन्हें तुरंत टीचर्स से सॉल्व आउट करा लिया।

मैंने बोर्ड परीक्षा के साथ ही नीट की तैयारी शुरू कर दी थी। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए मैंने अलग से कोई कोचिंग नहीं ली। नीट की तैयारी करा रहे टीचर्स से ही बोर्ड संबंधी क्वेश्चन का हल पूछ लेता था। 2 साल से मैं नीट की तैयारी कर रहा था। इसी के साथ बोर्ड परीक्षा दी, जिसमें मेरे 95 प्रतिशत नंबर आए।

अर्श गांधी ने बताया कि नीट से पहले उसने अप्रैल में ही जेई मेंस का एग्जाम भी दिया था। यह उसका सेकेंड अटेंप्ट था। इसमें उसके 99.74 पर्सेंटाइल थे। उन्होंने बताया कि नीट की तैयारी के लिए उसके पास दिल्ली और कोटा का विकल्प था, लेकिन उसने अपनी तैयारी करनाल में ही रहकर की।

## संपादकीय

# चमकती तस्वीरों के पीछे का अंधेरा

**दुनिया** की चकाचौंध में हम अक्सर उस सतह को ही सच मान लेते हैं, जो आँखों के सामने चमक रही होती है। लेकिन सच्चाई का रंग वैसा नहीं होता, जैसा वह दिखाई देता है। जो दिखता है, वो कभी नहीं होता और जो होता है, वो कभी नहीं दिखता - यह पंक्ति हमारे समय की सबसे गहरी सच्चाई को उजागर करती है। हम एक ऐसी दुनिया में जी रहे हैं, जहाँ सत्य को सजावट की जरूरत पड़ती है, और झूठ बिना मेहनत के चमक उठता है। यह समाज अब वास्तविकता को नहीं, बल्कि उसकी छवि को पूजता है। हर तरफ एक नकली चमक का बाजार सजा है, जहाँ सच्चाई का कोई मोल नहीं, और दिखावा ही सबसे बड़ी मुद्रा बन चुका है। आज इंसान की कीमत उसकी आत्मा से नहीं, बल्कि उसकी छवि से आँकी जाती है। सोशल मीडिया के इस युग में लोग अपनी जिंदगी को एक मंच की तरह सजाते हैं। हर कोई एक अभिनेता है, जो अपनी कहानी को फिल्टर्स, हैशटैग्स और चमकदार पोस्ट्स के जरिए पेश करता है। कोई अपनी टूटन को छुपाने के लिए मुस्कुराहट का मुखौटा पहनता है, तो कोई अपने दर्द को दफनाने के लिए 'सब ठीक है' का स्टेटस अपलोड करता है। इंस्टाग्राम पर चमकती तस्वीरें, फेसबुक पर प्रेरणादायक उद्धरण, और ट्विटर पर मजाकिया टिप्पणियाँ - ये सब उस सच्चाई को ढँकने की कोशिश हैं, जो भीतर पनप रही होती है। कोई डिप्रेशन में डूबा इंसान अपनी स्टोरी में रंग-बिरंगे फिल्टर्स डालता है, और कोई हताशा के कगार पर खड़ा व्यक्ति 'लाइफ इज ब्यूटीफुल' का नारा लगाता है। यह सब एक ऐसी दुनिया की तस्वीर पेश करता है, जहाँ भावनाएँ नहीं, प्रतीक हावी हो चुके हैं। हमारे रिश्ते अब स्टेटस अपडेट्स और इमोजी से परिभाषित होने लगे हैं। प्रेम, दोस्ती, और परिवार - ये सब अब केवल दिखावे की चीजें बनकर रह गए हैं। लोग यह नहीं पूछते कि आपका दिल कैसा है, वे यह देखते हैं कि आपकी प्रोफाइल कितनी आकर्षक है। एक परफेक्ट फैमिली की तस्वीर के पीछे अनकहे झगड़े, अनसुने दर्द, और अनदेखी उदासियाँ छिपी होती हैं। हम दूसरों की आँखों में झाँकने से कतराते हैं, क्योंकि वहाँ सच्चाई का आलम दिख सकता है और सच्चाई से हम डरते हैं। हम उसे देखना नहीं चाहते, क्योंकि वह हमारे आरामदायक भ्रम को तोड़ सकती है। यह दिखावे का खेल केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है। राजनीति में जनकल्याण का ढोंग रचा जाता है, लेकिन असल में वहाँ सत्ता और स्वार्थ का खेल चलता है। नेताओं की चमकदार मुस्कान और बड़े-बड़े वादों के पीछे छिपा होता है एक ऐसा गणित, जो आम इंसान को केवल आँकड़ों में बदल देता है। शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्ट क्लासरूम और डिजिटल बोर्ड की चमक दिखाई देती है, लेकिन ज्ञान का असल उजाला कहीं खो गया है। धर्म के नाम पर भव्य मंदिर, मस्जिद, और गुरुद्वारे बन रहे हैं, लेकिन करुणा, सहिष्णुता, और मानवता जैसे मूल्य कहीं गुम हो गए हैं। बाजार में जो प्रोडक्ट बिकता है, वह उसकी गुणवत्ता से नहीं, बल्कि उसकी पैकेजिंग से बिकता है। यह सब उस क्रूर सच्चाई का हिस्सा है, जो कहती है – जो दिखता है, वही बिकता है। इस चमक-दमक के बीच सबसे ज्यादा नुकसान उस आम इंसान का हुआ है, जो सच्चाई को जीता है।

# वैश्विक-युद्ध का नया त्रिकोण? इजरायल ईरान और अमेरिका'

संजीव ठाकुर

> "वर्तमान परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका की संदेहास्प भूमिका के कारण नए विश्व युद्ध का त्रिकोण तैयार हो रहा है इसराइल के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जानकारी दी है जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि इसराइल और ईरान को तनाव बढ़ाने वाले किसी भी काम से बचना चाहिए वार्ता का रास्ता अपनाना चाहिए भारत के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध है और भारत सदैव मदद के लिए तैयार है। भारत के नागरिक दोनों देशों में निवासरत हैं उन्हें भारत ने सावधान रहने की सलाह दी है।
> इजरायल ईरान के हालिया युद्ध के पर्यावरण में यदि अन्य देशों की आवाजाही बनती है तो विश्व युद्ध होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।जो वैश्विक शांति के लिए एवं मानवता के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।"

अब अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में नया और खतरनाक मोड़ ले लिया है नए संदर्भ में इजरायल ईरान और अमेरिका की भूमिका काफी खतरनाक और संदिग्ध हो गई है युद्ध का जुनून ईरान द्वारा परमाणु ईंधन यूरेनियम के भंडारण तथा उपयोग को लेकर अमेरिका तथा इसराइल के सिर पर चढ़कर बोलने लगा है ' 13 जून को इजराइल का ईरान पर बड़ा हमला दोनों शत्रुओं के बीच कई दशकों पुरानी दुश्मनी का नतीजा है। इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनाहु काफी लंबे समय से ईरान को अपना सबसे बड़ा दुश्मन और खतरा बताते आ रहे हैं। इसराइल ने ईरान पर हमले की योजना इसराइल हमास युद्ध के दौरान बना ली थी और इस हमले के नेपथ्य में इसराइल के विरुद्ध छद्म युद्ध रहा है। ईरान ने यमन में हूती विद्रोहियों और लेबनान में हिजबुल्ला को व्यापक समर्थन देकर इसराइल के लिए सुरक्षा के कई खतरे पर सवाल खड़े कर दिए थे। यह उग्रवादी अक्सर इजरायल में तोड़फोड़ हत्या और अनेकों आक्रमण में शामिल रहे हैं। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के तुरंत बाद से ही अमेरिका और इसराइल को अपना सबसे बड़ा तथा मुख्य विरोधी तथा दुश्मन मानता रहा है तभी से यह त्रिकोणीय संघर्ष और तनाव ताजा हमलो के रूप में सामने आया है। इसराइल और अमेरिका ने लगातार दो दशकों से कई बार ईरान पर परमाणु हथियार विकसित करने तथा इसे इसराइल तथा अमेरिका के विरुद्ध इस्तेमाल करने की धमकी के रूप में आरोप लगाया है। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल की ईरान से दुश्मनी काफी पुराने समय से पकती रही है जिसके फल स्वरुप इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए जिससे सेना उप प्रमुख समेत ईरानी फौज के बीस महत्वपूर्ण कमांडर मारे गए हैं इसके अलावा ईरान के 6 परमाणु वैज्ञानिक भी मौत के घाट उतार दिए गए। इसराइल ने ऑपरेशन लॉयन के तहत 200 लड़ाकू विमान से ईरान के लगभग 100 ठिकानों को तबाह किया है जिसका बहुत बड़ा कारण ईरान के सुप्रीम नेता खोमनई द्वारा इसराइल को कड़ी सजा देने की चेतावनी बताया गया है। वैसे अब इसराइल के इस बड़े हमले से पश्चिम एशिया में दो कट्टर दुश्मनों के बीच व्यापक तथा भयानक



युद्ध की आशंका बढ़ गई है। ईरान ने इस हमले के जवाब में सो बमवर्षक ड्रोन इसराइल पर दागे थे जिसे इजरायल फौजों ने नाकाम भी कर दिया है। यरूसलम की समाचार एजेंसी के अनुसार इसराइल के ईरानी हमले पर ईरान के तीन शीर्ष फौजी के कमांडर मारे गए हैं इसमें ईरानी सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल मोहम्मद बाघेरी, और महत्वपूर्ण तथा शक्तिशाली अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स के प्रमुख हुसैन सलामी तथा ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के प्रमुख जनरल आमिर अली की मौत हो चुकी है। इसके अलावा ईरानी सुरक्षा बलों के 17 प्रमुख एवं वरिष्ठ कमांडर भी मारे गए हैं । यह अत्यंत उल्लेखनीय है कि ईरान इजरायल के ईरान पर हमले से वरिष्ठ वैज्ञानिकों के मरने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को एक बहुत बड़ा झटका लगा है इन वैज्ञानिकों की मौत से परमाणु बम बनाने के ईरानी सपनों की भी मौत हो गई है।

ईरानी के सर्वोच्च नेता राष्ट्रपति अयातुल्लाह अली खामनेई ने कहा कि दुश्मन को बहुत पछताना पड़ेगा उन्होंने अपने एक बयान में कहा कि इसराइल ने ईरान में हमले करके जो अपराध कर अपना खूनी हाथ दिखाया है उसके लिए उसे बहुत पछताना पड़ेगा इसराइल को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी हम अब चुप नहीं बैठेंगे और इसराइल इस ईरान के बदले को सदियों तक याद रखेगा। अंतर्राष्ट्रीय रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इसराइल और ईरान की लड़ाई परमाणु ईंधन यूरेनियम के ईरान द्वारा जमा किए जाने पर हुई है इसराइल के प्रधानमंत्री ने कहा है कि ईरान को किसी भी कीमत पर जमा किए गए यूरेनियम से परमाणु बम बनाने नहीं दिया जाएगा यह इजरायल की पीढ़ियों के लिए खतरा बन गया है और जब तक ईरान इस बात से सहमत नहीं होगा कि वह परमाणु बम नहीं बनाएगा यह ऑपरेशन राइजिंग लायन जारी रहेगा। इधर इजराइल में आपातकाल घोषित कर दिया गया तथा इसराइल ने दुनिया भर में अपने सभी दूतावासों को बंद कर दिया है उन्होंने आशंका व्यक्त की है कि ईरान इजरायल के आवासीय परिसरों में हमला कर सकता है। दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप ने इसराइल के पक्ष में अजीबो-गरीब बयान दिया है उन्होंने ईरान को चेतावनी देते हुए समझाया है कि समझौते के लिए अभी भी सही समय है नहीं तो परिणामतः इसराइल के हमले और तेज तथा बदतर होंगे। उन्होंने आगे कहा कि जिन ईरानी नेताओं ने बढ़ चढ़कर बहादुरी दिखाई थी वे सब इजरायल के हमले से मारे गए अभी भी समय है संभल जाओ। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपतियों से सबसे अलग डोनाल्ड ट्रंप ऐसा प्रतीत होता है कि अपनी व्यापारिक नीति और युद्ध नीति को अभी तक निर्धारित नहीं कर पाए हैं। भारत-पाक युद्ध में भी अमेरिका क रवैया काफी अपरिपक्व ही रहा है और ताजा समाचारों के अनुसार अमेरिका ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ लड़ने वाला देश बताया है और पाकिस्तान के सोकॉल्ड फील्ड मार्शल असीम मुनीर के जन्मदिन पर उन्हें अमेरिका आमंत्रित किया है। ऐसा लगता है कि डोनाल्ड ट्रंप अपनी बढ़ती उम्र के साथ मानसिक संतुलन भी होते जा रहे हैं। वर्तमान परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इजरायल ईरान युद्ध में अमेरिका की संदेहास्प भूमिका के कारण नए विश्व युद्ध का त्रिकोण तैयार हो रहा है इसराइल के प्रधानमंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जानकारी दी है जिसमें भारत के प्रधानमंत्री ने कहा कि इसराइल और ईरान को तनाव बढ़ाने वाले किसी भी काम से बचना चाहिए वार्ता का रास्ता अपनाना चाहिए भारत के दोनों देशों से महत्वपूर्ण संबंध है और भारत सदैव मदद के लिए तैयार है। भारत के नागरिक दोनों देशों में निवासरत हैं उन्हें भारत ने सावधान रहने की सलाह दी है। इजरायल ईरान के हालिया युद्ध के पर्यावरण में यदि अन्य देशों की आवाजाही बनती है तो विश्व युद्ध होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।जो वैश्विक शांति के लिए एवं मानवता के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।

## कविता

करें वंदन जगत जननी माँ का।

हमने माटी के दीपों से घर सजा दिया,
बाती की लौ से सारा जग सजा दिया।

दीपों से अंधेरा करता रहा लाख मिन्नते,
दीपों की रोशनी ने तमस को हरा दिया।

अँधेरे की हैसियत ही क्या है जनाब
दीपों ने अंधेरों की हस्ती को हरा दिया।

बड़े गौरव से समेटों उन दीपों को
भव्य उजाले का जो नजारा दिया।

नमन कीजिये ऊन हाथों का संजीव,
पवित्र मिट्टी से सुनहरा उजाला दिया।

आओ करें वंदन जगत जननी माँ का
अज्ञान से परे ज्ञान का उजाला दिया।

संजीव

# पारंपरिक खेलः शारीरिक, मानसिक एवं संज्ञानात्मक विकास का आधार

**मनुष्य** के विकास में खेलों की भूमिका सदियों से महत्वपूर्ण रही है। विशेष रूप से पारंपरिक खेल न केवल मनोरंजन का साधन रहे हैं, बल्कि वे बच्चों और युवाओं के शारीरिक, मानसिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और नैतिक विकास में भी अत्यंत सहायक सिद्ध हुए हैं। परंतु वर्तमान समय में आधुनिकीकरण, शहरीकरण और मोबाइल क्रांति ने इन खेलों की जगह आधुनिक डिजिटल खेलों को दे दी है, जिससे बच्चों का जीवन-शैली और शारीरिक स्वास्थ्य दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। भारत की सांस्कृतिक विरासत में पारंपरिक खेलों का विशेष स्थान रहा है। कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, कंचे, लंगड़ी टांग, पिट्ठू, गिल्ली-डंडा, टायर दौड़, लुका-छिपी, गदा-पीठी, घरगुला आदि खेल गाँवों और शहरों दोनों में लोकप्रिय थे। इन खेलों में केवल मनोरंजन ही नहीं था, बल्कि इनमें जीवन के लिए आवश्यक अनेक गुण भी छिपे होते थे। पारंपरिक खेलों में दौड़ना, कूदना, झुकना, पकड़ना, गिरना और उठना जैसी गतिविधियाँ होती हैं, जो बच्चों की मांसपेशियों, हड्डियों और सहनशक्ति को मजबूत बनाती हैं। बच्चे खुले मैदान में खेलने से ताजा हवा और प्राकृतिक धूप का भी लाभ लेते थे, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती थी। इन खेलों में निर्णय लेने, रणनीति बनाने, प्रतिक्रिया देने और समस्याओं का हल निकालने जैसी क्षमताओं का विकास होता था। उदाहरण के लिए, कबड्डी और खो-खो जैसे खेलों में तेजी से सोचने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता बढ़ती है। यह बच्चों में स्मरण शक्ति, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और तार्किक सोच को भी मजबूत बनाता है। ये खेल सामूहिक होते थे, जिससे बच्चों में टीमवर्क, सहयोग, नेतृत्व, और सहानुभूति जैसे गुण विकसित होते थे। साथ ही, जब बच्चे हारते थे तो वे सीखते थे कि हार भी जीवन का हिस्सा है और इससे हतोत्साहित होने की बजाय अगली बार और बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। यही जीवन की असली सीख है। पारंपरिक खेलों के जरिए बच्चे ईमानदारी, अनुशासन, सहिष्णुता और दूसरों के प्रति सम्मान जैसे मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करते थे। कोई भी खेल बिना नियमों के नहीं चलता, और इन्हीं नियमों के पालन से नैतिकता की नींव पड़ती है। वर्ष 2000 के बाद, जब मोबाइल और कंप्यूटर तकनीक ने दुनिया में क्रांति ला दी, तब इसका सीधा असर बच्चों के खेलने के तौर-तरीकों पर पड़ा। स्मार्टफोन, वीडियो गेम, टैबलेट, और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ने बच्चों को घर के अंदर कैद कर दिया। अब बच्चे खुले मैदान की जगह छोटे स्क्रीन पर समय बिताने लगे हैं। इस बदलाव से बच्चों का शारीरिक विकास बाधित हो रहा है।

## विचार

# विश्व वायु दिवसः चेतावनी, उम्मीद और संकल्प

**हर** सुबह, जब पहली सांस हमारे फेफड़ों में उतरती है, तो वह सिर्फ हवा नहीं, बल्कि जीवन की वह धड़कन है, जो हमें इस धरती की हर सजीव लय से जोड़े रखती है। यह वायु – न दिखने वाली, न छूने वाली, फिर भी हर पल हमारे होने की नींव – प्रकृति का वह अनमोल रत्न है, जो हमें बिना माँगे मिलता है। लेकिन जब यही हवा जहर बनकर हमारे गले को घोंटने लगती है, तो वह चीख-चीखकर पूछती हैः तुमने मेरी पवित्रता को क्यों लूटा? विश्व वायु दिवस, जो हर साल 15 जून को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के तत्वावधान में मनाया जाता है, हमें इस सवाल से रूबरू करता है और उस धरोहर को बचाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन हमें चेताता है कि स्वच्छ हवा कोई सौदा नहीं, बल्कि वह जन्मसिद्ध अधिकार है, जिसके बिना न हमारा आज बचेगा, न हमारा कल। आधुनिक युग की चकाचौंध ने हमें सुख-सुविधाएँ दीं, लेकिन बदले में हमारी सांसें छीन लीं। औद्योगीकरण की चिमनियों से निकलता काला धुआँ, शहरीकरण की बेलगाम दौड़, और प्राकृतिक संसाधनों का बेरहम दोहन – इन सबने हमारी हवा को एक मूक हत्यारा बना दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की 2022 की एक दिल दहलाने वाली रिपोर्ट बताती है कि दुनिया की 99% आबादी ऐसी हवा में सांस ले रही है, जो डब्ल्यूएचओ के वायु गुणवत्ता मानकों से कहीं अधिक दूषित है। इस प्रदूषण के कारण हर साल करीब 70 लाख लोग असमय मृत्यु का शिकार हो रहे हैं – 40 लाख बाहरी वायु प्रदूषण से, और 30 लाख घरेलू प्रदूषण से। कार्बन मोनोऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, और पार्टिकुलेट मैटर (पीएम2.5 और पीएम10) जैसे जहरीले तत्व हमारे फेफड़ों को जकड़ रहे हैं। ये तत्व अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, हृदय रोग, और फेफड़ों के कैंसर जैसी घातक बीमारियों को जन्म दे रहे हैं। खासकर पीएम2.5, जो 2.5 माइक्रोमीटर से छोटे कण हैं, रक्तप्रवाह में घुसकर बच्चों की कोमल सांसों और बुजुर्गों की कमजोर धड़कनों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुँचाते हैं। यह संकट किसी एक कोने तक सीमित नहीं। दिल्ली, जो दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शुमार है, इसका एक दर्दनाक उदाहरण है। आईक्यूएयर की 2024 की विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली का एक्यूआई अक्सर 300 को पार कर खतरनाक स्तर पर पहुँच जाता है, जहाँ सांस लेना भी एक जंग बन जाता है। लेकिन यह जहर अब केवल शहरों तक नहीं रुका। भारत के गाँवों में पराली जलाने, बायोमास चूल्हों, और पारंपरिक ईंधन से निकलने वाला धुआँ हवा को दमघोंटू बना रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, भारत में घरेलू वायु प्रदूषण से हर साल लगभग 10 लाख लोग अपनी जान गँवाते हैं। बीजिंग, लाहौर, और मेक्सिको सिटी जैसे शहर भी इस अदृश्य आपदा से त्रस्त हैं। जलवायु परिवर्तन ने इस संकट को और भयावह बना दिया है। बढ़ता तापमान और मौसमी उथल-पुथल प्रदूषकों को और ज्यादा खतरनाक बनाते हैं, जिससे हवा में जहर का जाल और घना हो जाता है। इस आपदा से निपटने की ज़िम्मेदारी सिर्फ़.सरकारों या पर्यावरणविदों की नहीं, बल्कि हम सबकी है। हमारी छोटी-छोटी कोशिशें बड़े बदलाव की नींव रख सकती हैं। निजी वाहनों का कम उपयोग, साइकिल या सार्वजनिक परिवहन को अपनाना, ऊर्जा की बचत, और वृक्षारोपण जैसे कदम हवा को शुद्ध करने के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन से भी लड़ते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, अगर भारत में 10% लोग निजी वाहनों के बजाय सार्वजनिक परिवहन चुनें, तो कार्बन उत्सर्जन में 15-20% की कमी आ सकती है। एक परिपक्व पेड़ सालाना 20 किलोग्राम उड2 सोखता है, जिससे हवा की गुणवत्ता में सुधार होता है। नीतिगत स्तर पर, सरकारों को कठोर कदम उठाने होंगे। भारत का राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) 122 शहरों में पीएम2.5 और पीएम10 के स्तर को 20-30% कम करने का लक्ष्य रखता है, लेकिन इसकी रफ्तार धीमी है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।
"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# घमंड का बक्सा, फूटा लड्डू

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**पंडित** रामबिलास दुबे जी का चाल-चलन वैसा था, जैसा किसी घड़ीसाज की दुकान में बंधी दीवार घड़ी का होता है–जो खुद चलती है पर दूसरों को रुकवा देती है। उनका चेहरा ऐसा जैसे व्रत वाली दादी का कटोरा–थोड़ा पीला, थोड़ा टेढ़ा, और अंदर से घमंड का हलवा लबालब। गाँव के चौपाल से लेकर सरकारी दफ्तर तक, उनकी हँसी गूंजती थी–'अरे हम जैसे लोग तो जात के खंभे हैं, जो जिस दिन गिरेंगे, धरती हिल जाएगी।' लोग हँसते तो थे, लेकिन वो हँसी वैसी थी जैसे बिन नमक की खिचड़ी–खा तो ली पर रस कहाँ? रामबिलास जी को अपनी योग्यता पर इतना भरोसा था कि यदि मथुरा से कोई बाबा भविष्यवाणी करे कि 'अगले जन्म में आप बकरी बनेंगे, तो वो कह देते–'बकरी नहीं, कम से कम शेरनी बनाओ, इतनी योग्यता तो है।' उन्होंने कभी कोई नौकरी नहीं की, क्योंकि नौकरियाँ उन्हें छोटा बनाती थीं, और वो तो जन्मजात 'बड़ा' थे। अपने घर के सामने तख्ती टाँग रखी थी–"स्वघोषित विद्वान, परामर्श शुल्कः केवल सम्मान।" उनका घमंड इतना चौड़ा था कि अगर सड़क पर फैल जाए तो जेसीबी भी रिवर्स ले ले। मोहल्ले के बच्चे तक उन्हें देख हँसते थे, पर वो सोचते–"मेरे व्यक्तित्व से प्रभावित हैं।" एक दिन भोर में एक बालक ने पूछा–"पंडितजी, आप कभी रोए हैं?" वो मुस्कराकर बोले–"हमने तो दूसरों को रुलाया है, खुद कहाँ रोए!" और वहीं कहीं ऊपर, बादलों ने बरसना शुरू कर दिया। शायद ईश्वर भी हँसी में डूबा रो पड़ा। वो दिन भी आया जब उनके पुत्र लल्लन ने क्ब्ब्ळ निकाल ली। मोहल्ला गूंज उठा, पर रामबिलास जी की आँखें कह रही थीं–"मेरे जीन्स का कमाल है, वरना ये लड़का तो अमरूद चुराते पकड़ा गया था बचपन में।" उन्होंने तुरंत गेट पर नया बैनर लगाया–"पिता–रामबिलास दुबे जी।" मोहल्ले वाले हैरान–"अरे ये क्या टाइटल हुआ?" पर पंडितजी ने समझाया–"अब बेटा नहीं, ब्रांड बना है।" कुछ दिन बाद वही बेटा अमेरिका निकल गया, और रामबिलास जी का अहंकार सातवें आसमान पर। अब वो पान की दुकान पर जाकर कहते–"मसाले वाला पान देना, पर नथुनों से नीचे मत जाना, हमारी अमेरिका वाली नाक है!"

# "मौन की मुस्कान" चुप्पियों के शब्दों में गूंजती स्त्री की आत्मा

**डॉ. पूर्णिमा, अमृतसर**

"**मौन** की मुस्कान" कोई साधारण कविता-संग्रह नहीं है। यह एक स्त्री की उन असंख्य चुप्पियों का दस्तावेज है, जिनसे न तो इतिहास वाकिफ है और न ही वर्तमान अक्सर जानना चाहता है। प्रियंका सौरभ की कविताएँ जीवन की उन परतों को खोलती हैं, जहाँ शब्द नहीं, संवेदनाएँ बोलती हैं; और जब वे बोलती हैं, तो पूरा समाज सुनाई देता है। "सन्नाटे की साँझ में" कविता में प्रियंका लिखती हैंः "प्रेम कोई नाटकीय प्रदर्शन नहीं, वह दो स्वभावों की ऐसी सांगीतिक रचना है जहाँ एक मौन रहता है तो दूसरा गाता है।" यह पंक्ति नारी के मौन और उसके आत्मीय संवाद की गहराई को छू जाती है। कवयित्री ने मौन और संवाद को रिश्तों की नींव के रूप में प्रस्तुत किया है – नारी का मौन कोई कमजोरी नहीं, बल्कि गहराई है।
इसी तरह, "सत्य का गीत चाहिए" में वे सत्ता, विवेक और नैतिक अकेलेपन की बात करती हैंः "जिसके पक्ष में न नारे हों, न नगाड़े, उसी की आवाज कभी न कभी संविधान बनती है।" यह कविता किसी आंदोलन की घोषणा है, जो भीड़ से नहीं, अकेले खड़े एक सत्यनिष्ठ से शुरू होती है। यह संग्रह केवल भावुक नहीं बनाता, बल्कि न्याय, संघर्ष और आत्मगौरव की चेतना भी जाग्रत करता है।
"सैनिक जब शहीद होता है" जैसी रचना पढ़ते हुए आँखें नम हो जाती हैंः "शहीद होती है बहन की राखी, जो अब सिर्फ़.तस्वीरों में कलाई तलाशती है।" प्रियंका की भाषा में कोई बनावटी क्रांति नहीं है – यह सामान्य स्त्रियों के असामान्य जीवन का अनकहा इतिहास है। "उम्मीदों के चाँद तारे", "जब नकाब उतरते हैं", और "मत समझो तुम..." जैसी कविताएँ आत्मनिरीक्षण और आत्मगौरव की नई परिभाषाएँ गढ़ती हैं। विशेषकर जब नकाब उतरते हैं में वह बेबाकी है, जो आज की स्त्री के आत्मसम्मान का सबसे सटीक परिचय हैः "अब न किसी से उम्मीद है, न ही कोई शिकवा बाकी, सच ने सब कुछ साध लिया है, झूठ की अदालत अब खाली।" "आओ सरकारी स्कूल चलें" कविता में प्रियंका समाज के उस वर्ग की बात करती हैं, जो शिक्षा की लड़ाई सरकारी स्कूलों में लड़ रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### वाहन से सडक पर गिरी दर्जनों मछलियां राहगीर ने गाड़ी रोक बचाई जान

**कैथल (नसीब सैनी)।** कैथल के करनाल रोड रेलवे फाटक के पास शनिवार को एक दर्दनाक दृश्य देखने को मिला जब एक वाहन से अचानक दर्जनों मछलियां सडक पर गिर गईं। तेज गर्मी और तपती सडक पर गिरते ही कई मछलियां दम तोड़ गई तथा कुछ अन्य वाहनों के नीचे आकर मरती गईं। कुछ मछलियां देर तक सडक पर तड़पती रहीं। इस हृदयविदारक दृश्य को देखकर अधिकांश लोग आगे बढ़ गए, तभी एक राहगीर ने अपनी गाड़ी रोक कर मानवता की मिसाल पेश की। उसने तुरंत एक पानी से भरा पॉलीथीन बैग निकाला और तड़पती मछलियों को उसमें एकत्र करना शुरू किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह व्यक्ति बिना समय गंवाए एक-एक मछली को सावधानी से उठाकर सुरक्षित पानी में डालता रहा। इससे काफी मछलियों की जान बच गई। सभी ने इस मानवीय कार्य की सराहना की और कहा कि जहां आजकल लोग अपनी गाड़ी धीमी करने को भी तैयार नहीं होते, ऐसे में इस राहगीर ने एक छोटा सा परंतु बेहद मूल्यवान संदेश दिया कि जान चाहे इंसान की हो या जीव की, हर जीवन मूल्यवान है।

### नीट यू जी 2025 में अलीश सैनी की शानदार उपलब्धि

**लाडवा (विजय कौशिक)** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनोरा-लाडवा में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई, जब उसके एक मेधावी छात्र अलीश सैनी ने नीट यू जी 2025 में अखिल भारतीय स्तर पर 1194वीं और कैटेगरी वाइज 368वी रैंक लेकर सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस सीट सुनिश्चित की।



स्कूल के प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविंदर बंसल, प्रिंसिपल नरेंद्र कुमार और शिक्षकों ने अलीश सैनी और उनके माता-पिता को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी और उनकी लगन, परिश्रम और दृढ़ता की सराहना की। सभी ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि अलीश सैनी ने विज्ञान स्ट्रीम में कक्षा 12 के वार्षिक परिणाम में स्कूल में टॉप किया था। नीट 2025 में उनका शानदार प्रदर्शन उनकी सफलता के मुकुट में एक और सुनहरा पंख है।

### रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया जात

गाजियाबाद। ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में जात प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीजों, धातु और उनके अर्थों के जरिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 11 जून से 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूके: क्रिएटिव कनेक्शन्स क्कके हिस्से के रूप में चलेगी। सोनाक्षी बताती हैं, जात की शुरूआत मेरी अपनी पुरानी यादों को सहेजने के लिए हुई थी, लेकिन यह जल्द ही एक तरह का दावा बन गया—उन पारिवारिक चीजों को खोजने का, जिनमें उन महिलाओं का चुपके से किया गया विरोध छिपा था, जिन्हें सिर्फ.मां, दुल्हन या दादी के रूप में जाना गया। अपनी मूर्तियों के जरिए, मैं मां-बेटी की विरासत को चीजों की यादों के रूप में सहेजती हूं—ताकि आने वाली पीढ़ियों की महिलाएं उन्हें सिर्फ. उनके रोल्स से नहीं, बल्कि उनकी ख्वाहिशों, आजादी और आवाज के साथ जानें। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी ने 2024 में मशहूर रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट से ज्वैलरी और मेटल में एमए पूरा करने वाली सोनाक्षी नई पीढ़ी की कलाकार हैं, जो पुरानी हस्तकला को आधुनिक कला के साथ जोड़ रही हैं। रत्न विशेषज्ञ होने के साथ-साथ इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर द आर्ट्स (संस्कृति मंत्रालय) में शोधकर्ता के रूप में उनका अनुभव उन्हें दक्षिण एशियाई समाजों में गहनों और विरासत के सांस्कृतिक मायने समझने की गहरी समझ देता है।

### कनाडा भेजने के नाम पर 85 लाख की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में इमीग्रेशन के नाम पर धोखाधड़ी का बड़ा मामला सामने आया है। शहर के मुगल कैनाल स्थित एक इमीग्रेशन फर्म ने 11 लोगों की कनाडा वर्क परमिट फाइलें तैयार कर करीब 85 लाख रुपए मोहाली की एक अन्य कंपनी को सौंपे थे। डेढ़ साल बीत जाने के बावजूद न तो किसी को वीजा मिला और न ही पैसे वापस किए गए। आरोप है कि जिस कंपनी को फाइलें सौंपी गई थी, उसका ऑफिस अब बंद पड़ा है और प्रतिनिधियों से संपर्क नहीं हो रहा। इस संदर्भ में थाना शहर में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है
प्रेस्टीज इमीग्रेशन के पार्टनर गुरजीत सिंह व राजीव बंसल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्होंने अप्रैल 2023 में फर्म की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग जगहों के 11 व्यक्तियों की कनाडा वर्क परमिट की फाइलें तैयार कर मोहाली की रुद्राक्ष ओवरसीज कंपनी को भेजी थी।

# अहमदाबाद विमान हादसे में मारे गए यात्रियों की आत्मिक शांति के लिए हुई श्रद्धांजलि सभा

**श्रद्धांजलि सभा**

**समिति चेयरमैन एसडी अरोड़ा ने कहा कि यह बहुत दर्दनाक घटना हुई है, जिससे हम सबका दिल दहल गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा अहमदाबाद में बोईंग विमान के क्रैश होने पर मारे गए यात्रियों के प्रति दुख प्रकट करने के लिए श्रद्धांजलि सभा बुलाई गई। इस बोईंग विमान में 232 यात्री और 10 क्रू के मैम्बर मिलाकर 242 लोग सवार थे। इनमें से केवल एकमात्र यात्री विश्वास कुमार रमेश ही जिंदा बचा है, बाकी सभी की इस दुर्घटना में मृत्यु हो गई। इस हादसे में कालेज होस्टल के कुछ छात्रों की भी मृत्यु हो गई, जिससे मरने वालों की संख्या 265 है। इसके अलावा इस हादसे में होस्टल के कुछ छात्र घायल भी हुए हैं, जिनका ईलाज अस्पताल में चल रहा है।
समिति चेयरमैन एसडी अरोड़ा ने कहा कि यह एक बहुत दर्दनाक घटना हुई है, जिससे हम सबका दिल दहल गया है। ऐसी अनहोनी घटना होना प्रकृति का प्रकोप कहा जाए या विमान में कोई तकनीकी खराबी कहा जाए, इसका अभी तक कुछ पता नहीं चला है और विमानन विभाग द्वारा इसकी गहनता से जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोग रेलवे यात्रा और रोडवेज यात्रा की बजाय हवाई यात्रा को ज्यादा सुरक्षित समझते थे जो कि इस घटना ने उनके भ्रम को तोड़ दिया है।
राम रतन अत्री समिति पैट्रन द्वारा समिति को बताया गया कि इस दुखद त्रासदी के लिए पर्यावरण समिति को एक विशेष श्रद्धांजलि सभा बुलानी चाहिए और उसी अनुसार यह श्रद्धांजलि सभा बुलाई गई है। समिति सदस्यों ने इस हादसे में मारे गए लोगों की आत्मिक शान्ति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया और उनके परिवारजनों के प्रति संवेदना प्रकट की गई।
इस श्रद्धांजलि सभा में चीफ पैट्रन कंवल भसीन, केएल नारंग, ओपी सचदेवा, अनिल अरोड़ा, एचआर मित्तल, बाबूराम शर्मा, डॉ. पुष्पा सिन्हा, अर्जुन देव वर्मा, देवेन्द्र मोहन सिंह, एचडी कथूरिया, हरिताभ भारती, पूर्ण चन्द बजाज आदि उपस्थित रहे।

## मेयर राजीव जैन ने नालों की सफाई में तेजी लाने के दिए निर्देश



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** नगर निगम मेयर राजीव जैन ने नालों की सफाई में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं ताकि बरसाती पानी की निकासी में परेशानी ना हो, दुकानदारों एवं रेहड़ी वालों से भी अपील है कि बरसाती नालों में कचरा ना तो डालें और न ही डालने दें।
शनिवार को पुलिस लाइन, जेल परिसर तथा सेक्टर 27 थाने से गेटवे स्कूल तक राजीव जैन की देखरेख में नाला सफाई अभियान चलाया गया। राजीव जैन ने मौके पर मौजूद मुख्य सफाई निरीक्षक साहब सिंह, सतेंद्र दहिया तथा सुंदर मलिक को कड़े निर्देश दिए कि 30 जून से पूर्व नालों की सफाई पर पूरा जोर दो क्योंकि मानसून सिर पर है।
राजीव जैन ने पानी की निकासी की समस्या को लेकर देवरू रोड तथा अग्रसेन चौक का भी दौरा किया। देवरू रोड पर सड़क के साथ साथ गलियों के पानी की निकासी में आ रही बाधाएं दूर करने का आश्वासन दिया। अग्रसेन चौक पर जलभराव की समस्या से निपटने के लिए फौजी कैंटीन के पास पाइप डालकर समस्या का समाधान किया जायेगा।
इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, शशि कांत भारद्वाज, अतुल गौतम, श्री निवास, जोगेंद्र सेठा, सूरज जैन अधिवक्ता, हंसराज, भोपाल त्यागी, नकिन मेहरा अधिवक्ता, सतनारायण मेहरा, मनोज धानिया, कुलदीप सैनी, बिन्द्र, वेद सैनी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रक्तदाताओं को किया सम्मानित

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

सोनीपत जिला रेड क्रॉस भवन में नगराधीश डॉक्टर अनमोल ने सोनीपत जिले के रक्त वीरों और रक्तदान के क्षेत्र में कार्य करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस भवन में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें 22 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। सभी ने यह प्रण लिया कि समाज में जागरूकता फैलाकर रक्तदान संबंधित भ्रांतियों को दूर करना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग रक्तदान करके जीवन रक्षा कर सकें। रक्तदान महादान है, क्योंकि यह मानव ही मानव को दान कर सकता है।

## बिना नक्शा पास करवाए कर रहे हैं पुन्हाना शहर में भवन का निर्माण

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुन्हाना मनीष आहूजा** : पुन्हाना शहर में भू-स्वामियों ने नगर पालिका से प्रस्तावित भवन का नक्शा पास करवाए बिना हीं भवनों को धड़ल्ले से निर्माण कर रहे हैं। बगैर नक्शा के सैकड़ों भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। नक्शा पास नहीं कराने की वजह से नगर पालिका को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। हालांकि कई बार नपा की तरफ भवन बनाने वालों को नोटिस दिए गए, लेकिन ये नोटिस केवल दिखावा बनकर रहे गए हैं। भवन का नक्शा पास न कराने से जहां लोग बेतरतीब ढंग से मकान नियमों की अवहेलना कर रहें हैं। नगर पालिका क्षेत्र में रिहायशी, व्यवसायिक, औद्योगिक तथा अन्य प्रकार के भवनों का निर्माण करने से पूर्व प्रस्तावित भवन का नक्शा नगर पालिका में आनलाइन जमा करवाना पड़ता है। इससे नगर पालिका को आवासीय प्रस्तावित भवनों पर 80 रुपये प्रति वर्ग मीटर विकास शुल्क, नक्शे की फीस तथा लेबर वसूलता है। वहीं प्रस्तावित व्यवसायिक भवनों के भूस्वामी द्वारा आनलाइन नक्शा जमा करवाने पर नगर पालिका को 650 रुपये प्रति वर्ग मीटर विकास शुल्क, नक्शे की फीस तथा लेबर सेस की राजस्व प्राप्ति होती है।



लेकिन विभाग के अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर हो रहे निमार्णों की तरफ से आखें मूंदे हुए हैं। शहर में अवैध निमार्णों के प्रति नगर पालिका के अधिकारियों का भी कोई ध्यान नहीं है। शहर के लोगों का कहना है कि नगर पालिका के अधिकारियों को शहर के प्रत्येक वार्ड में सर्वे करवाना चाहिए कि किन-किन भू स्वामियों ने अपने निमार्णाधीन या फिर निर्माण कर लिए भवनों के नक्शे नगर पालिका में जमा करवाए हैं या नहीं। ऐसे लोगों की सूची बनाकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करनी चाहिए जिन्होंने भवन निर्माण कर लिए या निमार्णाधीन हैं।
ऐसे भू स्वामियों की सूची तैयार की जा रही है जिन्होंने नगर पालिका में नक्शा जमा करवाने बिना अपने भवनों के निर्माण कर लिए हैं या फिर भवन निमार्णाधीन है। इनकी सूची तैयार करने के बाद उपायुक्त नूंह से डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करवाकर इनके भवनों को सील करने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।

## सांप के डसने से महिला की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के मोहिदीनपुर गांव में खेत में काम कर रही एक महिला को सांप ने डंस लिया। परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़-फूंक कराने नेवल गांव ले गए। वहां से लौटते वक्त महिला की हालत बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया।
महिला की पहचान गांव मोहिदीनपुर निवासी 55 वर्षीय कमलेश देवी के रूप में हुई है। वह शनिवार सुबह करीब 6 बजे अपने देवर सुरेंद्र और अन्य परिजनों के साथ खेत में काम कर रही थी। जैसे ही वह पयोद उखाड ? के लिए क्यारी में बैठी, तभी एक काले रंग के सांप ने उसकी एड़ी पर डंस लिया।
महिला ने तुरंत देवर को बताया कि सांप ने काटा है। परिजनों ने खेत में ही उस सांप को ढूंढकर मार डाला। सांप के काटने के बाद परिजनों ने महिला को सीधे अस्पताल ले जाने की बजाय पहले झाड़ फूंक करवाने का निर्णय लिया। मृतका का बेटा विजय व एक अन्य परिजन उसे बाइक पर बैठाकर नेवल गांव ले गए, जहां एक ओझा ने उसे धागा बांधा और कहा कि अब इसे ले जाओ। उस वक्त तक महिला की हालत स्थिर थी, लेकिन नेवल से निकलते ही तबीयत बिगड ? लगी। परिजन उसे अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही महिला की मौत हो गई।

## स्वास्थ्य जांच के लिए डूलाना पहुंची स्वास्थ्य विभाग नारनौल से मोबाईल वैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़** । क्षेत्र के गांव डूलाना में ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए स्वास्थ्य विभाग नारनौल से डॉक्टर ज्योत्सना के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम मोबाईल वैन के साथ ड्लाना पहुंची !
इस अवसर पर उपस्थित स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान ने बताया कि स्वास्थ्य जाँच टीम में रेडियोलॉजी ऑफिसर अजय कुमार, रतन लाल, बलवंत, राहुल, योगेश ने स्वास्थ्य कैंप में आये हुए 119 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की ! टी बी यूनिट कनीना से टी बी इंचार्ज पवन कुमार, टी बी एच वी युद्धवीर , हूमन कोरियर देवेन्द्र कुमार ने टी बी के मरीजो के सम्पर्क वाले सदस्यों के बलगम की जांच के लिए सैंपल लिए ! रेडियोलॉजी ऑफिसर अजय कुमार ने 22 मरीजों के एक्स-रे किए जिनमें से 8 मरीजों के एक्स-रे अबनॉर्मल पाये जिनके बलगम की जांच के सैंपल लिए, एचआईवी जांच की गईं और उनको सी वाइ टी बी की वैक्सीन लगाई गई ! स्वास्थ्य जांच कैंप में सभी 119 मरीजों की शुगर की जांच की गई जिनमें से 7 मरीजों को शुगर पाई गई उनको शुगर की दवाई दी गई !इस अवसर पर सीएचओ डॉ. पूनम रेबारी, स्वास्थ्यकर्मी मुकेश चौहान एवं सोनू ए एन एम विशेष रूप से उपस्थित रहे और स्वास्थ्य जांच कैंप में आये हुए सभी मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया, ए एन सी जांच की व उनके स्वास्थ्य की जांच करने एवं वैक्सीन लगाने का कार्य किया !समाजसेवी डॉ. धर्मेंद्र यादव, सुमन आशा वर्कर एवं सरोज हैल्पर,बलबीर चौकीदार ने मरीजों को बुलाने एवं उनके स्वास्थ्य की जांच करवाने में अपना पूर्ण सहयोग दिया !



## कोरस कमाण्डो बटालियन एवं सैक्टर-15 हुड्डा में करवाया योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर, 14 जून(धर्मबीर)-** कोरस कमाण्डो बटालियन एवं सैक्टर-15 हुड्डा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया जिसमें कोरस कमाण्डो बटालियन में वाहिनी के कमान अधिकारी कुमार निशांत एवं हुड्डा सैक्टर-15 में पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रतिभा भाटिया ने बताया कि मुख्यमंत्री के दिशा-निदेर्शानुसार 25 दिन पूर्व योग महोत्सव मनाना शुरू कर दिया गया था और यमुनानगर के सभी गांवों व शहरी कस्बों, वार्डों में प्रतिदिन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कोरस कमाण्डो बटालियन में आयुष योग सहायक दीपक बड़ौला एवं सैक्टर-15 हुड्डा में योग विशेषज्ञ डॉ. शिव कुमार द्वारा योग समन्वयक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया है।
डॉ. प्रतिभा भाटिया ने जानकारी देते हुए कहा कि 15 जून 2025 को कुरुक्षेत्र में राज्य स्तरीय मैराथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आयुष विभाग यमुनानगर से 500 प्रतिभागी भाग लेने जायेंगें।



## दो दिवसीय अखिल भारतीय महापौर परिषद सम्मेलन आज से

**पंचकूला/टीम एक्शन इंडिया**

मैनपाल: पंचकूला में रविवार से दो दिवसीय अखिल भारतीय महापौर परिषद सम्मेलन होने जा रहा है। 15 और 16 जून को होने वाले सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिसमें देशभर से आए महापौर विभिन्न विकास योजनाओं को लेकर अपने विचार साझा करेंगे। इस सम्मेलन का आयोजन पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने किया है। कुलभूषण गोयल ने बताया कि अखिल भारतीय महापौर सम्मेलन में 50 महापौर भाग लेने आ रहे हैं, जिसमें कर्नाटक, केरल, अरुणाचल, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली से लोग पहुंच रहे हैं।

## भीषण गर्मी में जनता के लिए फील्ड में मेयर, दिए सख्त निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**यमुनानगर, जून(धर्मबीर)- भीषण** गर्मी और तपती धूप के बावजूद नगर निगम महापौर सुमन बहमनी जनता की समस्याएं जानने और उनका समाधान सुनिश्चित करने के लिए खुद फील्ड में उतरीं। महापौर ने मानसून से पहले शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए विभिन्न वार्डों में जाकर नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और सफाई कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। महापौर सुमन बहमनी ने निरीक्षण की शुरूआत वार्ड नंबर छह व सात स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल के पास जगाधरी से आ रहे बड़े नाले से की, जहां पानी निकासी की स्थिति देखी गई।



इसके बाद वे वार्ड नंबर 8 के प्रोफेसर कॉलोनी में शमशान घाट के पास बने नाले का निरीक्षण करने पहुंचीं। यहां भी नाले की सफाई और जल निकासी की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर ही सफाई शाखा के अधिकारियों को फोन कर तुरंत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। यहां से महापौर बहमनी वार्ड नंबर 18 के जोड़ियां औद्योगिक क्षेत्र पहुंची, जहां लंबे समय से बंद पड़े नाले की स्थिति देखी। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रही औद्योगिक इकाइयों के संचालकों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस मौके पर संबंधित वार्ड पार्षद भी महापौर के साथ रहे। वार्ड नंबर 6 से पार्षद अंकित गोयल, वार्ड नंबर 8 से पार्षद विभोर पाहुजा और वार्ड नंबर 18 से पार्षद उज्ज्वल ठाकुर ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं साझा की। महापौर सुमन बहमनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नगर निगम मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि जनता को जलभराव जैसी परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए नगर निगम पूरी जिम्मेदारी से काम कर रहा है। अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं कि हर हाल में सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त की जाए।

## पति पर अवैध संबंध का आरोप, बेटी और भाई के साथ पति के क्लिनिक पर पहुंची महिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना**

पुन्हाना शहर में पति पर अवैध संबंध बनाने का आरोप लगाते हुए एक पत्नी अपनी बेटी और भाई सहित अन्य लोगों को साथ लेकर पति के घर पहुंच गई। जहां पत्नी और बेटी ने काफी बवाल खड़ा कर दिया। महिला के पति ने मामला खराब देख पुन्हाना शहर सिटी थाना पुलिस को बुलाया और सभी को पुलिस के हवाले कर दिया। वहीं पीड़िता महिला ,दो लड़कियों और उसके भाई ने पुन्हाना पुलिस पर उनके साथ मारपीट कर गंदीझगंदी गालियां देने सहित कई गंभीर आरोप लगाए है। जिसको लेकर उन्होंने सीएम विंडो,आईजी,एसपी सहित अन्य आला अधिकारियों को शिकायत



भेजकर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अन्य लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।
30 साल पहले हुई थी महिला की शादी महिला के भाई संजय मित्तल निवासी होडल ने बताया कि उनकी बहन अनिता गोयल की शादी करीब 30 साल पहले डॉक्टर विनोद गोयल निवासी पुन्हाना के साथ हिंदू रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई थी। जिनके दो लड़कियां है। आरोप है कि डॉक्टर विनोद गोयल उनकी बहन के साथ शादी के बाद से ही मारपीट व गंदीझगंदी गालियां देता आ रहा है। जिसकी करीब 7 साल पहले महिला आयोग दिल्ली में शिकायत दी गई थी। शिकायत के बाद डॉक्टर विनोद गोयल ने कुछ दिन तक उनकी बहन अनिता गोयल को ठीक ढंग से रखा।
अवैध संबंधों के चलते मारपीट कर घर से भगाने का आरोप
शिकायतकर्ता संजय मित्तल ने बताया कि डॉक्टर गोयल के कई महिलाओ से नाजायज शारिरीक संबंध है। जिसकी वजह से वह मेरी बहन के साथ मारपीट करता रहता था। इन्हीं अवैध संबंधों के चलते उसने पत्नी अनीता गोयल को घर से बाहर निकाला दिया। महिला ने बताया कि 10 जून को वह अपने भाई, छोटी लड़की सहित परिवार के अन्य लोगों डॉ विनोद गोयल के क्लीनिक पर जाकर बैठ गए। उसी दौरान डॉ. विनोद गोयल ने पुलिस को फोन कर दिया। थोड़ी देर बाद मौके पर शहर थाना पुलिस पहुंच गई। जिसके बाद उन्हें थाने ले गई। बेटी ने बताया कि पापा को कई बार समझाया
मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ विनोद गोयल की बेटी ऋषिका गोयल ने बताया कि जब उन्हें अपने पापा के किसी महिला से अवैध संबंधों के बारे में पता चला तो उन्होंने ऐसा करने से काफी मना किया। लेकिन वह नहीं माने। इसी पीड़ा से दुखी वह 10 जून अपने मां,मामाझमामी, भाई सहित अन्य लोगों क्लीनिक पर पहुंच गए। वहां से पुन्हाना पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। ऋषिका का आरोप है कि थाने में पुलिस कर्मचारियों ने उनकी मां और भाई के साथ मारपीट। रात करीब 2 बजे उन्हें छोड़ दिया ,लेकिन मामा और भाई को 107/151 में अंदर ही बंद कर दिया। जिन्होंने सुबह अपनी जमानत कराई। ऋषिका का यह भी आरोप है कि थाने में पुलिस कर्मचारियों ने उन्हें खूब बुरा भला कहा जिसकी रिकॉर्डिंग भी उनके पास मौजूद है।

## अलग-अलग माध्यम से नशे के खिलाफ लाडवा पुलिस का अभियान जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लाड़वा (विजय कौशिक):** लाडवा थाना प्रभारी सुनील वत्स ने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए लाडवा पुलिस अलग-अलग माध्यमो से युवाओं को प्रोत्साहित कर रही है। कुरुक्षेत्र पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के मार्ग-निर्देश में नशे के खिलाफ स्पैशल अभियान चलाकर या विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रहीं हैं। थाना प्रभारी सुनील वत्स ने बताया कि अभियान के तहत लाडवा पुलिस अलग-अलग जगहों पर विभिन्न प्रकार के आयोजन कर नशामुक्ति का सन्देश दे रहीं हैं। आज 14 जून को थाना लाडवा प्रभारी निरीक्षक सुनील वत्स के मार्ग-दर्शन व संजीव कुमार सहायक उपनिरीक्षक के सहयोग में पुलिस टीम ने थाना एरिया में ठन्डे पानी की छब्बील लगाकर आमजन को ठन्डा पानी पिलाकर नशे से दूर रहने का सन्देश दिया। पुलिस का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ना पुलिस अधीक्षक जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए सबसे पहले नशे पर लगाम लगानी होगी क्योंकि नशा ही अपराधो की जड़ है। नशा करने वाला व्यक्ति न केवल अपना बल्कि पूरे परिवार का जीवन खराब कर देता है। इस बुराई को खत्म करने के लिये समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है।



## न्यूज फ्लैश

### प्रधानमंत्री मोदी ने 11 वर्षों में देश को दी नई दिशा - डॉ. ऋषिपाल सैनी



**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** हरियाणा हेल्थ केयर वर्कर बोर्ड के पूर्व चेयरमैन एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. ऋषिपाल सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों के दौरान देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। प्रधानमंत्री ने अपने कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी सोच से भारत को वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है। डॉ. सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने न केवल देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया, बल्कि गरीब, किसान, महिलाओं और युवाओं के हित में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा, विज्ञान, डिजिटल तकनीक, आधारभूत ढांचे और विदेश नीति के क्षेत्रों में भी सशक्त बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 11 वर्षों का कार्यकाल देश के लिए विकास, विश्वास और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बन चुका है। उनके नेतृत्व में भारत ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को साकार किया है।

### संघर्ष समिति द्वारा गोहाना जिले में खरखौदा को शामिल करने का किया विरोध



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा** में नए गोहाना जिले में शामिल करने के विरोध में खरखौदा संघर्ष समिति द्वारा एक पंचायत आयोजित की गई है। यह महापंचायत भगवान परशुराम पार्क खरखौदा में रविवार, 15 जून को सुबह 9 बजे होगी।

खरखौदा के निवासी सोनीपत जिले से अलग होकर गोहाना जिले में शामिल होने के विरोध में एकजुट हो रहे हैं। उनका मानना है कि खरखौदा को सोनीपत जिले में ही रहना चाहिए। खरखौदा संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया है कि वे किसी भी हालात में प्रस्तावित गोहाना जिले में शामिल नहीं होंगे। समिति ने लोगों से महापंचायत में पहुंचने का आग्रह किया है। इस अवसर पर विकेश दहिया रोहणा, एक्शन धर्मवीर सिसाना, लीलू गढ़ी सिसाना, मास्टर राजेंद्र खांडा, जीतू चोलका, नरेंद्र ठेकदार सेहरी, बिजेंद्र तुर्कपुर, मोनू फिरोजपुर, डॉ इंद्रजीत राणा सोहटी, जोरावर बरोना आदि मौजूद रहेंगे।

गौरतलब है कि खरखौदा के लोगों ने पहले भी गोहाना जिले में शामिल करने के विरोध में आवाज उठाई है। उनका तर्क है कि खरखौदा से सोनीपत की दूरी मात्र 16 किलोमीटर है, जबकि गोहाना 40 किलोमीटर दूर है। इसलिए खरखौदा को सोनीपत के साथ ही रखा जाना चाहिए।

# असर सर्वे रिपोर्ट : मौलिक शिक्षा के मामले में अंबाला प्रदेश में तीसरे स्थान पर

### निपुण हरियाणा मिशन के प्रति प्रतिबद्धता को लेकर 38 उत्कृष्ट अध्यापकों को मिला सम्मान

**रिपोर्ट**

**सर्वे की रिपोर्ट में मौलिक शिक्षा के मामले में सोनीपत और रेवाड़ी के बाद अम्बाला जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला अंबाला में निपुण हरियाणा मिशन के तहत कक्षा एक से तीन के बच्चो को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए खंड अम्बाला-1 के 21 तथा खंड अम्बाला-2 के 17 शिक्षकों को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया ' खंड अम्बाला-1 का सम्मान समारोह पी० एम० श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलदेव नगर, अम्बाला शहर तथा खंड अम्बाला-2 का सम्मान समारोह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बी० सी० बाजार अम्बाला छावनी में आयोजित किया गया ' इस अवसर पर उपस्थित सभी प्राथमिक शिक्षकों को संबोधित करते हुए जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि वर्ष 2025 की असर सर्वे की रिपोर्ट में मौलिक शिक्षा के मामले में सोनीपत और रेवाड़ी के बाद अम्बाला जिला प्रदेश में तीसरे स्थान पर रहा है और यह तब हुआ है जब जिले के 478 प्राथमिक स्कूलों में से 200 प्राथमिक पाठशालाएं एकल अध्यापक विद्यालय है। अब यदि अम्बाला जिला के सभी प्राथमिक शिक्षक थोड़ी और अधिक मेहनत करें और ठान लें तो अगली असर सर्वे रिपोर्ट में मौलिक शिक्षा के मामले में अम्बाला जिला प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकता है' उन्होंने बताया कि अम्बाला जिला के सभी 478 प्राथमिक स्कूलों की मेगा मोनिटरिंग के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अम्बाला कार्यालय द्वारा एक सर्वे कराया गया था जिसमे अध्यापकों की कार्यकुशलता को देखने के लिए 6 गतिविधियों का एक टूल बनाया गया था जिसमे प्रत्येक गतिविधि के लिए अधिकतम 10 अंको का प्रावधान किया गया था ' यानि सभी 6 गतिविधियों के लिए अधिकतम 60 अंकों का प्रावधान किया गया था। इन गतिविधियों में अध्यापक द्वारा शिक्षक संदर्शिका, बच्चों की वर्क-बुक व स्किल पास-बुक, अल्प मूल्य वाले टी०एल०एम० (शिक्षण अधिगम सामग्री), कक्षा कक्ष का प्रिंट रिच वातावरण और बच्चों का समग्र अधिगम विकास जैसी गतिविधियाँ शामिल की गयी थी। यह सर्वे एबीआरसी, बीआरपी, मौलिक मुख्याध्यापक, पीजीटी, उच्च स्कूल मुख्याध्यापक, प्राचार्य, संकुल मुखिया और खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से करवाया गया था।इस मेगा मोनिटरिंग सर्वे में जिन अध्यापकों ने अधिकतम 60 अंकों में से कुल 48 या अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन सभी 124 अध्यापकों को उत्कृष्ट अध्यापक मानते हुए सम्मानित करने की योजना बनाई गई है। आज के समारोह में खंड अंबाला -1 और अंबाला -2 के 38 बेहतरीन अध्यापकों को सम्मानित किया गया है। शेष अध्यापकों को भी शीघ्र ही उनके खंड मुख्यालय पर जाकर सम्मानित किया जाएगा।

## प्रियंका ने बी. फार्मेसी परीक्षा में किया टॉप




**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी की होनहार छात्रा प्रियंका ने पंडित भगवत दयाल शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, रोहतक की बी. फार्मेसी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है। प्रियंका ने 725 में से 640 अंक प्राप्त किए हैं। प्रियंका की इस उपलब्धि पर संस्थान में खुशी का माहौल है। प्राचार्य डॉ. अश्विनी कुमार ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। वहीं चेयरमैन सीए एस. के. जिंदल ने भी प्रियंका को शुभकामनाएं दी और

**उपलब्धि**

**प्रियंका ने 725 में से 640 अंक प्राप्त किए हैं। प्रियंका की इस उपलब्धि पर संस्थान में खुशी का माहौल है**

कहा कि यह संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रियंका की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनी है। इस मौके पर संस्थान के समस्त शिक्षकगण व प्रबंधन ने प्रियंका को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## डेढ़ माह से एंबुलेंस कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत :** जिले में कौशल रोजगार व एनएचएम के तहत कार्यरत एंबुलेंस कर्मचारियों को पिछले डेढ़ महीने से वेतन नहीं मिला है। कर्मचारी कई बार अपने विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके है। शुक्रवार को नाराज कर्मचारी जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में पहुंचे। जहां मामले को लेकर अधिकारी को अवगत करवाया। अधिकारी की तरफ से कर्मचारियों को जल्द वेतन दिलाने का आश्वासन दिया है। कौशल विभाग व एनएचएम के तहत कर्मचारी शुक्रवार को वेतन न मिलने के चलते जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. ज्योत्सना के कार्यालय में पहुंचे। जहां कर्मचारियों ने अपने वेतन व भत्ते न मिलने से संबंधित समस्याओं के बारे में अवगत करवाया। कर्मचारियों ने कहना है कि वेतन न मिलने के चलते उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। समय पर उन्हें विभाग की तरफ से वेतन जारी नहीं किया जा रहा है। जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एंबुलेंस चालकों ने बताया कि उनका वेतन दो हिस्सों में आता है, एक भाग केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत और दूसरा प्रदेश सरकार की ओर से जारी किया जाता है।

**गुहार**

**कर्मचारी कई बार अपने विभाग के अधिकारियों से गुहार लगा चुके है, कार्यालय में पहुंचे**

## कॉंग्रेस पार्टी की जिलाध्यक्षों को लेकर संगठन सृजन अभियान जारी

**चर्चा**

**नेता, विधायक, पूर्व विधायक, कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी,पंजाब से पूर्व मंत्री कुलजीत सिंह नागरा भी मुख्य रूप से मौजूद रहे**



**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहबाद मारकंडा/(प्रदीप कुमार)**

**शाहबाद** मारकंडा मेंकॉग्रेस में चल रहे संगठन सृजन अभियान की शुरूआत आज यानी शनिवार से शुरू हो गई है। जो 20 जून तक ये अभियान चलेगा। वही आज शाहबाद में बैठक आयोजित की गई। जिसमें पूरे जिले के नेता,विधायक, पूर्व विधायक, कुरुक्षेत्र जिला प्रभारी,पंजाब से पूर्व मंत्री कुलजीत सिंह नागरा भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में जहां पार्टी को मजबूत करने के किए विचार विमर्श किया गया यो वही संगठन के विस्तार को लेकर चर्चा की गई। बातचीत करते विधायक रामकरण काला ने कहा कि जिसने पार्टी के लिए कार्य किया है उसे ही जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि कॉग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने नेताओं की ड्यूटी क्या लगाई गई है कि वे ईमानदार और कर्मठ कार्यकर्ता को जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी दें। ऐसे में उन्होंने सभी नेताओं से अपील करते हुए कहा कि उसे व्यक्ति को ही जिम्मेदारी दी जाए। जिसने पार्टी के लिए ईमानदारी,निष्ठा और कर्तव्य के साथ कार्य किया है ना कि उन लोगों को जो केवल मात्र भीड़ इकट्ठे कर चर्चा में रहते हैं। भाई उन्होंने अपनी ही पार्टी के पूर्व विधायक अनिल धंतोली पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वह लोग हैं जिन्होंने इलेक्शन के दौरान किसी भी उम्मीदवार की मदद नहीं की। वे क्या पार्टी के साथ वफादारी करेंगे।

इसके साथ ही उन्होंने बीते दिन शाहाबाद क्षेत्र में हुए शराब कारोबारी की हत्या के मामले में भी सरकार को गिरा उन्होंने कहा कि ऐसी आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना सरकार की जिम्मेदारी बनती है।

इस मौके पर नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन हरीश क्वात्रा, पूर्व विधायक अनिल कुमार धंतौडी, सतनाम सिंह विर्क ,सुनीता नेहरा,सुषमा,बिमल सरोहा, मोहनलाल,जीत राम कठूवा, अर्जून सिंह, सरपंच रणजीत सिंह त्यौडी, मनीष शर्मा, जगमोहन सेठी, आदि लोग मौजूद रहे।

## जठलाना में नालों की सफाई न होने से ग्रामीणों में रोष

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर/कुलदीप सैनी) :** आगामी कुछ दिनों में बारिश के मौसम की आहट के बीच सरकार ने सभी नगर निकायों व पंचायतों को नालों व नालियों की सफाई के निर्देश जारी किए हैं, ताकि बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति से लोगों को राहत मिल सके। मगर जठलाना गांव में नालों की सफाई न होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की मुख्य सड़क के दोनों ओर बने नाले लंबे समय से गंदगी से अटे पड़े हैं, जिससे बरसात के दिनों में पानी उनके घरों और दुकानों में घुस जाता है। इससे उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीण सुरेंद्र वर्मा, सुभाष, रणबीर, पवन, रिंकू, शम्मी बत्रा, कपिल शर्मा, रामकुमार चौहान, धर्मसिंह, सतपाल, रमेश, दुष्यंत, नरेश, बृज अरोड़ा आदि ने बताया कि उन्होंने कई बार पंचायत को इस समस्या से अवगत कराया,



**रोष**

**जठलाना गांव में नालों की सफाई न होने से स्थानीय ग्रामीणों में भारी रोष देखने को मिल रहा**

लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि नाले पूरी तरह से कूड़े व सिल्ट से भर चुके हैं और अगर समय रहते सफाई नहीं हुई तो पहली ही बारिश में जलभराव की स्थिति बन सकती है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नालों की सफाई करवाई जाए, ताकि बारिश के दौरान समस्याओं से बचा जा सके। वहीं, इस बारे में जब खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी श्याम लाल से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस बारे सरपंच को निर्देश दिए जा रहे हैं और जल्द ही नालों की सफाई का कार्य शुरू करवाया जाएगा।

## थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा चोरी/लूट/स्नैचिंग की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान थाना पड़ाव में दर्ज चोरी के मामले में 13 जून 2025 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी राजिन्द्र उर्फ मद्रासी निवासी डेहा कालोनी अम्बाला छावनी जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज



दिया। इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता सरवन कुमार आसा राम सीनियर सैकेण्डरी पब्लिक स्कूल कुलदीप नगर अम्बाला छावनी जिला अम्बाला ने 5 जून 2025 को थाना पड़ाव में शिकायत दर्ज करवाई थी कि अज्ञात आरोपी ने 27 मई 2025 को कुलदीप नगर में स्थित उनके स्कूल के टयूबवैल से 150 मीटर कोर-3 तार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

## पंचायती भूमि से खैर के पेड़ चोरी

**यमुनानगर/(धर्मबीर)-** छछरौली की पंचायती भूमि से बेशकीमती खैर के पेड़ चोरी होने का मामला सामने आया है। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्तिक चौहान ने पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया है। जानकारी के मुताबिक वन विभाग के छछरौली बीट का इंचार्ज सुरेंद्र जंगल में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे पंचायती भूमि से एक वरना कार व बाइक पर 3 अज्ञात लोग दिखाई दिए। वह जब कार के पास पहुंचा तो कार से खैर की लकड़ी बरामद हुई। वहीं तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। कार की डिग्गी व पिछली सीट पर खैर के बिना छिले हुए टुकड़े बरामद हुए।

## गर्मी व हीट वेव से बचाव के लिए एहतियात बरतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आमजन से आह्वान किया कि प्रशासन की ओर से जारी की



गई एडवाइजरी की पालना करें और हीट वेव से बचे रहें। उन्होंने बताया कि हीट वेव से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी खबरों के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। गर्मी में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढककर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें,

**सावधानी बरतें**

**खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें**

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं-भले ही प्यास न लगी हो, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन), घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का मांड) नींबू पानी, छाछ आदि का सेवन कर तरोताजा रहें। पार्किंग के समय बच्चों को वाहनों में छोडकर न जाएं, उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है, नंगे पांव बाहर न जाएं, गर्मी से राहत के लिए हाथ का पंखा अपने पास रखें, काम के बीच में थोड़ा-थोड़ा विश्राम लें, खेत खलिहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन ना करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं 3 बजे के बीच धूप में सीधे ना जाएं। यदि बच्चे को उल्टी, घबराहट अथवा तेज सिरदर्द हो, सीने में दर्द हो अथवा सांस लेने में कठिनाई हो तो चिकित्सक को दिखाएं। उपायुक्त ने बताया कि बढ़ती गर्मी में वृद्ध एवं कमजोर व्यक्तियों की खास देखभाल करें, तेज गर्मी, खासतौर से जब वे अकेले हों तो कम से कम दिन में दो बार उनकी जांच करें।

## कुरुक्षेत्र में आयोजित होगी योग यात्रा : पूर्व मंत्री सुभाष सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** पूर्वमंत्री सुभाष सुधा के आवास पर पतंजलि योगपीठ की बैठक आयोजित

कुरूक्षेत्र, 14 जून। धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने जा रहे योग महाकुंभ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए 17 जून को शाम 5 बजे गुर्जर धर्मशाला से योग यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह योग यात्रा कुरुक्षेत्र के सभी प्रमुख चौक चौराहों, सेक्टरों से होते हुए जन-जन को इस योग महाकुंभ में शामिल होने का संदेश देगी। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा के आवास पर पतंजलि योगपीठ की एक बैठक का आयोजन किया



गया। इस बैठक में इस योग यात्रा को लेकर तैयारी पर चर्चा की गई। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि प्रदेश सरकार योग युक्त, नशा मुक्त और योगमय हरियाणा का निर्माण करने के उद्देश्य को लेकर आगे बढ़ रही है। इस सरकार ने युवा पीढ़ी को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहने और योग को अपनाने के प्रति जागरूक कर रही है।

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने अपने आवास कार्यालय पर पतंजलि योग पीठ, भारत स्वाभिमान, महिला पतंजलि योग समिति व पतंजलि परिवार के योग साधकों से साथ आयोजित बैठक में योग महाकुंभ, योग यात्रा की तैयारियों को लेकर चर्चा की। बैठक में 15 को होने वाली योग मैराथन के अलावा 17 को कुरुक्षेत्र में योग यात्रा शोभायात्रा को लेकर भी मंथन किया गया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कई नये कीर्तिमान स्थापित किये जाएंगे। इस महोत्सव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि और योग गुरु स्वामी रामदेव अध्यक्षता करेंगे। इस अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को योग महोत्सव बनाते हुए जन मानस को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 21 जून को अनुशासन और प्रोटोकॉल के साथ योग करके गिनीज बुक में विश्व रिकॉर्ड दर्ज करना है, इसके लिए जिला प्रशासन ने आवेदन भी कर दिया है। सभी ने मिलकर इस रिकॉर्ड को बनाने में अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान देना है।उन्होंने जिला वासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लेकर सरकार की योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा के संदेश को पहुंचाएं।

**तैयारी**

**महाकुंभ का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए 17 जून को शाम 5 बजे गुर्जर धर्मशाला से योग यात्रा का आयोजन किया जाएग**

## युवा ब्राह्मण सभा ने परशुराम चौक पर लगाई ठंडे मीठे पानी की छबील

**रादौर/(कुलदीप सैनी) :** युवा ब्राह्मण सभा द्वारा नवनिर्वाचित प्रधान उमेश शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को भगवान परशुराम चौक पर ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। भीषण गर्मी में राहगीरों को राहत देने के उद्देश्य से आयोजित इस सेवा कार्य में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



इस अवसर पर प्रधान उमेश शर्मा ने कहा कि छबील जैसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मकता और आपसी सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि युवा ब्राह्मण सभा हमेशा सामाजिक और धार्मिक कार्यों में निरंतर सक्रिय रहती है और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देती है।

सभा के अन्य सदस्यों ने भी राहगीरों को पानी पिलाकर सेवा का संदेश दिया। स्थानीय लोगों ने युवा ब्राह्मण सभा की इस पहल की सराहना की। इस मौके पर बिंदु शर्मा ,नीरज वशिष्ठ, सुमित पंडित, भरत शर्मा, शुभम शर्मा, पवन शर्मा, सक्षम शर्मा, संदीप शर्मा, पुनीत बालियान, मुकेश शर्मा, महेश ,गौरव आदि ने सेवाएं दी।

# रक्तदान जीवनदान महादान है, रक्तदान करने से किसी की जान बचाई जा सकती है : कृष्णा गहलावत

## ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है : राई विधायक गहलावत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई।** विश्व रक्तदाता दिवस पर गांव बढ़खालसा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राई हल्का विधायक कृष्णा गहलावत ने किया । शिविर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक कृष्णा गहलावत का फूल मालाओं से स्वागत किया । विधायक कृष्णा गहलावत ने रक्तदान शिविर के आयोजन पर आयोजकों की सराहना की। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा किरक्तदान महादान है, इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान जीवनदान महादान है और स्वस्थ व्यक्ति हर 3 महीने में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने से न केवल किसी की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक हो सकता है। रक्तदान करने से शरीर में नई रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है और यह हृदय रोगों के खतरे को कम कर सकता है। कार्यक्रम से पूर्व विधायक कृष्णा गहलावत ने राई गांव में ग्रामीणों द्वारा गांव के मुख्य स्टैंड के पास आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया और ग्रामीणों द्वारा हवन यज्ञ व भंडारे के आयोजन पर सराहना की । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से ग्रामीणों में धार्मिक भावना बढ़ती है वहीं आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। इसके बाद विधायक ने ग्रामीणों के सहयोग से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण रक्षा , सुरक्षा जीवन रक्षा का संदेश दिया। विधायक गहलावत ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। ग्रामीणों ने विधायक से गांव की समस्याओं के समाधान को लेकर मांग की। ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करते हुए विधायक ने अधिकारियों से मौके पर ही बात कर समस्या समाधान के आदेश दिए ।

इस मौके पर बढ़खालसा गांव के प्रधान राकेश दहिया , दिलबाग दहिया, प्रदीप दहिया, संजय, श्याम सिंह प्रधान नाथूपुर, पंकज प्रधान, रविंद्र शर्मा ,विपिन कुमार, मोनिका दहिया ,ममता सरोहा ,जयदीप ,पंडित खेमचंद, प्रदीप त्यागी, प्रमोद असावरपुर आदि मौजूद थे ।

# केंद्र की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम में दिया लक्ष्य

**कार्यशाला**

**गन्नौर के पुरखास मंडल की संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खुबडू-भांवर रोड स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में शनिवार को गन्नौर विधानसभा के पुरखास मंडल की संकल्प से सिद्धी तक कार्यक्रम के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा वरिष्ठ नेता आजाद सिंह नेहरा व विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल संजय गौतम ने की। आजाद नेहरा ने कार्यकताओं को केंद्र सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य दिया। पिछले 11 वर्षां में अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को लाभांवित करना, महिलाओं को सशक्त बनाने, युवाओं को अवसर देने और किसानों को सम्मान दिलाने से जुड़ी सभी जानकारियां लोगों तक पहुंचाएं।

देवेंद्र कौशिक ने कहा कि सभी कार्यकर्ता रोज एक घंटा संगठन को जरूर दें, क्योंकि केंद्र सरकार की कार्यों को जनता तक पहुंचना हम सभी का कर्तव्य है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री सुखबीर प्रजापति, पुरखास मंडल महामंत्री दीपक नैन, पूर्व सरपंच शकुंतला राठी, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष उमेश कुमारी, स्कूल के निदेशक राजेंद्र कोशिक आदि मौजूद रहे।

**न्यूज फ्लैश**

## गर्मी के मौसम में नदी,नहर,नालों व तालाबों में नहाने से अतीत में हुई दुखद घटनाओं को लेकर पुलिस प्रशासन ने जारी की एडवाजरी

**सिरसा..(रणबीर खटक)**...पुलिस प्रशासन ने गर्मी के मौसम में नदी,नहर,नालों और तालाबों में नहाने से अतीत में हुई दुखद घटनाओं का संज्ञान लेते हुए विशेष एडवाइजरी जारी की है । पुलिस प्रशासन ने जारी एडवाजरी में अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखें और उन्हें नदी,नहर,नाले,तालाब व स्विमिंग पूल जैसी जगहों पर जाने से रोके। युवाओं को नदी, नहर और नालों में नहाने से बचना चाहिए क्योंकि इससे छोटे बच्चों पर गलत प्रभाव पड़ सकता है । बड़े बच्चों को देखकर छोटे बच्चे भी नहाने की जिद करते हैं और तैरना नहीं आने के कारण हादसे का शिकार हो सकते हैं । नदी,नहर और नालों में नहाने से होने वाले हादसे समाज के लिए चिंता का विषय हैं । इन हादसों से न केवल परिवार को नुकसान होता है,बल्कि समाज में भी दुख और शोक की लहर फैलती है । युवाओं को नदी, नहर और नालों में नहाने से बचने के लिए सावधानी बरतनी चाहिए। नदी, नहर व नालों में नहाने से होने वाले खतरों के बारे में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है । इससे लोगों को इन जलस्रोतों के खतरों के बारे में पता चलेगा और वे अपने बच्चों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा सकेंगे । आमजन व अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है । बच्चों को भी अपने अभिभावकों की आज्ञा का पालन कर स्कूलों की छुटियों का आंनद लेना चाहिए । प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व बनता है,की यदि किसी के छोटे बच्चे को संदिग्ध परस्थितियों में घर से बाहर देखतें है,तो तुरंत उसे सुरक्षित माहौल देकर संबंधित पुलिस थाना या उसके परिजनों से संपर्क कर उन्हें अवगत करवाएं ताकि समय रहते दुखदाई घटनाओं को होने से रोका जा सके । इसके अलावा, पुलिस प्रशासन ने एडवाजरी के माध्मय से सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी नियमित गश्त के साथ-साथ नदी,नहरों,नालों और तालाबों पर भी विशेष निगाह रखें और चेतावनी बोर्ड लगवाएं । इसके अलावा नहर और नदी किनारे गाड़ियां खड़ी कर नहाने का बहाना बनाकर शराब या अन्य प्रकार के नशे का सेवन करने वालों की खोज खबर लेकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें । पुलिस प्रशासन ने ग्राम पंचायतों से आग्रह किया है कि वे अपने गांव में मुनादी करवाकर अभिभावकों से आग्रह करें कि वे अपने बच्चों की दैनिक गतिविधियों पर नजर रखें ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुखदाई घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए । पुलिस प्रशासन की विशेष एडवाइजरी का उद्देश्य बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और दुखदाई घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकना है ।

## कार सवार युवक से 7 किलो 750 ग्राम चूरा पोस्त बरामद



**सिरसा..(रणबीर खटक)...**
जिला की सीआईए सिरसा पुलिस टीम बीते दिन रानियां थाना क्षेत्र के गांव बहिया से गांव सेनपाल की तरफ जा रही थी । इस दौरान गांव सैनपाल की तरफ से सफेद रंग की एक कार आती दिखाई दी । पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त कार को रुकने का इशारा किया तो कार सवार युवक अचानक कार को वापिस मोड़ने का प्रयास करने लगा । पुलिस पार्टी ने कार सवार युवक को काबू कर भागने का कारण पूछा था कार सवार युवक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया । शक के आधार पुलिस टीम ने कार की तलाशी ली तो कार की डिग्गी में एक प्लास्टिक का कट्टा रखा हुआ मिला। पुलिस पार्टी ने मौका पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर प्लास्टिक के कट्टे को चेक किया तो उसमें से हजारों रूपए का 7 किलो 750 ग्राम चूरा पोस्त बरामद हुआ । सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर प्रेम कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक के खिलाफ थाना रानियां में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आगामी कार्रवाई हेतु जांच रानियां थाना पुलिस के हवाले की गई है । जांच जारी है जांच के दौरान नशा तस्करी के इस नेटवर्क में जो भी व्यक्ति संलिप्त पाया गया उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

# कंवारी, उगालन व थुराना के मतदाता आज चुनेंगे अपने गांव का सरपंच




**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी): कंवारी,** उगालन तथा थुराना गांव के मतदाता 15 जून, यानी आज रविवार को अपने गांव के सरपंच को चुनेंगे। चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। जिन गांवों में सरपंच पद के लिए उपचुनाव हो रहा है, वहा हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा रही है ताकि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी नहीं हो।

एसडीएम राजेश खोथ ने शनिवार उक्त जानकारी दी। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय परिसर से पोलिंग पार्टियों को मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। चुनाव कर्मियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के सफल संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाया गया।

एसडीएम ने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष, पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए तमाम आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों पर बिजली , पेयजल, रैंप, छाया इत्यादि व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की है कि वह निर्भीक होकर मतदान करें। सुरक्षा के लिहाज से मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की गई है और सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की जा चुकी है। इनके अलावा ड्यूटी मजिस्ट्रेट भी लगाए गए हैं। एसडीएम राजेश खोथ ने आगे बताया कि उगालन गांव में सरपंच पद के लिए चार उम्मीदवार चुनावी मैदान में है। यहां पांच मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस गांव में 5140 मतदाता है। कंवारी गांव में सरपंच पद के लिए चार उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। गांव में कुल 4116 मतदाता है। यहां चार मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। इसी प्रकार से थुराना गांव में सरपंच पद के लिए सात उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। इस गांव में 5510 मतदाता है। मतदाताओं की सुविधा के लिए सात मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

एसडीएम ने बताया कि पंचायत समिति के वार्ड नंबर 28 में सदस्य पद के लिए, सुल्तानपुर गांव में तीन वार्डों के पंच पद के लिए तथा ढाणा कला तथा सिसाय कालीरमन गांव में एक- एक पंच पद के लिए चुनाव होने थे। उन्होंने बताया कि इन सभी पदों के लिए सर्वसम्मति से चुनाव हो गया है।

# गुजरात विमान हादसा के मृतकों को दी श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला - मैनपाल**
गुजरात प्रांत के अहमदाबाद एयरपोर्ट पर हुए विमान दुर्घटना के कारण जो 275लोग अपनी जान गवा बैठे जिनमें भाजपा के पंजाब चंडीगढ़ प्रभारी एवं गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी जी भी शामिल थे उन सब की अचानक दुर्घटना में मृत्यु होने उपरांत आज नगर सुधार सभा जिला पंचकूला, तथा एचबी रैजीडैंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 11 पंचकूला ने अपने संबोधन में कहा कि अचानक घटित इस दुर्घटना के कारण देश-विदेश के लगभग 275 व्यक्तियों ने अपनी जान गंवाया है और हजारों परिवार दुख के समंदर में डूब गए ऐसे समय में नगर सुधार सभा जिला पंचकूला तथा एचबी रैजीडैंस वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर 11 पंचकूला का प्रत्येक कार्यकर्ता दिवंगत आत्माओं के प्रति संवेदना प्रकट करता है

# हरियाणा ग्रामीण चौकीदार ब्लाक गन्नौर के प्रधान बने सतीश कुमार



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हरियाणा ग्रामीण चौकीदार ब्लाक गन्नौर की बैठक पुरखास गांव में हुई। जिसमें चौकीदारों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार से समाधान की मांग की और नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया। जिसमें ब्लाक प्रधान सतीश कुमार, उपप्रधान राजेश, सचिव यासीन, कोषाध्यक्ष रमेश, सलाहकार नफेसिंह को चुनाव गया। नवनियुक्त प्रधान सतीश कुमार ने कहा कि एसोसिएशन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है, उसका वे ईमानदारी से निवर्हन करेंगे और एसोसिएशन के उत्थान के लिए कदम उठाएंगे। इस मौके पर जगदीप, मोहित, बिजेन्द्र, जगमन्द्र, राधेश्याम आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

# गांव धिंगतानिया में मनीष सिंगला ने जरूरतमंद बेटियों की शादी में भरा भात



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा। (रणबीर खटक)**सामाजिक सरोकारों में हमेशा अग्रणी रहने वाले समाजसेवी मनीष सिंगला ने एक बार फिर इंसानियत की अनूठी मिसाल पेश की। गांव धिंगतानिया में जरूरतमंद दो बेटियों की शादी में हारे का सहारा चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान मनीष सिंगला ने न केवल भात भरा, बल्कि एक नए जीवन की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर जेपी गुप्ता (प्रधान अग्रवाल सभा), कौशल्या वर्मा (पूर्व एमसी), कपिल वर्मा , कुलवीर (पूर्व सरपंच), हरपिंदर शर्मा, योगेश बिजारनिया, राम प्रताप, रतनलाल , सुरजाराम, भगत, पाला राम सहित अनेक ग्रामीण शामिल हुए।

मनीष सिंगला ने कहा कि ट्रस्ट की और से भात भरने की मुहिम चलाई गई थी जिसके तहत वे आज पहुंचे हैं। समाज के हर सक्षम व्यक्ति को आगे आकर इन बेटियों का सहारा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि भात भरना उनके लिए सिर्फ एक रस्म नहीं, बल्कि आत्मिक तृप्ति का माध्यम है। ह्लबेटी के आशीर्वाद से आत्मा को सुकून मिलता है,ह्व सिंगला ने भावुक होकर कहा।

उन्होंने सभी से अपील की कि समाज में बेटी को सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, वरदान समझा जाए। मनीष सिंगला ने कहा बेटियाँ पैदा नहीं होती बल्कि अवतरित होती है। नहीं तो ये सम्भव नहीं 20 साल माता पिता और पारिवार के साथ रहने के बाद एक क्षण में शादी करके दूसरे घर में जाकर खुशी खुशी इस दुनिया के निर्माण में अपना सहयोग करती है।

# शराब के नशे में घर में घुस कर पति-पत्नी को पीटा, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में शराब के नशे में कुछ व्यक्तियों ने एक घर में घुस कर पति-पत्नी के मारपीट कर दी। घायल पति ने मामले की शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में खेड़ी गुज्जर गांव के प्रकाश ने बताया कि वह और उसकी पत्नी बीरमति 9 जून की शाम घर पर अकेले थे। जब वह दूध लेने जाने लगे तो उसी समय बिजेंद्र, मोहित, बिंद्र, चिंटू, अशोक शराब के नशे में अचानक उसके घर में घुस आए और उसके व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। हमले करने के बाद आरोपित फरार हो गए।

# सांसद कोटे की धनराशि से सभी विस में हर वर्ग का ध्यान रखना है

**कार्यक्रम**

**सांसद सैलजा ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार है जबकि सरकार कांग्रेस की बनने जा रही थी**



**मंडी डबवाली/सिरसा, (रणबीर खटक)**
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश की जनता हरियाणा में कांग्रेस की सरकार देखना चाहती थी पर पता नहीं किस कारण से कांग्रेस की सरकार बनते हुए रह गई, खैर जो भी कमी रही हो उसे दूर करके फिर से अपने काम में जुट जाना है, जनता के बीच रहता जनता की सेवा करनी है क्योंकि भाजपा की इस जुमलेबाज सरकार से जनता का मोह भंग होता जा रहा है।

वे शनिवार को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास धर्मशाला एवं प्रबंध कमेटी डबवाली की ओर से चौहान नगर स्थित रविदास धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुह को संबोधित कर रही थी। इसके कार्यक्रम के बाद सैलजा ने रिक्शा यूनियन डबवाली से बातचीत की। श्री गुरू रविदास धर्मशाला में सांसद ने सबसे पहले संत रविदास की प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया। इस मौके पर संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी के प्रधान भारत नाहर और उनकी टीक की ओर से उनका स्वागत किया गया। लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं उनकी समक्ष रखी तो कुछ संस्थाओं ने उन्हें मांग पत्र सौंपा। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी की ओर से भी एक ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. के. वी. सिंह, वीरभान मेहता, प्रधान पवन गर्ग, इंद्र जैन, रणजीत सिंह पूर्व सरपंच सावंत खेडा, राकेश बब्बर, महेंद्र पाल सिंह, पूर्व पार्षद बबलू, रोहित मेहता बिज्जूवाली, शमिंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

इस मौके पर सांसद सैलजा ने कहा कि आज प्रदेश में भाजपा की सरकार है जबकि सरकार कांग्रेस की बनने जा रही थी, हमें इस बार और बेहतर काम करना है, आने वाले समय में कांग्रेस की ही सरकार बनेगी।

# सतकुम्भा धार्मिक स्थल पर पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** खेड़ी गुज्जर गांव में सतकुम्भा धार्मिक स्थल, राजकीय स्कूल बिलंदपुर, शमशान घाट में पूर्व रविदास विश्व महापीठ सुशील धानिया ने बेटी के जन्मदिन पर पौधारोपण कर उनकी देखरेख की जिम्मेदारी ली। बेटी किरण धानियां ने पौधारोपण कर संदेश दिया कि हमें अपने जन्मदिन को किसी होटल व खाना खाने की बजाया पौधारोपण करके मनाना चाहिए। अगर इसी तरह से सभी पौधारोपण करेंगे तो ग्लोबल वार्मिंग रोकने में मदद मिलेगी। पृथ्वी पर जीवन जीने के लिए पौधारोपण करना बहुत जरूरी है। सतकुम्भा धार्मिक स्थल के शास्त्री सूरज ने पौधारोपण कार्य की सराहना की। इस मौके पर महिपाल शर्मा सरपंच बिलंदपूर, उमेद, सुरेंद्र, नरेंद्र, मोहन, मनोज आदि मौजूद थे।

# विधायक विनोद भयाना ने घिराय गांव में धर्मशाला के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**
**हांसी (दिनकर गावड़ी):**
झविधायक विनोद भयाना ने कहा कि पूरे क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं ताकि लोगों को अधिक से अधिक सहूलियत मिल सके।

विधायक विनोद भयाना शनिवार को घिराय गांव में धर्मशाला भवन के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के उपरांत ग्रामीणों से रूबरू हो रहे थे। उन्होंने कहा कि इस धर्मशाला का निर्माण कार्य इसी वर्ष पूरा हो जाएगा। धर्मशाला भवन के निर्माण कार्य पर लगभग 50 लाख रुपए की धनराशि खर्च आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ब्लॉक समिति द्वारा 21 लाख रुपए की धनराशि इस भवन के प्रथम चरण के निर्माण कार्य पर खर्च की जाएगी। विधायक ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के कुछ लोग मिले थे और उन्होंने गांव के जोधा पाना में धर्मशाला भवन बनवाने की मांग रखी थी। उसी समय ग्रामीणों की मांग को स्वीकार कर लिया गया था और उन्हें आश्वस्त किया गया था कि जल्द ही धर्मशाला भवन का निर्माण शुरू करवाया जाएगा। आज इस भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ करवा दिया गया है और बहुत ही जल्द इस धर्मशाला का निर्माण कार्य पूरा करवा कर ग्रामीणों की मांग को पूरा किया जाएगा। विधायक बोले कोई और कार्य है तो बताएं, हर कार्य को करवाने के लिए करेंगे हर संभव प्रयास : धर्मशाला के निर्माण कार्य का शुभारंभ करने के बाद विधायक ने काफी समय ग्रामीणों से बातचीत की, इस दौरान लोगों ने अपनी व्यक्तिगत तथा सार्वजनिक समस्याओं को रखा। विधायक ने कहा कि लोगों द्वारा रखी जाने वाली समस्या छोटी हो या बड़ी, व्यक्तिगत हो या सार्वजनिक सभी समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि गांव के विकास को लेकर किसी और विकास कार्य की आवश्यकता है तो बताएं। गांव के लोगों द्वारा जिस भी कार्य को करवाने का दायित्व दिया जाएगा उसे पूरा करवाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर भाजपा नेता राजपाल यादव ,पंचायत समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष यादव, घिराय गांव के सरपंच प्रतिनिधि संदीप बुरा,बीडीसी सदस्य कुलदीप बुरा,रणबीर मास्टर, ईश्वर सिंह ,कैप्टन राजवीर सिंह, रामचंद्र तथा विधायक के निजी सचिव रवि अरोड़ा , रॉकी, कृष्ण कर्मवीर, दीपक सुलतानपुर तथा क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# बीएसटी आरओबी के नीचे सड़क को उखाड़ कर छोड़ा, स्थानीय लोगों को हो रही परेशानी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** बीएसटी रोड पर आरओबी के नीचे से गुजर रही सड़क पर जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा हाल ही में पेयजल आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाई गई। काम पूरा होने के बाद विभाग द्वारा सड़क को ठीक नहीं किया गया। सड़क को उखाड़कर जस का तस छोड़ दिया गया है, जिससे वहां से गुजरने वाले राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क से दो पहिया वाहनों का निकलना भी मुश्किल हो गया है। जबकि चार पहिया वाहन की आवाजाही सड़क उखड़ने के कारण बंद हो गई है। वर्षा के दौरान स्थिति और भी बदतर हो जाती है, कीचड़ और गड्ढों के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़क को मशीनों से तुड़वाया गया था। कार्य पूरा होने के बाद मरम्मत का कोई काम नहीं किया गया, जिससे वहां अस्थायी रूप से मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया। जिसके चलते सड़क अब पूरी तरह जर्जर हालत में है। कई बार दोपहिया वाहन चालक फिसल कर गिर चुके हैं। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को खासा दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# सिविल लाइन जोन चेयरमैन ने चलाया सफाई अभियान





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद व सिविल लाइन जोन के चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया, इसके अतिरिक्त नालियों पर कब्ज़ा करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए नालियों को खुलवाया गया। तो वहीं मच्छरों और डेंगू की रोकथाम करने के लिए वार्ड में दवाई का छिड़काव भी करवाया गया। इस दौरान राठौर ने कहा कि गलियों व सड़कों पर बनी नालियों पर कब्जा करने वालो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके चालान भी काटे गए। उन्होंने बताया कि बरसात का मौसम आने वाला है और मौसम के साथ ही मच्छरों से पनपने वाली बिमारियां भी दस्तक देती है, जिसको देखते हुए पूर्व से ही तैयारियां कर ली गई है। क्षेत्र की प्रत्येक गलियों में साफ-सफाई कर नालियों में मच्छर मारने वाली दवाईयों का छिड़काव किया गया है, जिससे क्षेत्रवासी गंदगी और मच्छरों से होने वाली बिमारियों से बच २सके। श्री राठौर ने बताया कि क्षेत्रवासियों का ध्यान रखना मेरा प्रथम कर्तव्य है जिसका निर्वाहन करने के लिए मैं हमेशा ही तैयार रहता हूं।

## हिट एंड रन मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली। दक्षिण पश्चिमी** जिले की वसंत कुंज साउथ पुलिस ने हिट एंड रन में मौत के मामले में वारदात के चार दिन बाद आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि पुलिस ने एनएच आठ पर शिव मूर्ति, नई दिल्ली से इफको चौक के बीच लगे सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालने के बाद जसौला इलाके से पकड़ा है। उसके पास से दुर्घटनाग्रस्त वाहन भी बरामद कर लिया गया है। आरोपित की पहचान कर्नाटक निवासी बी जिनेंद्र जैन के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, सात जून की सुबह 10 बजे एनएच आठ पर शिव मूर्ति के पास अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने की सूचना मिली। तत्काल घायल को गुरुग्राम स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया।

सफदरजंग में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 27 वर्षीय आशीष कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान वारदात स्थल के आसपास लगे व वहां से गुजरने वाले सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज खंगालकर वाहन की पहचान की गई। वाहन एस मजूमदार नामक महिला के नाम पर पंजीकृत थी।

## नरेलाः दिल्ली में भाजपा राज में विकास की गति हुई तेज, जनता भाजपा के कार्यों से खुशः त्रिपाठी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः उत्तर-पश्चिम** जिला भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के जिला अध्यक्ष अवध किशोर त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की जनता से जो वादे की किये थे, वह पूरे कर रही है ताकि दिल्ली की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



उन्होंने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में बड़ा ही अच्छा कार्य कर रहे है। यही कारण है कि देश के लोग ही नहीं, बल्कि विदेशी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों की सराहना कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा ने हमेशा ही जनहित में कार्य किया है। जिससे की जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सके। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने आगे यह भी बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा अपना रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी रक्तदान अवश्य ही करें। क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान अवश्य ही मिल सकता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लें। उन्होंने आगे बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है, इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए।

## नरेलाः दिल्ली नगर निगम द्वारा सम्पतिकर के निपटान के लिए लगाये जा रहे है कैंप

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली नगर** निगम द्वारा सम्पतिकर के निपटान के लिए एक जून 2025 से 30 सितम्बर 2025 तक सम्पतिकर निपटान योजना लाई गई है।

जिसके तहत आवसीय एवं गैर आवासीय सम्पतियों के आप वर्तमान और पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) का मूल प्रोपर्टी टैक्स राशि भुगतान करने पर वित्त वर्ष 2020-21 से पहले सभी बकाया सम्पतिकर ब्याज और जुर्माना माफ हो जाएगा। इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए नरेला जोन द्वारा सभी वार्डों में योजना सम्बंधित घोषणा की जा रही है। साथ ही करदाताओं की सुविधा के लिए सभी वार्डों में 1 से 10 जून के बीच 20 से ज्यादा कैंप लगाए गए है और भीड को देखते हुए जोन में अलग से ऑनलाईन काउंटर भी लगाया गया है। जिसके परिणाम स्वरूप कैंप और जोन में भारी भीड़ उमड रही है और अभी तक करोड़ो रूपये का कर आ चुका है। लोगों की भीड़ को देखते हुए अब कैंप को और ज्यादा मात्रा में लगाया जायेगा।

# दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ब्रह्म प्रकाश यादव की 107वीं जयंती पर कैंप का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** आनंद पर्वत इलाके के खंडेलवाल धर्मशाला में मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट की ओर से दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ब्रह्म प्रकाश यादव की 107वीं जयंती पर 85वां फ्री हेल्थ चैकअप कैंप लगाया गया। इस हेल्थ चैकअप कैंप में मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम और कलोव डेंटल रोहिणी की टीम मौजूद रही। मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान हेल्थ चैकअप कैंप में 252 लोगों ने फ्री चेकअप कराया और यहां पर आये हुए लोगों को फ्री दवाइयां और चश्मे भी वितरण किए गए। हेल्थ चेकअप कैंप में चौधरी ब्रह्मप्रकाश के नाती अगस्त्य चौधरी, सदर बाजार से विधायक सोमदत्त, पटेल नगर से प्रवेश रत्न, प्रेरणा सिंह, तरुण कुमार, मानव सेवा संस्थान ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेंद्र यादव, मनीष यादव, प्रसिद्ध समाजसेवी चेतन अग्रवाल, नीरज जैन, मनोज कंसल, संजय सिंगला, डॉ बजाज, बबलू यादव, राजिंदर शर्मा, बाबूलाल गुप्ता, आशीष शर्मा आदि सम्मिलित हुए।

## सरकार ने फीस रेगूलेशन पर कानून बनाया है तो पूरी आम आदमी पार्टी बड़े प्राइवेट स्कूलों के इशारे पर भ्रम फैला रही हैंः वीरेन्द्र सचदेवा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल एवं मनीष सिसोदिया से लेकर आतिशी मालेर्ना एवं सौरभ भारद्वाज तक पूरी आम आदमी पार्टी ने 10 साल की सत्ता के दौरान शिक्षा सुधार एवं प्राइवेट स्कूल फीस जैसे संवेदनशील मुद्दों पर घड़ियाली आंसू बहाये और आज भी कुछ बड़े प्राइवेट स्कूलों की मैनेजमेंट से सांठगांठ में हैं और उनके इशारे पर भाजपा की नवनिर्वाचित सरकार द्वारा फीस नियंत्रण कानून पर भ्रम फैला रहे हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि मनीष सिसोदिया का आज का ब्यान एक झूठ का पुलिंदा है।
सिसोदिया बतायें की यदि उनकी सरकार ने कथित शिक्षा माफिया पर कोई लगाम लगाई थी तो वो इतनी कमजोर क्यों थी की वह उनके जाते ही टूट गई। यदि कोई कानून था तो इतना कमजोर कैसे निकला, सच यह है केजरीवाल सिसोदिया सरकार ने प्राइवेट स्कूलों पर लगाम लगाने के लिए कभी कोई कानून बनाया ही नहीं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि सच यह है की



केजरीवाल के दस साल के शासन में सभी छोटे बड़े प्राइवेट स्कूलों की फीस दो से चार गुना बढ़ाई।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि यह भाजपा सरकार की स्कूल फीस पर छात्रों एवं अभिवावकों के प्रति संवेदनशीलता है की रेखा गुप्ता सरकार चार माह से कम समय में ऐसा कानून लाई है जिसके चलते कोई भी प्राइवेट स्कूल अभिवावकों की सहमति के बिना स्कूल फीस में कोई वृद्धि नहीं कर सकेंगे।
सच यह है की केजरीवाल और सिसोदिया ने प्राइवेट स्कूलों पर कोई लगाम नहीं लगाई, उनके विरूद्ध कोई कानून नहीं बनाया और आज जब भाजपा सरकार ने फीस रेगूलेशन पर कानून बनाया है तो पूरी आम आदमी पार्टी बड़े प्राइवेट स्कूलों के इशारे पर भ्रम फैला रही है।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि भाजपा सरकार ने एक संवेदनशील सरकार की तरह हर प्राइवेट स्कूल में फीस वृद्धि पर निर्णय के लिए 5 अभिभावकों सहित 11 सदस्य कमेटी बनाई है और स्कूल तभी फीस बढ़ा सकेंगे जब कमेटी एकमत होगी।
वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि बेहतर होगा की मनीष सिसोदिया बड़े-बड़े प्राइवेट स्कूलों के इशारे पर प्रोपेगैंडा करने के अपने द्वारा सरकारी स्कूलों में किये स्कूल रूम घोटाले पर ए.सी.बी. के सवालों का जवाब दें।

## मोदी के नेतृत्व में भारत बना है सशक्त भारत, समृद्ध भारतः सागर त्यागी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बुराड़ी विधानसभा** क्षेत्र में रहने वाले व मनोनित निगम पार्षद सागर त्यागी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार को बने हुए 11 वर्ष सफलतापूर्वक पूरे हो चुके है। वहीं पीएम मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार के तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष का कार्यकाल भी पूरा हो चुका है, जो कि अमृतकाल के रूप में साबित हुआ है। सागर त्यागी ने कहा कि इन बीते ग्यारह वर्षों में भारत में कई बड़े बदलाव हुए हैं और आम जन जीवन में भी बहुत बदलाव आया है। त्यागी ने



कहा कि इस अवधि में सरकार द्वारा कई अहम और ऐतिहासिक कदम उठाए गए हैं और जनता के लिए कई ऐतिहासिक योजनाएं शुरू की गई और देश प्रगति की राह पर कितना आगे बढ़ पाया है।
**11 वर्ष में सरकार ने किये कई ऐतिहासिक फैसलेः** उन्होंने कहा कि इन बीते 11 वर्ष में मोदी सरकार के ऐतिहासिक फैसलें लिए है जिन्होंने आमजन के जीवन की तस्वीर बदली। जैसे कि उज्ज्वला योजना जिसके तहत गरीब महिलाओं को मुफ़्त रसोई गैस कनेक्शन दिए गए। प्रधानमंत्री आवास योजना इस योजना से गरीबों को पक्का मकान बनाकर दिया गया। जन धन योजना, पीएम मुद्रा और स्टैंड अप योजना, किसान सम्मान निधि, पीएम कौशल विकास योजना, स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान योजना सहित ऐसी कई योजनाएं लाई है।

## फीस बढ़ाने पर अभिभावकों का विरोध प्रदर्शन, शिक्षा निदेशालय का किया घेराव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** निजी स्कूलों में फीस बढ़ोतरी से पेरेंट्स नाराज हैं, लगातार इसका विरोध कर रहे हैं। अभिभावकों ने दिल्ली जंतर-मंतर के बाहर भी विरोध किया, इसके साथ ही अपनी मांगों को लेकर पेरेंट्स हाथ में बैनर लेकर फीस बढ़ोत्तरी के विरोध में शिक्षा निदेशालय के ऑफिस भी पहुंचे थे और उसके बाद अब जंतर-मंतर पर नारे भी लगाए।
इस मामले में एडवोकेट गीत सेठी नेशनल कॉर्डिनेटर सोशल मीडिया आईसीसी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि दिल्ली में बच्चों को पढ़ाना अभिभावकों के लिए किसी जंग में भाग लेने से कम







नहीं है। उन्होंने कहा कि फीस की लूट अपने चरम पर है और भाजपा सरकार शिक्षा माफिया की ढाल बनकर खड़ी है। सेठी ने कहा कि कुछ दिन पहले एक स्कूल की घटना इसका उदाहरण है, जहां बच्चियों को स्कूल में बंद कर रखा गया और थोड़ा दिन बाद उन्हें स्कूल में घुसने तक नहीं दिया गया। सेठी का कहना है कि स्कूल प्रशासन को न तो मुख्यमंत्री का डर है और न ही सरकार का। यदि भाजपा सरकार निजी स्कूलों पर अंकुश नहीं लगाएगी, तो दिल्ली में शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगी। अगर यह मुद्दा अनसुलझा रहा तो यह आंदोलन दिल्ली से बाहर देश के अन्य हिस्सों में भी फैल सकता है।
**यूनाइटेड पेरेंट्स वॉयस की मांगः** पहली मांग है कि अध्यादेश को तत्काल स्थगित किया जाए, क्योंकि वर्तमान में लागू दिल्ली स्कूल शिक्षा नियमावली, 1973 पर्याप्त है, जिसे यदि आवश्यक हो तो संशोधित किया जा सकता है। अगर सरकार फिर भी नया बिल को लाने पर अमादा है तो तत्काल विधेयक का मसौदा पहले सार्वजनिक किया जाना चाहिए, साथ ही एक कमेटी का गठन हो जो सभी प्रमुख हितधारकों विशेष रूप से अभिभावको से सुझाव और राय ले सके। इसके साथ ही यूनाइटेड पेरेंट्स वॉयस ने मांग करते हुए कहा कि स्कूलों द्वारा किए जा रहे शोषण पर तत्काल लगाम लगाई जाए। वर्तमान शैक्षिक सत्र में सभी स्कूलों द्वारा फीस वृद्धि की कार्यवाही पर रोक का त्वरित आदेश जारी किया जाए साथ ही स्कूलों को किसी भी विद्यार्थी और उसके अभिभावक के विरोध कोई भी गैर कानूनी और कठोर कदम न उठाने के लिए भी कठोर निर्देश जारी किए जाए।

## पांच सौ मिलियन डॉलर से बनेगी मेडिकल यूनिवर्सिटी

**नई दिल्लीः मॉन्ट वर्ट** ग्रुप ने कजाकिस्तान की बिग बी कॉर्पोरेशन के साथ 500 मिलियन डॉलर लगभग 4,300 करोड़ रुपए का करार किया है। इस समझौते के तहत कजाकिस्तान में एक मेडिकल यूनिवर्सिटी और मल्टी स्पेशालिटी अस्पताल का निर्माण किया जाएगा। मॉन्ट वर्ट ग्रुप के चेयरमैन जयंतीलाल कनारिया, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज कनारिया, बिग बी कॉर्पोरेशन कजाकिस्तान के डायरेक्टर अजय भंडारी, एमआरएएम ग्रुप के डायरेक्टर महेंद्र जोशी, नितिन गुप्ता और डॉ. स्वप्नील कांबले सहित कई उपस्थित रहे।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 3-2 से हराया, अभिषेक का डबल गोल गया बेकार



**एंटवर्प।** एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपियन चरण में भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एक और करारी हार का सामना करना पड़ा। शनिवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने शानदार शुरूआत करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2-0 की बढ़त बना ली थी, लेकिन अंतिम क्वार्टर में कमजोर पड़ती डिफेंस और पेनल्टी कॉर्नर पर मिली गोलों की मार ने भारत को 3-2 से हार का स्वाद चखाया। टीम इंडिया के लिए अभिषेक (8, 35) ने दो शानदार गोल किए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एफराम्स (42), जोएल रिंटाला (56) और टॉम क्रेग (60) ने गोल कर अपनी टीम को शानदार वापसी दिलाई। भारत की शुरूआत बेहद आक्रामक रही। 8वें मिनट में मनप्रीत सिंह (जो अपने 399वें अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में खेल रहे थे) के मिडफील्ड से मिले शानदार पास को अभिषेक ने गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। दो मिनट बाद ऑस्ट्रेलिया ने पेनल्टी कॉर्नर से वापसी की कोशिश की, लेकिन गोलकीपर सूरज करकेरा ने शानदार सेव कर भारत की बढ़त बरकरार रखी। पहले क्वार्टर के अंत तक भारत ने अपनी लय बनाए रखी और ऑस्ट्रेलियाई हमलों को नाकाम किया। दूसरे क्वार्टर में भारत की रणनीति सतर्कता की रही। मनदीप सिंह द्वारा मनप्रीत को दिए गए तेज पास से भारत गोल करने के करीब पहुंचा लेकिन गोल नहीं हो सका। तीसरे क्वार्टर में ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन इसी बीच 35वें मिनट में सुखजीत सिंह के शानदार असिस्ट पर अभिषेक ने एक और गोल कर भारत की बढ़त को 2-0 कर दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 42वें मिनट में नाथन एफराम्स के गोल से खाता खोला। इसके बाद अंतिम क्वार्टर भारत के लिए चुनौतीभरा साबित हुआ। सूरज करकेरा ने कई बेहतरीन बचाव किए, लेकिन 56वें मिनट में जोएल रिंटाला ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच को बराबरी पर ला दिया। मैच के अंतिम मिनट यानी 60वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जिसे टॉम क्रेग ने गोल में बदलकर भारत को जीत से दूर कर दिया।भारतीय टीम कप्तान हरमनप्रीत सिंह की गैरमौजूदगी में लगातार पांचवीं हार का सामना कर रही है और अब उसे अपने अगले मुकाबलों में रणनीति और संयोजन पर गंभीरता से काम करने की जरूरत है।

## फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 27वें संस्करण की रौनक बढ़ाएंगे सांसद मनोज तिवारी




**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद और प्रसिद्ध अभिनेता-गायक मनोज तिवारी राजधानी दिल्ली में आयोजित होने जा रहे फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 27वें संस्करण की शान बढ़ाएंगे। यह आयोजन 15 जून को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा, जो फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीईएफआई) के सहयोग से आयोजित हो रहा है। इस कार्यक्रम में अन्य प्रमुख हस्तियों में पीईएफआई अध्यक्ष डॉ. एके बंसल (द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता और पूर्व भारतीय हॉकी कोच), 1992 एशियन मैराथन चैंपियन डॉ. सुनीता गोडारा, पीईएफआई के राष्ट्रीय सचिव डॉ. पीयूष जैन, इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज के प्रोफेसर व निदेशक (खेल) डॉ. त्रिभुवन राम नारायण और सोनिया विहार वॉटर स्पोर्ट्स क्लब सोसाइटी दिल्ली के स्विमिंग कोच मनजीत शेखावत शामिल होंगे। इस साइक्लिंग ड्राइव का आयोजन देशभर के 500 से अधिक स्थानों पर एक साथ किया जाएगा, जिसमें सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की राजधानियां, साई क्षेत्रीय केंद्र, राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र, साई ट्रेनिंग सेंटर्स, खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस और खेलो इंडिया सेंटर्स भी शामिल हैं। इस मुहिम में 15,000 से अधिक नागरिकों के भाग लेने की संभावना है। फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान की शुरूआत दिसंबर 2024 में युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा की गई थी। तब से यह अभियान देशभर में 10,000 से अधिक स्थानों पर आयोजित हो चुका है, जिसमें 3.5 लाख से अधिक लोग भाग ले चुके हैं। इससे पहले आयोजित कार्यक्रमों में भारतीय सेना के जवान, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, भारतीय रेल और लवलीना बोरगोहेन, संग्राम सिंह, नीतू घंघास, सावित्री बूरा, पेरिस पैरालंपिक पदक विजेता नितेश कुमार, मनीषा रामदास, रुबिना फ्रांसिस, सिमरन शर्मा जैसी खेल हस्तियां और राहुल बोस, अमित सियाल, शारवरी वाघ, मधुरिमा तुली और गुल पनाग जैसी फिल्मी हस्तियां भी भाग ले चुकी हैं। यह पहल युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा साइक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, माय बाइक्स और माय भारत के सहयोग से आयोजित की जाती है, जिसका उद्देश्य भारत में फिटनेस को बढ़ावा देना है।

## मेसी फीफा क्लब विश्व कप में इंटर मियामी का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक

**मियामी।** फुटबॉल महानायक लियोनेल मेसी ने कहा है कि 2025 में अमेरिका में होने वाले फीफा क्लब विश्व कप के लिए उनकी उम्मीदें पहले के मुकाबलों से अलग होंगी, जब वह बार्सिलोना की ओर से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भाग लेते थे। मेसी 2009, 2011 और 2015 में बार्सिलोना के साथ क्लब विश्व कप जीत चुके हैं। इस बार यह टूर्नामेंट विस्तारित 32 टीमों के फॉर्मेट में खेला जाएगा, जो चार सप्ताह तक चलेगा और संयुक्त राज्य अमेरिका के 11 शहरों में आयोजित होगा।

# लॉर्ड्स में शतक लगाकर ब्रैडमैन-ग्रीनीज के क्लब में शामिल हुए मार्करम, लिस्ट में अगरकर इकलौते

**लंदन :** सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम (नाबाद 102) की शतकीय पारी और तीसरे विकेट के लिए कप्तान तेम्बा बावुमा (नाबाद 65) के साथ 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका की टीम इतिहास रचने के करीब है। दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के समापन पर दो विकेट पर 213 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। जीत के लिए 282 रन का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका की टीम को चोकर्स के तमगे को पीछे छोड़ने और 27 साल में अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए और 69 रन की जरूरत है जबकि उसके आठ विकेट बचे हैं। लॉर्ड्स में शतक लगाने के साथ ही मार्करम ऑस्ट्रेलिया के महान सर डॉन ब्रैडमैन और वेस्टइंडीज के गॉर्डन ग्रीनीज के खास क्लब में शामिल हो गए। अजीत अगरकर के रूप में इस क्लब में भारत का भी एक



'कमबैक किंग' मार्करम

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में अलग-अलग चरणों में उनकी पारियां

| पारी | कितनी पारियां | रन | औसत | 50s/100s |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| पहली | 2 | 152 | 76.0 | 0/1 |
| दूसरी | 3 | 43 | 14.3 | - |
| तीसरी | 2 | 121 | 60.5 | 1/0 |
| चौथी | 3* | 266 | 88.66* | 0/2 |

खिलाड़ी है।

**आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल में किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज का पहला शतक:** मार्करम का शतक किसी आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल में किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा लगाया गया पहला शतक है। यह टेस्ट में उनका आठवां शतक रहा। मार्करम लॉर्ड्स में चौथी पारी में शतक लगाने वाले छठे बल्लेबाज (इंग्लैंड के बाहर के किसी बल्लेबाज द्वारा) बन गए। उनसे पहले ऑस्ट्रेलिया के महान ब्रैडमैन ने इंग्लैंड के खिलाफ 1938 में, वेस्टइंडीज के रॉय फ्रेडरिक्स ने इंग्लैंड के खिलाफ 1976 में, वेस्टइंडीज के ही गॉर्डन ग्रीनीज ने इंग्लैंड के खिलाफ 1984 में, भारत के अजीत अगरकर ने इंग्लैंड के खिलाफ 2002 में और ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ 2009 में यह कमाल किया था।

**किसी एक टेस्ट में शतक और विकेट लेने वाले चौथे दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी:** इसके अलावा उन्होंने एक कमाल और किया। वह इंग्लैंड में किसी एक टेस्ट मैच में शतक लगाने और विकेट लेने वाले चौथे दक्षिण



इंग्लैंड में एक ही टेस्ट में शतक और विकेट लेने वाले दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी

| खिलाड़ी | स्थल (ग्राउंड) | साल |
| --- | --- | --- |
| ब्रूस मिचेल | द ओवल | 1935 |
| ग्राहम पॉलोक | ट्रेंट ब्रिज | 1965 |
| जैक कैलिस | ओल्ड ट्रैफर्ड | 1998 |
| जैक कैलिस | द ओवल | 2012 |
| एडेन मार्करम | लॉर्ड्स | 2025 |

अफ्रीकी खिलाड़ी बन गए। उनसे पहले ब्रूस मिचेल ने 1935 में ओवल टेस्ट में, ग्रीम पोलक ने 1965 में ट्रेंट ब्रिज टेस्ट में और जैक कैलिस ने 1988 में ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट में और 2012 में ओवल टेस्ट में यह कमाल किया था। वहीं, इंग्लैंड के बाहर के किसी खिलाड़ी ने पिछली बार यह कमाल (किसी एक टेस्ट में विकेट और शतक) 2009 में किया था। तब ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क ने ऐसा किया था। मार्करम के शतक से पहले किसी आईसीसी टूनार्मेंट के फाइनल में किसी दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ पारी 61 रन की थी, जो पूर्व कप्तान हैंसी क्रोनिए ने बनाए थे।

**लॉर्ड्स में एक टेस्ट में शून्य और शतक दर्ज करने वाले नौवें खिलाड़ी:** मार्करम की बल्लेबाजी इसलिए भी खास रही, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की पहली पारी में 138 रन पर सिमट गई थी। पहली पारी में मार्करम खाता भी नहीं खोल सके थे। मार्करम लॉर्ड्स में एक ही टेस्ट में शून्य और शतक दर्ज करने वाले नौवें बल्लेबाज बन गए। साल 1980 के बाद से वह ऐसा करने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे पहले 2002 में माइकल वॉन ने भारत के खिलाफ और 2016 में मिस्बाह-उल-हक ने इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा किया था।

**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कमबैक किंग हैं एडेन मार्करम:** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में मार्करम को कमबैक किंग माना जाता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अब तक खेले गए टेस्ट में चौथी पारी में वह मौजूदा पारी को मिलाकर दो शतक लगा चुके हैं। इससे पहले उन्होंने सात साल पहले 2018 में डरबन में कंगारुओं के खिलाफ चौथी पारी में 143 रन बनाए थे। मार्करम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट की चौथी पारी में दो या इससे ज्यादा शतक लगाने वाले ग्रीम स्मिथ के बाद दूसरे दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बने। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट में तीन बार दौरान तीन पारियों में उन्होंने करीब 89 की औसत से 266* रन (आज इसमें बढ़ोतरी हो सकती है) बनाए हैं। इनमें दो शतक हैं।

## ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, स्टीव स्मिथ की अंगुली में फ्रैक्चर



**लॉर्ड्स :** ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ शुक्रवार को दाईं छोटी अंगली की चोट के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से बाहर हो गए। स्मिथ को लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा के बल्ले का किनारा लेकर निकली गेंद को पकड़ने की कोशिश में पहली स्लिप में चोट लगी। इस मैच में कई मौके पर गेंद स्लिप में खड़े फील्डर तक पहुंचने से पहले ही टप्पा खा जा रही थी। स्मिथ ऐसे में हेलमेट पहनकर विकेट से महज 14 मीटर की दूरी पर खड़े थे। मिचेल स्टार्क की 138 किलोमीटर प्रति घंटे की शॉर्ट गेंद फेंकी जो बाउमा के बल्ले का बाहरी किनारा लेते हुए तेजी से स्मिथ के पास पहुंची। गेंद उनके हाथ से टकरा कर छटक गई और वह दर्द में कराहते हुए दिखे। मैदान पर चिकित्सा मिलने के बाद वह बाहर जाते दिखे। स्मिथ चाय के बाद के सत्र में भी मैदान पर वापस नहीं आए। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा कि दाएं हाथ के बल्लेबाज को दाएं हाथ की छोटी अंगली में कम्पाउंड डिस्लोकेशन हुआ है। सीए ने कहा, ऑस्ट्रेलियाई टीम के मेडिकल स्टाफ ने मैदान पर उनका मूल्यांकन किया और एक्स-रे और आगे के उपचार के लिए उन्हें अस्पताल ले जाया गया। डिस्लोकेशन का मतलब है कि स्मिथ का वेस्टइंडीज के खिलाफ दस दिनों में शुरू होने वाले टेस्ट दौरे में खेलना संदिग्ध है। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया के लिए राहत की बात यह है कि स्मिथ ने दोनों पारियों में बल्लेबाजी कर ली है, जिसमें उन्होंने 66 और 13 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज एडेन मार्करम (नाबाद 102) की शतकीय पारी और तीसरे विकेट के लिए कप्तान तेम्बा बावुमा (नाबाद 65) के साथ 143 रन की अटूट साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में शुक्रवार को तीसरे दिन के समापन पर दो विकेट पर 213 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। जीत के लिए 282 रन का पीछा कर रही दक्षिण अफ्रीका की टीम को चोकर्स के तमगे को पीछे छोड़ने और 27 साल में अपना पहला आईसीसी खिताब जीतने के लिए और 69 रन की जरूरत है

## डब्ल्यूटीसी फाइनल की मेजबानी की भारत की उम्मीदों को लगेगा झटका?

**लंदन :** दक्षिण अफ्रीका की टीम इतिहास रचने के बिल्कुल नजदीक है। टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में अपना दबदबा बना लिया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम जीत से महज 69 रन दूर है और उसके आठ विकेट बाकी हैं। ऐसे में इस साल टेस्ट को नया चैंपियन मिल सकता है। 2021 में न्यूजीलैंड और 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने खिताब जीता था। हालांकि, पिछले दोनों फाइनल में भारतीय टीम फाइनल का हिस्सा रही थी। दो हार के बाद भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी करने की इच्छा जताई थी। हालांकि, भारत की उम्मीदों को झटका लगता दिख रहा है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह बात सामने आई है कि आईसीसी भारत में फाइनल कराने को तैयार नहीं है। आईसीसी इंग्लैंड के साथ अगले तीन



फाइनल के विंडो के लिए करार भी करने जा रहा है। **आईसीसी इंग्लैंड के समर्थन में**

टेलीग्राफ यूके की एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा और पैट कमिंस के समर्थन के बावजूद डब्ल्यूटीसी फाइनल को इंग्लैंड से बाहर स्थानांतरित करने की संभावना नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) को अगली तीन विंडो के लिए इंग्लैंड में फाइनल की मेजबानी करने के अपने इरादे के बारे में बता दिया है। उन्होंने कहा, भारत द्वारा इस शोपीस इवेंट की मेजबानी की इच्छा जताने के बावजूद इंग्लैंड क्रिकेट अगले तीन विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल्स की मेजबानी के लिए आईसीसी के साथ सहमत होने के करीब है।

**2019 में हुई थी हळउ की शुरूआत:** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2019 में शुरू हुई थी। इस दौरान दो साल के चक्र में टीमें आपस में टेस्ट सीरीज खेलती हैं। अंक प्रतिशत के आधार पर शीर्ष दो पर रहने वाली टीमें फाइनल में भिड़ती हैं। अब 2027 में अगला टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेला जाएगा। बीसीसीआई ने आईसीसी के सामने 2023 फाइनल में हार के बाद भारत में फाइनल मुकाबले आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की थी। मौजूदा आईसीसी अध्यक्ष जय शाह हैं जो बीसीसीआई में सचिव पद पर भी रह चुके हैं। जब भारत ने फाइनल की इच्छा जताई थी तो जय शाह बीसीसीआई सचिव थे। रिपोर्ट के मुताबिक, आईसीसी के हितधारकों ने इस पर चर्चा की है, लेकिन वह भारत में फाइनल कराने को सहमत नहीं दिखे। अब इंग्लैंड को अगले तीन संस्करणों (2027, 2029 और 2031) के फाइनल की मेजबानी के लिए मंजूरी मिलने की पूरी संभावना है।

## तेंदुलकर मास्टर्स ने धोनी फाइटर्स को हराया, अगस्त्य फाइटर ऑफ द मैच

**अलीगढ़ :** अलीगढ़ में महेश्वर इंटर कॉलेज के मैदान पर 13 जून को अलीगढ़ क्रिकेट एकेडमी द्वारा मेमोरियल अंडर-14 चैलेंजर ट्रॉफी का आयोजन हुआ। जिसमें तेंदुलकर मास्टर्स ने 20 ओवर में 7- विकेट पर 221 रनों का विशाल स्कोर बनाया। मोनू यादव ने 31- गेंदों में 8 चौके 6 छक्के के साथ 77- रन बनाए। आकाश कुमार ने 7 चौके, 2 छक्के के साथ 47 रन बनाए। पीयूष यादव 39- राम गुप्ता 26 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए अगम गौड़ और अगस्त्य वर्मा ने 2-2-विकेट लिए, उदय माहौर, राघव वार्ष्णेय, अंश गुप्ता ने 1-1-विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए धोनी फाइटर्स की पूरी टीम ताश के पत्तों की तरहं टीम 41 रनों पर सिमट गई। पूरी टीम 8 ओवर में 41 रनों पर ऑल आउट हो गई। 6 बल्लेबाज जीरो पर आउट हुए। स्पिन गेंदबाज तनिश कनौजिया ने 4-ओवर में 16- रन देकर 6-विकेट लिए, मोनू यादव ने 4-ओवर में 20 रन देकर 4- विकेट लिए। अगस्त्य वर्मा को फाइटर ऑफ द मैच चुना गया। अंपायरिंग दिव्य चतुर्वेदी और विष्णु बघेल ने की, स्कोरिंग कृष्णा गोयल ने की, कमेंट्री अजय शर्मा ने की। इस मौके पर राहुल वार्ष्णेय, नरेश कुमार, अजीम खान, अंकित माहेश्वरी, विशाल सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## एशियन आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप: भारतीय जिम्नास्ट प्रणति नायक ने वॉल्ट में जीता कांस्य

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरिया के जेचियोन जिमनैजियम में चल रही एशियन आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक चैंपियनशिप 2025 में भारत की प्रणति नायक ने वॉल्ट स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। शनिवार को हुए फाइनल में 30 वर्षीय प्रणति ने 13.466 स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में चीन की यिहान झांग ने स्वर्ण और वियतनाम की गुयेन थी क्विन्ह न्हु ने रजत पदक जीता। वहीं भारत की ही एक और प्रतिभागी प्रतिष्ठा सामंता 13.016 स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं। यह कांस्य पदक प्रणति नायक के एशियाई चैंपियनशिप करियर का तीसरा पदक है। उन्होंने इससे पहले 2019 (उलानबातार) और 2022 (दोहा) में भी वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इसके साथ ही उन्होंने दीपा करमाकर के दो पदकों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए भारत की ओर से इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा पदक जीतने वाली जिम्नास्ट बन गई हैं। इस साल मार्च में भी प्रणति ने तुर्की के अंताल्या में हुए आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक अप्परैटस वर्ल्ड कप में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

## हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू - तिवारी

**खेल भावना**

हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और दूसरे खिलाड़ियों का सम्मान करना चाहिए: तिवारी



**पानीपत , ( कमाल हुसैन ) उत्तरी** क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत द्वारा आपके द्वार कार्यक्रम के तहत दादा कालू पीर स्टेडियम गगसीना में वॉलीबॉल का एक मैत्री मैच खेला गया। बेस्ट ऑफ थ्री के इस रोचक मुकाबले में गगसीना ने उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन को 3 सैटो के मुकाबले में 2-1 से हराया। जिसमें शैलेश कुमार तिवारी कार्यकारी निदेशक उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। तिवारी ने उपस्थित खिलाड़ियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हार और जीत एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। हमें हार के बाद निराश नहीं होना चाहिए अपितु हार के बाद जीतने के लिए परिश्रम करनी चाहिए। ताकि आने वाले समय में होने वाली प्रतियोगिताओं में हम जीत दर्ज कर सकें। उन्होंने कहा कि हमें खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए और दूसरे खिलाड़ियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि असली भारत गांवों में बसता है। हरियाणा के खिलाड़ी बच्चे खेल मैदान पर अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन कर देश के लिए मेडल प्राप्त कर रहे हैं। स्टेडियम में पहुंचने पर कार्यकारी निदेशक शैलेश कुमार तिवारी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और कहा कि भविष्य में हम इस स्टेडियम में और भी पौधारोपण करेंगे। गांव में पहुंचने पर ग्राम पंचायत और खेल समिति दादा कालू पीर गगसीना द्वारा तिवारी को बुक्के और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन पानीपत और गगसीना के मध्य खेला गया बेस्ट ऑफ थ्री का मैत्री मैच बड़ा ही रोचक रहा। पहले सैट में गगसीना ने 25 के मुकाबले 23 प्वाइंटों से उत्तरी क्षेत्रीय पाइपलाइन को मात दी। दूसरे सैट में पाइपलाइन ने गगसीना को 25 के मुकाबले 22 प्वाइंटों से हराया जबकि तीसरे सैट में गगसीना ने पाइपलाइन को 25 के मुकाबले 21 प्वाइंटों से हराकर मैत्री मैच ट्रॉफी पर अपना कब्जा कर लिया। उनके साथ पाइपलाइन से मुख्य महाप्रबंधक शरद अग्रवाल, महाप्रबंधक विशाल गोरख, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, सरपंच प्रतिनिधि सुमित संधु, पूर्व सरपंच जगरुप संधु, ब्लॉक समिति सदस्य राकेश कुमार, दलबीर सिंह, बजिंद्र, सुरेंद्र, वॉलीबॉल कोच जसबीर सिंह, सुखबीर सिंह

## भारतीय फुटबॉल में विवाद जारी, प्रमुख चौबे ने भूटिया पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली :** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने शुक्रवार को बाईचुंग भूटिया पर अपने निहित स्वार्थ के लिए व्यावसायिक अकादमियां चलाने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय टीम के पूर्व कप्तान ने हालांकि इन आरोपों को निराधार बताया। चौबे का यह आरोप हाल ही में एएफसी एशियाई कप क्वालाफाइंग दौर के मैच में हांगकांग से भारत की चौंकाने वाली हार के बाद भूटिया द्वारा एआईएफएफ प्रमुख के पद से इस्तीफा मांगने के जवाब में था। भूटिया ने कहा था कि चौबे ने भारतीय फुटबॉल को नष्ट कर दिया है। चौबे से जब भूटिया की



टिप्पणियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, वह अपने नाम से एक व्यावसायिक फुटबॉल स्कूल चलाते हैं। वह 20 विभिन्न शहरों में हैं। इस फुटबॉल स्कूल में खिलाड़ी 1000 से एक लाख रुपये तक का भुगतान करते हैं। उनसे एक हजार से 10000 रुपये तक महीना लिया जाता है। चौबे बाइचुंग भूटिया फुटबॉल स्कूल (बीबीएफएस) का जिक्र कर रहे थे, जिसकी देश भर में कई अकादमियां हैं। एआईएफएफ अध्यक्ष ने कहा, यह पूरी तरह से निहित स्वार्थ है, पूरी तरह से व्यावसायिक है। वे (अकादमी) परिवारों की भावनाओं, लोगों की भावनाओं के साथ खेलकर अनुचित लाभ उठा रहे हैं। लोग सोचते है कि उस व्यक्ति ने भारतीय फुटबॉल के उच्चतम स्तर पर पहुंच बनाई है और अगर मैं (अकादमी में बच्चा) उनकी अकादमी का हिस्सा बन सकता हूं, तो मैं भी एक फुटबॉल खिलाड़ी के रूप में अपना जीवन बना सकता हूं। भूटिया ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि चौबे को इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि अकादमी कैसे चलाई जाती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने फुटबॉल स्कूल अपनी मेहनत की कमाई से खोले हैं। भूटिया ने सिक्किम से पीटीआई से कहा, वह (चौबे) ऐसे व्यक्ति हैं जिनके पास जानकारी का आभाव है। वह बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। उन्हें फुटबॉल अकादमी के बारे में कुछ भी नहीं पता। मैंने 14 साल पहले अपनी मेहनत की कमाई से फुटबॉल स्कूल खोले हैं। राज्यों, केंद्र और कॉरपोरेट्स से कोई वित्तीय सहायता नहीं मिली। उन्होंने कहा, पिछले दो सालों में बच्चों की मदद के लिए केवल कुछ ही प्रायोजक आए हैं। देश भर में मेरे स्कूलों में हर दिन 6000 से अधिक बच्चे खेलते हैं। एआईएफएफ भी ऐसा नहीं कर सकता।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 15 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# परीक्षा सकुशल संपन्न कराने को तैयार किये अभेद्य चक्रव्यूह

- मुख्यमंत्री योगी की सीधी मॉनीटरिंग से देश की सबसे बड़ी परीक्षा में शुमार पुलिस भर्ती परीक्षा पूरे देश में एक मॉडल बन गयी।
- प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम, कोषागार की व्यवस्था की गई थी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2023 परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और सकुशल संपन्न कराने के लिए राज्य सरकार अभेद्य चक्रव्यूह ने नकल माफिया और साल्वर गैंग के मंसूबों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया था। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की अहम भूमिका रही थी। इसके जरिये परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली को रोकने में लिए पुख्ता इंतजाम किये गये थे। इसके अलावा न केवल प्रश्नपत्रों की सुरक्षा को मजबूत किया गया था, बल्कि उनकी गोपनीयता भी सुनिश्चित की गई थी। सरकारी प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी की सीधी मॉनीटरिंग से देश की सबसे बड़ी परीक्षा में शुमार पुलिस भर्ती परीक्षा पूरे देश में एक मॉडल बन गयी। अब देश के दूसरे राज्य भी



यूपी के इसे अपना रहे हैं। पुलिस सिपाही भर्ती (60,244) की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए आधुनिक तकनीक का भरपूर प्रयोग किया था। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिये 15 हजार प्रश्नों का एक विशाल प्रश्न बैंक तैयार किया, जिसे परीक्षा के दौरान रैंडमाइजेशन किया गया था। प्रश्नपत्रों को गोपनीय चिन्हों से सुरक्षित किया गया और मल्टी-लेयर पैकेजिंग की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न हो सके। योगी सरकार के मजबूत सुरक्षा उपायों ने नकल माफियाओं के मंसूबों

**धांधली पर रोक**

- परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली को रोकने में लिए पुख्ता इंतजाम किये गये थे

को विफल कर दिया और पुलिस भर्ती परीक्षा को एक सफल और निष्पक्ष आयोजन में तब्दील कर दिया। वहीं, प्रश्नपत्रों में प्रश्नों को तीन कैटेगरी में बांटा गया था। परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया था। इसके तहत सभी परीक्षा केंद्रों पर एआई सक्षम सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। प्रश्न पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम, कोषागार की व्यवस्था की गई थी, जिसे सीसीटीवी और जीपीएस से लैस किया गया था।

## सरकार चलाएगी भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन

**लखनऊ।** जल संकट की चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार एक व्यापक जन अभियान की शुरूआत करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भूगर्भ जल संरक्षण कैंपेन के तहत पहली बार पूरे प्रदेश में बच्चों, शिक्षकों, आम नागरिकों, एनजीओ और विभिन्न स्टेकहोल्डर्स की सहभागिता के साथ राज्यव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार ने इस अभियान के लिए चार महीने का विस्तृत लक्ष्य तय किया है। इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में जल संसाधनों के प्रति दीर्घकालिक चेतना विकसित कर भूजल स्तर में सुधार लाना है। जल संचय को समाज में प्रोत्साहित कर भविष्य की जल आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक ठोस कदम माना जा रहा है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पहली बार उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 300 भूजल रैलियों का आयोजन किया जाएगा। जिनमें स्कूली बच्चों और शिक्षकों की विशेष भागीदारी होगी।

## अयोध्या की सुरक्षा और होगी पुख्ता

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रामनगरी अयोध्या को स्मार्ट और सुरक्षित शहर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। अयोध्या नगर निगम ने योगी सरकार की स्मार्ट सिटी पहल के तहत एक महत्वाकांक्षी मास्टर प्लान तैयार किया है, जिसके अंतर्गत इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड सेंटर (आईसीसीसी) स्थापित किया जाएगा। इस परियोजना के लिए 56 करोड़ रुपये की लागत से अयोध्या और फैजाबाद में 1000 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। योगी सरकार के नियोजन विभाग ने इस योजना को मंजूरी दे दी है और जल्द ही इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। पुलिस विभाग के सहयोग से शहर के संवेदनशील और प्रमुख स्थानों पर ये कैमरे स्थापित किए जाएंगे, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

# मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन एलिवेटेड पथ का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ का मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर और परसा बाजार में स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा इस पथ का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। न्यूबाईपास एवं आस-पास में लगनेवाले जाम से राहगीरों को मुक्ति मिलेगी तथा इससे समय की भी बचत होगी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने निमार्णाधीन जीरोमाइल मसौढ़ी (एसएच-1) पथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने जीरोमाइल मसौढ़ी पथ के निर्माण कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और अधिकारियों को कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

**सहूलियत**

- मुख्यमंत्री ने कहा इस पथ का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी

# राज्यपाल ने कार्य संस्कृति में नए मानक स्थापित करने पर दिया बल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने शनिवार को नैनीताल राजभवन में कार्यरत समस्त कार्मिकों एवं उनके परिजनों के लिए परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने कार्मिकों व उनके परिवारजनों से भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। इस अवसर पर राज्यपाल ने राजभवन में लंबे समय से सेवाएं दे रहे कार्मिकों को सम्मानित करते हुए उनके समर्पण और कार्यनिष्ठा की सराहना भी की। राज्यपाल ने कहा कि राजभवन के अधिकारी और कर्मचारी केवल कार्यरत कार्मिक नहीं, बल्कि एक परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि परिवार के किसी भी सदस्य की समस्या उनकी अपनी समस्या है, और उसका समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हाल ही में 125 वर्ष पूरे कर चुके राजभवन की गरिमा, भव्यता और सौंदर्य को बनाए रखने में अधिकारियों और कर्मचारियों का योगदान सराहनीय है। राज्यपाल ने उपस्थित कार्मिकों से आग्रह किया कि वे अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, अनुशासन और ईमानदारी से करें, क्योंकि राजभवन जैसी प्रतिष्ठित संस्था में लापरवाही और शिथिलता के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य में उत्कृष्टता को लक्ष्य बनाते हुए हमें कार्य संस्कृति में नए मानक स्थापित करने चाहिए।



## राज्यपाल से पद्मश्री साह ने की भेंट, पर्यावरण संरक्षण पर हुई बातचीत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से शनिवार को नैनीताल राजभवन में प्रसिद्ध छायाकार एवं प्रकृति प्रेमी पद्मश्री अनूप साह ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, हिमालय की संवेदनशीलता, बच्चों में प्रकृति के प्रति रुचि जगाने और हिमालयी क्षेत्र की विशेषताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। राज्यपाल ने अनूप साह की फोटोग्राफी के माध्यम से हिमालय और पर्यावरण की सुंदरता उजागर कर जन जागरूकता के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे लोगों से प्रेरणा लेकर बच्चों को आरंभ से ही प्रकृति, वन्य जीवन और जैव विविधता के प्रति संवेदनशील बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की हिमालयी संपदा, वन्य जैव विविधता व प्राकृतिक सौंदर्य हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें अगली पीढ़ी तक सुरक्षित पहुंचाना आवश्यक है। चर्चा में इस बात पर भी सहमति बनी कि विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर से ही हिमालयी क्षेत्रों की भौगोलिक व जैविक विशिष्टताओं, पर्यावरणीय चुनौतियों और संरक्षण की व्यवहारिक जानकारी दी जानी चाहिए। हिमालयी जीवनशैली से जुड़े फोटोग्राफिक दस्तावेजों की जानकारी भी दी।

# मुख्यमंत्री ने हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल (आईटीबीपी) के हिमाद्री ट्रैकिंग अभियान-2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभियान न केवल साहस और संकल्प का प्रतीक है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों की सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना में दिवंगत हुए सभी यात्रियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आईटीबीपी के वीर जवानों, अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि आईटीबीपी का 45 सदस्यीय दल इस अभियान के अंतर्गत उत्तराखंड से हिमाचल प्रदेश होते हुए लद्दाख तक लगभग 1032 किलोमीटर की कठिन यात्रा करेगा। यह अभियान न केवल सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों की निगरानी सुनिश्चित करेगा, बल्कि धार्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों की पहचान तथा स्थानीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने में भी सहायक सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह गर्व का विषय है कि वीरभूमि उत्तराखंड से बड़ी संख्या में सेना और अर्धसैनिक बलों में सेवा करने वाले वीर जवान देश की रक्षा में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत-तिब्बत सीमा पुलिस बल, वर्ष 1962 से लगातार देश की सीमाओं की रक्षा के साथ-साथ आपदाओं के समय भी राहत व बचाव कार्यों में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

**सांस्कृतिक**

- यह अभियान सामरिक सुरक्षा और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है



## राजस्थान से किशोरी बरामद, आरोपित युवक

**मीरजापुर।** राजगढ़ थाना क्षेत्र की एक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने वाले आरोपित युवक को पुलिस ने राजस्थान के धौलपुर से गिरफ्तार कर लिया। किशोरी को भी सकुशल बरामद कर शुक्रवार की रात मीरजापुर पुलिस लौटी और आवश्यक विधिक प्रक्रिया पूरी कर शनिवार को दोनों को न्यायालय में पेश किया। थानाध्यक्ष महेन्द्र पटेल ने बताया कि राजगढ़ क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी को किसी बात को लेकर डांट दिया था। इससे नाराज किशोरी ने घर छोड़ दिया।

## नकदी के साथ चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**जालौन।** उरई कोतवाली पुलिस और एसओजी टीम ने संयुक्त कार्रवाई में दुकानों से चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने शनिवार को बताया कि आरोपित राहुल परिहार ग्राम गुढ़ा, थाना डकोर का रहने वाला है। फिलहाल वह उरई के राजेंद्र नगर में रह रहा था। उसे पुलिस टीम ने मोदी ग्राउंड के पास से पकड़ा है। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह दुकानों में ग्राहकों की भीड़ का फायदा उठाकर गल्ले और बैग से पैसे चुरा कर फरार हो जाता था।

# एमपी के भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे शाह

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में शनिवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग के लिए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचे। जहां राजा भोज हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनका स्वागत किया। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, ह्लकेंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का राजा भोज की नगरी भोपाल आगमन पर आत्मीय स्वागत किया। आपके प्रवास से हम सभी को सदैव जनसेवा के लिए नई ऊर्जा प्राप्त होती है। भाजपा के इस प्रशिक्षण वर्ग में सभी 201 सांसद एवं अन्य विधायक प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। उक्त वर्ग राष्ट्रीय स्तर का है।



# हीर एक्सप्रेस' का टीजर लॉँच, दिलों को छूने आ रही है एक साफ-सुथरी पारिवारिक फिल्म, दिविता जुनेजा का दमदार डेब्यू

- भावनाओं, रिश्तों और संगीत से सजी एक नई पारिवारिक कहानी है 'हीर एक्सप्रेस'
- 'ओह माय गॉड' और '102 नॉट आउट' जैसी हिट फिल्में देने वाले उमेश शुक्ला के निर्देशन में बनी है 'हीर एक्सप्रेस'
- 'जी म्यूजिक कंपनी' पर लांच होते ही 'हीर एक्सप्रैस' का टीजर सोशल मीडिया पर हो गया वायरल

**मुंबई, 10 जून।** ट्यूलिप एंटरटेनमेंट और दिविसा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी पारिवारिक फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' का टीजर आज भव्य रूप से 'जी म्यूजिक कंपनी' पर लांच किया गया। लांच के कुछ ही घंटों में यह टीजर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है और फिल्म इंडस्ट्री में में उत्सुकता का माहौल बना चुका है। फिल्म का निर्माण मैरी गो राउंड स्टूडियोज और क्रिएटिव स्ट्रोक्स ग्रुप के सहयोग से हुआ है। निर्देशन की कमान संभाली है राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और 'ओह माय गॉड' एवं '102 नॉट आउट' जैसी सराही गई फिल्मों के निर्देशक उमेश शुक्ला ने। वहीं फिल्म के निमार्ता है उमेश शुक्ला, आशीष वाघ, मोहित छाबड़ा और संजय ओवर। 'हौर एक्सप्रेस' एक साफ सुथरी पारिवारिक फिल्म है, जो इमोशंस, रोमांच, हास्य और संगीत का सुंदर समागम प्रस्तुत करती है। यह फिल्म हर वर्ग के दर्शकों के लिए एक ऐसा अनुभव लेकर आती है, जो दिल को छू जाएगा और लंबे समय तक याद रहेगा।

फिल्म से विएटर बैकग्राउंड की कलाकार विविता जुनेजा अपना सशक्त डेब्यू कर रही हैं। कथक और शास्त्रीय संगीत में यक्ष विविता, पहले कई म्यूज़िक वीडियो में अपने अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं और अब सिनेमा में अपनी अलग पहचान बनाने को तैयार हैं। दिविता के साथ नजर आएंगे प्रीत कमानी, जिनका आकर्षण, सहज अभिनय और चुलबुला अंदाज यूथ आडियंस में खासा लोकप्रिय है।

फिल्म की स्टारकास्ट में शामिल हैं बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता आशुतोष राणा, गुलशन ओवर, संजय मिश्रा और मेघना मलिक, जिनके अभिनय की गहराई और अनुभव फिल्म को एक सशक्त आचार प्रदान करते हैं। इसके अलावा लंदन के भी कई जाने-माने कलाकार इस फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभा रहे हैं। फिल्म की शूटिंग लंदन की खूबसूरत और प्रतिष्ठित लोकेशनों पर की गई है। टीम ने जुनून और समर्पण के साथ लंबे-लंबे शेडकूल पूरे किए। इमोशनल सीन्स से लेकर से सजी एक नई पारिवारिक हल्के-फुल्के मोमेंट्स तक, हर फ्रेम में एक सिनेमैटिक सौंदर्य और भावनात्मक गहराई है, जो दर्शकों को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अनुभव देगा।

फिल्म का संगीत इसकी आत्मा है। इसमें कुल 6 गाने हैं, जिनका संगीत दिया है तनिष्क बागची, एवी सरा, जेरी सिंह और सकार सिंह ने। इन गीतों को आवाज दी है लोकप्रिय गायकों जावेद अली, निकिता गांधी, नक्काश अजीज और जसबीर जस्सी ने। संगीतकारों और गायकों की इस शानदार टीम ने फिल्म के हर गाने को इम्वेशन्स और मेलोडी से भरपूर बनाया है। गाने रोमांस, विरह, उमंग और रिश्तों दमदार डेब्यू की संवेदनाजों को बड़े ही खूबसूरती से स्थति हैं। टीजर लॉँच के साथ ही फिल्म को भारत के टॉप फिल्म विश्लेषकों और एंटरटेनमेंट प्लेटफार्म्स ने भी कवर किया। जिनमें तरन आदर्श, कोमल नाहटा, वायरल गयानी, मानव मंगलानी, वरिंदर चावला, योगेन शाह, कूम्पला, जूम टीवी, फिल्मफेयर, जौर फिल्मीक्षान प्रमुख है। सोशल मीडिया पर भी 'हीर एक्सप्रेस' हैशटैग ट्रेंड कर रहा है। और दर्शकों की प्रतिक्रिया बेहद उत्साहजनक रही है। फिल्म के जोनर को लेकर भी लोग अपने-अपने क्यास लगा रहे हैं। परंतु इतना तो साफ है कि 'हीर एक्सप्रेस' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक भावनात्मक यात्रा है, जो दर्शकों को हँसाएगी भी, रुलाएगी भी और साथ ही संगीत के माध्यम से ऊनके दिल को छू लेगी। एक लंबे समय के बाद दर्शको को एक ऐसी फिल्म मिलने जा रही है, जो पूरे परिवार के साथ बैठकर देखी जा सकती है वो भी बिना किसी शिक्षक के। पह फिल्म 8 अगस्त को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




**संकल्प सभा** *बीते 11 वर्षों में देश की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 29 करोड़ लोग अब गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं*

# 'ऑपरेशन सिंदूर' से दुनिया ने देखी भारत की सैन्य ताकत : डॉ. राजीव

**टीम एक्शन इंडिया**

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के सुलह विधानसभा क्षेत्र के दरंग, डरोह और पुड़वा में शनिवार को संकल्प से सिद्धि तक, विकसित भारत संकल्प सभा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया, जबकि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और सुलह से विधायक विपिन सिंह परमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोकसभा सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में देश की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लगभग 29 करोड़ लोग अब गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं और बीपीएल योजनाओं पर निर्भर नहीं रहे हैं। उन्होंने इसे सामान्य वर्ग की ओर बढ़ता एक बड़ा परिवर्तन और उपलब्धि बताया। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि मोदी सरकार के पहले देश में गरीबी दर 27.96 प्रतिशत थी, जबकि हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय संस्था के सर्वेक्षण में यह घटकर मात्र 5.6 प्रतिशत रह गई है।

यह मोदी सरकार के सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष परिणाम है। उन्होंने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने पहले भाषण में कहा था कि उनकी सरकार गांव, गरीब और विकास को समर्पित होगी और बीते 11 वर्षों में उन्होंने इसे धरातल पर उतारकर दिखाया है। सांसद ने देश की सैन्य शक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि हालिया 'ऑपरेशन सिन्दूर' इसका प्रमाण है, जिसमें भारत ने बिना दुश्मन की सीमा में प्रवेश किए ही 25 मिनट में पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। यह नया भारत है जोकि सशक्त, आत्मनिर्भर और स्वाभिमान से परिपूर्ण है।

